3 | राजधानी
बुजुर्ग महिला को बंधक बना चार करोड़ की लूट

6 | प्रादेशिकी
योग को पेटेंट कराना चाहते हैं कई देश

10 | विदेश
यूक्रेन से दस लाख लोगों को निकाला गयाः लावरोव

11 | स्वास्थ्य
आपकी दृष्टि नष्ट कर सकता है तनाव

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 173
नई दिल्ली, रविवार, 1 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



धोनी को फिर मिली चेन्नई सुपर किंग्स की कमान

स्पोर्ट्स-12

# न्याय देने की प्रक्रिया में तेजी लाएंः मोदी

- कहा, जेल में बंद 3.5 लाख विचाराधीन कैदियों के लिए जरूरी
- प्रधानमंत्री मोदी ने न्यायालयों में स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल पर जोर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मुख्यमंत्रियों और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से न्याय देने की प्रक्रिया को और तेज करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे जेल में बंद 3.5 लाख विचाराधीन कैदियों को जल्द न्याय मिलेगा। साथ ही उन्होंने न्यायपालिका पर से बोझ को कम करने के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया को बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया।

मोदी ने स्थानीय भाषा का इस्तेमाल बढ़ाने की सलाह देते हुए कहा कि कानूनी प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए जिससे आम आदमी भी इस प्रक्रिया को समझ। इसके अलावा उन्होंने टेक्नोलॉजी का और इस्तेमाल करने पर भी बल दिया। साल 2016 के बाद आज एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीशों के साथ बैठक की। इस बैठक में भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना के अलावा 25 हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और कानून मंत्री भी मौजूद थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहाँ स्थानीय लोगों का विश्वास जीतने के लिए स्थानीय भाषा के प्रयोग पर अपनी बात रखी।

वहीं सीजेआई ने इस बैठक में जनहित याचिका का मुद्दा उठाया और बताया कि कैसे आज जनहित की जगह इसका इस्तेमाल निजी स्वार्थ के लिए हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हमें अदालत में लोकल भाषाओं को बढ़ावा देने की जरूरत है। इससे देश के नागरिकों का न्याय प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और वो खुद को उससे जुड़ा हुआ महसूस कर पाएँगे।' पीएम ने कहा, 'देश में 3.5 लाख कैदी अंडर ट्रायल हैं। इनमें से अधिकांश लोग गरीब या सामान्य परिवारों से हैं। इनके मसले को निपटाने पर जोर दिया जाए। मैं सभी मुख्यमंत्रियों और हाईकोर्ट के जजों से इस पर ध्यान देने की अपील करता हूँ।' जजों और मुख्यमंत्रियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि भारत सरकार भी न्याय व्यवस्था में तकनीक की संभावनाओं को डिजिटल इंडिया मिशन का हिस्सा मानती है। इसीलिए ई-कोर्ट प्रोजेक्ट को आज मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। उन्होंने आम आदमी और कानून पेचीदिगियों का मुद्दा उठाया।

वह बोले- '2015 में हमने करीब 1800 ऐसे क़ानूनों को चिन्हित किया था जो अप्रासंगिक हो चुके थे। इनमें से जो केंद्र के कानून थे, ऐसे 1450 क़ानूनों को हमने खत्म किया। लेकिन, राज्यों की तरफ से केवल 75 कानून ही खत्म किए गए हैं।' जजों और मुख्यमंत्रियों से 39वीं कॉन्फ्रेंस है। इससे पहले 38वीं कॉन्फ्रेंस का आयोजन साल 2016 में हुआ है और और उसके बाद साल 2022 में इसका आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू भी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने कहा, यह प्रोग्राम सरकार और न्यायपालिका के बीच ईमानदार और रचनात्मक बातचीत का अनूठा मौका है। इससे लोगों को ठोस न्याय दिलाने में मदद मिलेगी।'

## कार्यकापालिका और विधायिका के चलते लंबित मामलों की भरमारः प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण ने शनिवार को सरकारों को सबसे बड़ा वादी करार दिया और कहा कि 50 प्रतिशत लंबित मामलों के लिए वे जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका और विधायिका की विभिन्न शाखाओं के अपनी पूरी क्षमता के साथ काम नहीं करने के कारण लंबित मामलों का अंबार लगा हुआ है। प्रधान न्यायाधीश ने कार्यपालिका द्वारा न्यायिक आदेशों की अवहेलना से उत्पन्न अवमानना मामलों की बढ़ती संख्या का उल्लेख किया और कहा कि न्यायिक निर्देशों के बावजूद सरकारों द्वारा जानबूझकर निष्क्रियता दिखाना लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश ने मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन में भारतीय न्यायपालिका के सामने प्रमुख समस्याओं जैसे लंबित मामले, रिक्तियां, घटते न्यायाधीश-जनसंख्या अनुपात और अदालतों में बुनियादी ढांचे की कमी को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य के तीन अंगों - कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका - को अपने कर्तव्यों



का निर्वहन करते समय लक्ष्मण रेखा के प्रति सचेत रहने की याद दिलाई। उन्होंने सरकारों को आश्वस्त किया कि न्यायपालिका कभी भी शासन के रास्ते में नहीं आएगी, अगर यह कानून के तहत चलता है तो।

न्यायमूर्ति रमण ने कहा, हम लोगों के कल्याण के संबंध में आपकी चिंताओं को समझते हैं। उन्होंने कहा कि सभी संवैधानिक प्राधिकारी संवैधानिक आदेश का पालन करते हैं, क्योंकि संविधान तीनों अंगों के बीच शक्तियों के पृथक्करण, उनके कामकाज के क्षेत्र, उनकी शक्तियों और जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से प्रावधान करता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह एक अच्छी तरह से स्वीकार किया गया तथ्य है कि सरकारें सबसे बड़ी वादी हैं, जो लगभग 50 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने उदाहरण दिया ( शेष पेज 8 )

# शाओमी इंडिया के 5,551 करोड़ ईडी ने किए जब्त

- चीनी मूल की कंपनी पर है फेमा कानून के उल्लंघन का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** की मोबाइल विनिर्माता कंपनी शाओमी के बैंक खातों में जमा 5,551 करोड़ रुपए की राशि को भारत के विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) नियमों का उल्लंघन करने के मामले में जब्त कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी के बयान के बाद शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि देश में उसके परिचालन में स्थानीय नियम-कानूनों का सख्ती से पालन किया जाता है। निदेशालय ने यह कार्वाई शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ की है।

शाओमी इंडिया भारत में एमआई ब्रांड के तहत मोबाइल फोन की बिक्री एवं वितरण करती है। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि चीन के शाओमी समूह के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी शाओमी इंडिया के बैंक खातों में पड़ी 5,551.27 करोड़ रुपए की राशि प्रवर्तन निदेशालय ने जब्त कर ली है। फेमा कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत यह धन जब्त किया गया है। शाओमी के प्रवक्ता ने इस पर जारी एक बयान में कहा कि भारत के लिए प्रतिबद्ध ब्रांड होने के नाते हमारे सभी परिचालनों में स्थानीय नियमों एवं कानूनों का कड़ाई से पालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों के आदेश का हमने ध्यान से अध्ययन किया। हमारे रॉयल्टी भुगतान और बैंक को दिए गए विवरण वैध और सत्य हैं। शाओमी इंडिया ने जो रॉयल्टी ( शेष पेज 8 )

## ईडी ने जैकलीन फर्नांडीज की 14 करोड़ की संपत्ति की अटैच

- जबरन वसूली मामले में आरोपी सुकेश चंद्रशेखर पर कार्रवाई

**पायिनयर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुकेश** चंद्रशेखर के जबरन वसूली सिंडिकेट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की 7.12 करोड़ रुपये की फिक्स डिपॉजिट सहित 7.27 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से संलग्न किया है।

ईडी द्वारा की गई जांच में पता चला कि सुकेश लोगों को ठगने के लिए स्पूफिंग कॉल से संपर्क कर रहा था क्योंकि उनके फोन पर दिखाई देने वाले नंबर सरकारी अधिकारियों के थे और उन्होंने एक सरकारी अधिकारी होने का दावा किया जो लोगों को धन के बदले मदद करने की पेशकश कर रहा था। इसी तरह सुकेश चंद्रशेखर ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह से खुद को केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय कानून सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी और कनिष्ठ अधिकारी बताकर संपर्क किया और उनसे पार्टी फंड में योगदान के बहाने एक साल की अवधि में 200 करोड़ रुपये से अधिक की जबरन वसूली की। जांच में पता चला कि उक्त व्यक्ति ठग सुकेश चंद्रशेखर था, जो जेल अधिकारियों की मिलीभगत से दिल्ली के सेंट्रल जेल से अपने अवैध रंगदारी ( शेष पेज 8 )

# पटियाला हिंसाः तीन वरिष्ठ पुलिस अफसरों का तबादला, तीन आरोपी गिरफ्तार

- नगर में जनजीवन हो रहा समान्य

**भाषा।** पटियाला

**पंजाब** सरकार ने खालिस्तान विरोधी मार्च को लेकर दो समूहों के बीच झड़प के एक दिन बाद शनिवार को एक पुलिस महानिरीक्षक समेत तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया। वहीं, सुरक्षा बलों के कड़े पहरे के साथ पटियाला में जनजीवन सामान्य हो रहा है।

पुलिस ने शुक्रवार को हुई घटना के संबंध में दर्ज छह प्राथमिकियों में अभी तक 25 आरोपियों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। राज्य के गृह मामलों तथा न्याय विभाग ने सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं को निलंबित कर दिया था। राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार ने तत्काल प्रभाव से पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पटियाला रेंज, पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक का



पटियाला में शिवसेना (बालठाकरे) के नेता हरीश सिंगला को कोर्ट में पेशी के लिए ले जाती पुलिस

तबादला कर दिया।

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुखविंदर सिंह चिन्ना को पटियाला का नया महानिरीक्षक (आईजी-पटियाला रेंज) नियुक्त किया गया है जबकि दीपक पारिक पटियाला के नए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ( शेष पेज 8 )

## कार्यालय किराए के मामले में दिल्ली-एनसीआर एशिया प्रशांत में नौवें स्थान पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रमुख** कार्यालय स्थलों के किराए के मामले में दिल्ली-एनसीआर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नौवें स्थान पर है। यहां ऐसे स्थलों का सालाना किराया 60.1 डॉलर प्रति वर्गफुट है। अंतरराष्ट्रीय संपत्ति परामर्शदाता कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने वर्ष 2022 की पहली तिमाही के लिए एशिया-प्रशांत प्रमुख कार्यालय किराया सूचकांक जारी किया है। इसमें क्षेत्र के 23 शहरों में किराए की जानकारी जुटाई गई है। इस सूचकांक के मुताबिक, हांगकांग 186 डॉलर प्रति वर्गफुट किराए के साथ पहले स्थान पर है। 105 डॉलर प्रति वर्गफुट किराए के साथ सिंगापुर दूसरे स्थान पर, 101.2 डॉलर के साथ टोक्यो तीसरे स्थान पर, 98.6 डॉलर के साथ सिडनी चौथे स्थान पर और 84.8 डॉलर प्रति वर्गफुट किराए के साथ बीजिंग पांचवें स्थान पर है। नाइट फ्रैंक ने कहा, हांगकांग एशिया का सबसे महंगा कार्यालय बाजार बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर नौंवा सबसे महंगा बाजार है जहां किराया 62 डॉलर प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष (376 रुपए प्रति ( शेष पेज 8 )

# जनरल मनोज पांडे ने थलसेना प्रमुख के तौर पर पदभार संभाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जनरल** मनोज पांडे ने शनिवार को जनरल एमएम नरवणे के सेवानिवृत्त होने के बाद 29वें थलसेना प्रमुख के तौर पर पदभार संभाल लिया। उप थलसेना प्रमुख के तौर पर सेवाएं दे चुके जनरल पांडे बल की इंजीनियर कोर से सेना प्रमुख बनने वाले पहले अधिकारी बन गए हैं। एक फरवरी को थल सेना का उप-प्रमुख बनने से पहले वह थल सेना की पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे थे। इस कमान पर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा की जिम्मेदारी है।

जनरल पांडे ने ऐसे समय में थल सेना की कमान संभाली है, जब भारत चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर चुनौती सहित असंख्य सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सेना प्रमुख के रूप में, उन्हें थिएटर कमांड को तैयार करने की सरकार की योजना पर नौसेना और वायु सेना के साथ समन्वय करना होगा। भारत के पहले



जनरल मनोज पांडे ने जनरल एमएम नरवणे से सेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत थिएटर कमांड तैयार करने पर काम कर रहे थे, जिनका पिछले साल दिसंबर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। सरकार ने अभी नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त नहीं किया है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे अपने करियर के दौरान अंडमान निकोबार कमान के प्रमुख के तौर पर भी काम कर चुके ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों को जरूरत के मुताबिक मिलेगी आपूर्तिः सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिजली** की बढ़ती मांग के बीच केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में बिजली वितरण कंपनियों को जरूरत एवं मांग के मुताबिक बिजली मिलती रहेगी। बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों को आपूर्ति करने वाले संयंत्रों एवं अन्य संयंत्रों में कोयला स्टॉक की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह बात कही। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान सिंह ने कहा कि दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों को उनकी मांग के मुताबिक बिजली मिलेगी। बैठक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी और डीवीसी को जरूरत के हिसाब से दिल्ली को बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सूत्रों के मुताबिक बैठक में कहा गया कि दिल्ली में बिजली आपूर्ति की कोई किल्लत नहीं है। दिल्ली की सारी जरूरत पूरी की जा रही है। शुक्रवार को दिल्ली में बिजली की ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,060 | |
| निफ्टी | 17,102 | |
| सोना | 51,627 | /10g |
| चांदी | 65,207 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नगालैंड में एनपीएफ के 21 विधायक एनडीपीपी में गए

**कोहिमा।** नगालैंड में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम में नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के 21 विधायक शुक्रवार को मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) में शामिल हो गए। एनडीपीपी के प्रवक्ता एम आर जमीर ने कहा कि एनपीएफ के इन विधायकों के दल बदलने के बाद पार्टी के पास 60 सदस्यीय विधानसभा में अब 42 विधायक है। एनपीएफ के पास पहले 25 विधायक थे। विधानसभा में एनपीएफ के पास अब चार विधायक है जबकि भाजपा के पास 12 और दो निर्दलीय विधायक है। विधानसभा अध्यक्ष शरिंगेन लॉन्गकुमार ने 21 एनपीएफ विधायकों के पार्टी बदलने के फैसले को स्वीकार कर लिया है। प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होना है और दो दिन पहले एनपीएफ अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा था कि उनकी पार्टी राज्य में अकेले चुनाव लड़ेगी, इसके बाद विधायकों ने यह कदम उठाया है।

## चार किशोरों का यौन शोषण करने में पादरी को 18 साल की जेल

**भाषा।** कोल्लम

**केरल** की एक अदालत ने पांच साल पहले कोल्लम जिले में एक विद्यालय के चार किशोरों का यौन शोषण करने के मामले में एक पादरी को 18 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने चेन्नई स्थित एसडीएम विद्यालय के सदस्य फादर थॉमस पारेकुलम (35) को कोट्टाराक्कारा क्षेत्र के पुथूर में भारतीय दंड संहिता की धारा 377 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धाराओं के तहत दर्ज मामले में शुक्रवार को दोषी पाया। घटना के समय सभी पीड़ित किशोर 16 वर्ष के थे और जिले के पुल्माला में एक विद्यालय के छात्र थे, जहां आरोपी रेक्टर के रूप में काम कर रहा था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो), के. एन. सुजीत ने पादरी ( शेष पेज 8 )

# नेहरू, एडविना के निजी पत्र सार्वजनिक नहीं किए जाएंगे

- ब्रिटिश न्यायाधिकरण ने दिया निर्णय, नेहरू, माउंटबेटन एवं एडविना द्वारा लिखी गईं निजी डायरी तथा पत्रों के कुछ खास अंश गोपनीय बने रहेंगे

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** के एक न्यायाधिकरण के फैसले के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और भारत के अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन एवं उनकी पत्नी एडविना द्वारा लिखी गईं निजी डायरी तथा पत्र के कुछ खास अंश गोपनीय बने रहेंगे। न्यायाधिकरण के समक्ष दायर अपील का केंद्र बिंदु यह था कि क्या इन निजी डायरी और पत्रों को पूर्ण रूप से सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध



कराया जा सकता है या नहीं? ब्रिटेन की फर्स्ट-टियर ट्रिब्यूनल (सूचना अधिकार) की न्यायाधीश सोफी बकले को इन निजी डायरी के कुछ गोपनीय हिस्से और 1930 के दशक के दौरान के पत्रों के बारे में फैसला करना था।

न्यायाधीश सोफी ने हाल में निष्कर्ष निकाला था कि साउथहैंप्टन विश्वविद्यालय के व्यापक संग्रह में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को भेजे गए लेडी माउंटबेटन के ( शेष पेज 8 )

# पिछले 122 वर्षों में सर्वाधिक गर्म रहा अप्रैल

- मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम, मध्य भारत में मई में भी नहीं मिलेगी राहत

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अप्रैल के महीने में सन 1900 के बाद से अधिकतम तापमान क्रमशः 35.9 डिग्री सेल्सियस और 37.78 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जानाकरी के अनुसार यह अप्रैल देश के लिए अब तक का चौथा सबसे गर्म था।

आईएमडी ने कहा कि मई माह का अनुमान जारी करते हुए कहा कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं लग रही है। भारत के उत्तर-पश्चिम और मध्य भागों में



अमृतसर में भयानक लू के चलते सिर को ढककर बाहर निकल रहे हैं लोग

सामान्य से अधिक और न्यूनतम तापमान जारी रहेगा। इसका मतलब है कि लोगों को न केवल गर्म दिनों का सामना करना पड़ेगा, बल्कि मई में रातें भी सामान्य से अधिक गर्म रहने की संभावना है। संभावना है कि इस साल मई के दौरान अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को छू सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकतर हिस्सों में मई के महीने में रात में भी गर्मी महसूस होगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में इस साल अप्रैल पिछले 122 वर्षों में सबसे अधिक गर्म रहा, जहां औसत अधिकतम तापमान क्रमशः 35.9 डिग्री सेल्सियस और ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली में कल गरज के साथ छीटें पड़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में शनिवार को भी लू का प्रकोप जारी रहा और शहर में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो औसत से पांच डिग्री अधिक है। हालांकि, मौसम विभाग ने सोमवार और बुधवार को आंधी और गरज के साथ छीटें पड़ने का पूर्वानुमान जताया है, जिससे दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। आईएमडी के अधिकारियों ने कहा, रविवार को भी लू चल सकती है। विभाग के मुताबिक, दिल्ली ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 1 मई 2022



निगम कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# 900 करोड़ रुपए आय और 1367 करोड़ के व्यय का बजट पास

## टैक्स वसूली को प्रत्येक जोन में तैनात होंगे चार-चार कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में चालू वित्त वर्ष का मूल बजट और कई अन्य प्रस्ताव भी कार्यकारिणी में पेश किया गया। कार्यकारिणी में चालू वित्त वर्ष 2022-23 का बजट पास कर दिया गया। बजट के दिए गए आंकड़ों के मुताबिक रिजर्व में निगम के पास 517 करोड़ है। चालू वित्त वर्ष के लिए नगर निगम ने करीब 900 करोड़ रुपए की आय और 1367 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया।

नगर निगम के डाटा के मुताबिक राजस्व से 285 करोड़ लाइसेंस से 1 करोड़ 30 लाख विक्रय से करीब 3 करोड़ किराया से करीब एक करोड़ 14 लाख आदि कुल मिलाकर 900 करोड़ 58000 की आय दर्शाई गई। जबकि व्यय के तौर पर नगर निगम इस बार सार्वजनिक निर्माण पर 189 करोड़ों रुपए, जल संभरण और निस्तारण पर 84 करोड़ प्रकाश पर 19 करोड़ 70 लाख, स्वास्थ पर 164 करोड़, उद्यान पर 35 करोड़ और संपत्ति परिवर्तन आदि पर 23 करोड़ आदि कुल मिलाकर 1367 करोड़ 80 लाख रुपए व्यय का प्रस्ताव रखा गया है।

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई। जिसमें सबसे पहले बजट पर चर्चा की गई। हाल ही में एक कंपनी द्वारा किए गए सर्वे के बाद लोगों को मिल रहे गलत नोटिस पर भी चर्चा हुई। इसमें नगर आयुक्त ने कहा की फइनल नोटिस तब ही जारी किया गया जाएगा जब नगर निगम संतुष्ट होगा। इसके अलावा कार्यकारिणी ने डीएम सर्किल रेट के हिसाब से हाउस टैस बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की। कार्यकारिणी का कहना था कि इस प्रस्ताव पर चर्चा बोर्ड में कराई जाए। इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण एक और प्रस्ताव पास हुआ। जिसमें कहा गया कि बिना बजट सील के किसी भी विकास के कार्य को तब ही कराया जाएगा जब उस पर बजट सील लागू होगी।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक नगर निगम के पास पैसा होगा तब तक ही विकास कार्य कराए जाएंगे। अगर पैसा नहीं होगा तो विकास कार्य नहीं कराए जाएंगे। हालांकि इमरजेंसी के काम जारी रहेंगे। टैक्स की वसूली के टारगेट को हासिल करने के लिए प्रोजेट मैनेजमेंट यूनिट तैनात की जाएगी। इसके तहत प्रत्येक जोन में चार-चार कर्मचारी तैनात होंगे। जीआईएस सर्वेयर कंपनी मैसर्स यूनिकॉम्पलेक्स टैक्नोलोजी द्वारा करीब पौने तीन लाख के सापेक्ष करीब दो लाख संपत्तियों की खोज करने का डेटा पेश किया गया। नए सर्वे के हिसाब से करीब 5 लाख 80 हजार प्रॉपर्टी से टैक्स वसूला जाएगा। टॉयलेट की बाहरी दीवार का विज्ञापन में लिए उपयोग करने का प्रस्ताव कार्यकारिणी में पेश किया गया। नेहरू नगर स्थित ऑडिटोरियम और रमतेराम रोड़ स्थित व्यवसायिक कॉम्पलैस को लीज रेंट पर देने, डीएम सर्किल रेट के हिसाब से टैक्स रोपित करने का प्रस्ताव भी कार्यकारिणी में पेश किया गया।

निगम की वर्किंग को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट पार्किंग सिस्टम डवलपमेंट करने का प्रस्ताव भी पेश किया गया। निगम के कर्मचारियों के आवास का हाउस, वॉटर और सीवर टैक्स माफ करने, 175 विकास कार्यों के प्रस्ताव, पार्क और ग्रीन बैल्ट को आम जनता की भागीदारी से विकसित करने, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए कुछ कर्मचारी ठेके पर रखने, डिस केबिल ऑपरेटर्स के लिए लाइसेंस अनिवार्य होने जा रहा है। इसके लिए वार्षिक 5000 से 7000 रूपय निगम लेकर लाइसेंस जारी करेगा।

# 24 घंटे में 7 छात्र समेत 68 लोग मिले कोरोना संक्रमित

## स्वास्थ्य विभाग सजग, 334 सक्रिय मरीजों का घर पर ही चल रहा है इलाज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद में शनिवार को 24 घंटे में 3862 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट आने पर सात छात्रों समेत 68 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें पांच की उम्र दो से 12 वर्ष, चार की 13 से 20 वर्ष, 28 की 21 से 40 वर्ष, 20 की 41 से 60 वर्ष और 11 संक्रमितों की उम्र 60 वर्ष अधिक है। बीते 24 घंटे में संक्रमण दर 1.73 प्रतिशत दर्ज की गई है। 41 संक्रमित ठीक हुए हैं। 334 सक्रिय मरीजों का इलाज घर पर ही चल रहा है।


अब तक 69 स्कूलों के 28 अध्यापकों समेत 146 छात्र संक्रमित मिल चुके हैं। अप्रैल में अब तक जिले के 98374 लोगों की जांच करने पर 734 कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से 400 ठीक हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को गाजियाबाद में 24 घंटे में 4160 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट आने पर आठ छात्रों समेत 50 लोग कोरोना संक्रमित मिले थे। कोरोना संक्रमण बढ़ने के साथ ही रोकथाम और संक्रमितों के इलाज को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिले के छह सरकारी और एक निजी कोविड अस्पताल में एक व दो मई को माकड्रिल किया जाएगा।

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करते हुए माकड्रिल के लिए नोडल अधिकारी नामित कर दिए हैं। सीएमओ ने बताया कि संतोष अस्पताल में होने वाले माकड्रिल के लिए डा नीरज अग्रवाल को, संयुक्त अस्पताल के लिए डा सुनील त्यागी, ईएसआइ राजेंद्र नगर के लिए डा प्रदीप यादव, सीएचसी डासना के लिए डा दिनेश मोहन सक्सैना, सीएचसी मुरादनगर के लिए डा आरके गुप्ता, सीएचसी मोदीनगर के लिए डा जीपी मथुरिया और सीएचसी लोनी के लिए डा प्रदीप यादव को नोडल नामित किया गया है।

माकड्रिल के दौरान संक्रमित को भर्ती करने और उसका इलाज किए जाने का रिहर्सल होगा। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में अब तक जिले के 95238 लोगों की जांच करने पर कोरोना के 666 कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से 357 ठीक हो चुके हैं।

जिला सर्विलांस अधिकारी डा आरके गुप्ता ने बताया कि रोज तीन से पांच हजार लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। जिला एमएमजी, जिला महिला और संयुक्त अस्पताल में जांच के लिए विशेष बूथ शाम तक संचालित किए जा रहे हैं। तीनों अस्पतालों की इमरजेंसी में भी कोरोना जांच का इंतजाम है।

उधर, निजी विद्यालयों द्वारा स्कूल वाहनों को लेकर लापरवाही लगातार जारी है। डीपीएसजी मेरठ रोड की बस में शुक्रवार को क्षमता से अधिक बच्चों को बस में बैठाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी तीन दिन में जवाब मांगा है। हाल ही में शिक्षा विभागए प्रशासन व



परिवहन विभाग की बैठक में विद्यालयों को विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी मामलों की देखभाल के लिए एक परिवहन समिति एवं सुरक्षा समिति के गठन के निर्देश दिए थे।

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि डीपीएसजी मेरठ रोड के खिलाफ क्षमता से अधिक बच्चे बस में बैठाने की शिकायत मिली थी। बस में सीट पर निर्धारित से ज्यादा बैठने के साथ बच्चे खड़े होकर जा रहे थे। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए स्कूल को नोटिस जारी कर तीन दिन में कार्यालय में लिखित में स्पष्टीकरण मांगा है।

## सेक्टर-27 में बाइक सवारों ने झपटी चेन

**नोएडा।** शहर के सेक्टर-27 में शनिवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने पैदल जा रहे राहगीर की सोने की चेन झपट ली और भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर.20 थाना पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार संजीव कुमार बरनवाल सेक्टर.27 में रहते हैं। वह शनिवार सुबह सेक्टर.27 बी ब्लॉक के पास से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन तोड़ ली। जब तक वह कुछ समझ पाते, तब तक बाइक सवार बदमाश भाग चुके थे।

घटना के बाद उन्होंने सेक्टर.20 थाना पुलिस को सूचना दी। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी की है और पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस बदमाशों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# सगाई के दौरान दोस्त पर कर दी फायरिंग, दो युवक जख्मी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- शराब पीने के दौरान हुई थी दो पक्षों में बहस

गुरुवार देर रात को बादलपुर क्षेत्र में एक सगाई समारोह में दो युवकों के गोली मारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के मुताबिक, सगाई समारोह में कई युवक बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष ने तमंचे से फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक युवक के पेट में गोली लगी है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है जबकि दूसरे के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को अच्छेजा गांव के रहने वाले चमन शर्मा के बेटे की सगाई थी कार्यक्रम बादलपुर कोतवाली के पास कृष्णा फार्म में कार्यक्रम चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक, कार्यक्रम में अच्छेजा गांव के रविंद्र, जितेंद्र बादलपुर के विकास और गौरव समेत सात लोग शराब पी रहे थे। इसी दौरान विकास आदि की रविंद्र से बहस हो गई। बहस के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

# नोएडा से 27 खिलाड़ी स्टेट हॉल्ट के लिए चयनित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- सबसे अधिक परिषदीय स्कूलों के छात्र

शासन के आदेश खेल विभाग की तरफ से 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका के लिए मंडल स्तरीय छात्रावास के ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें गौतमबुद्ध नगर के 27 बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का प्रदेश स्तर पर विभिन्न खेलों के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे।

चयन होने बाद खिलाड़ियों को छात्रावास की सुविधा प्रदेश सरकार की तरफ से मुहैया कराई जाएगी। जिले में पहली बार छात्रावास के ट्रायल में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे बच्चों ने कब्जा जमाया



है। बच्चों के चयन प्रकिया के बाद खेल विभाग तैयारियों में जुटा गया है।

जिला क्रीड़ाधिकारी अनीता नागर ने बताया कि शासन के आदेश पर मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 15 अप्रैल को जिला स्तर पर मंडल स्तरीय छात्रावास के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 250 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

उन्होंने बताया कि जिले से करीब 70 खिलाड़ी मंडल स्तर के ट्रायल के लिए गए थे। मेरठ में हुए ट्रायल में जिले के 27 खिलाड़ियों का प्रदेश स्तर के लिए हुआ है। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे बच्चे सबसे अधिक हैं। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर के लिए 27 खिलाड़ियों का क्रिकेट, कबड्डी बालक और बालिका वर्ग, एथलेटिक्स बालक और बालिका वर्ग और जिमनास्टिक में चयन हुआ है।

सभी खिलाड़ी अब आगरा, सहारनपुर, अमेठी, बनारस और कन्नौज में होने वाले प्रदेश स्तर के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



भीषण गर्मी से बचने के लिए सिर पर दुपट्टा ओढ़कर जातीं युवतियां।

### सवारियों से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर कार में लिफ्ट देकर सवारियों से लूट करने वाले बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है। बदमाश की पहचान राहुल उर्फ अजय निवासी मछलीशहर जिला जौनपुर के रूप में हुई है। वह वर्तमान में दिल्ली के त्रिलोकपुरी में रह रहा था। कब्जे से चोरी की स्कूटी, तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं। बदमाश पर दिल्ली, फरीदाबाद, कानपुर देहात व नोएडा में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दावा किया है कि बदमाश अलग-अलग जिलों में 100 से अधिक वारदात को अंजाम दे चुका है।

# खुशी गोस्वामी की शादी में आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

## वर्ष 2019 में बहन के विवाह में नहीं आए थे, इस बार पत्र लिखकर दिया भरोसा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर के सेक्टर-40 में रहने वाली खुशी गोस्वामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चहेती हैं, दरअसल खुशी एक प्रोफेशनल सिंगर हैं वो अब तक प्रधानमंत्री से तीन बार मिल चुकी हैं। खुशी ने प्रधानमंत्री को राखी भी बांधी है। हाल ही में परीक्षा पर चर्चा के दौरान वो तीसरी बार मोदी से मिली थी।

मूल रूप से मथुरा के बरसाने की रहने वाली खुशी का परिवार बरसाने राधा रानी मंदिर के पुजारी हैं। कई सालों से परिवार के साथ नोएडा में रह रही है उनकी मां ग्रेटर नोएडा के एक निजी स्कूल में अध्यापिका है। उनके पिता की कोरोना के दौरान जॉब चली गई है, खुशी प्रोफेशनल सिंगर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने भी प्रस्तुति दी है। खुशी अपनी सिंगिंग का लोहा कई जगह मनवा चुकी हैं। वह केंद्र सरकार के कई प्रोग्रामों में गाना गाकर परफ ॉर्मर्स दे चुकी है। साथ ही देश के कई बड़े रियलिटी शो में भी पार्टिसिपेट कर चुकी है।



खुशी की बहन की शादी 2019 में हुई थी उस दौरान खुशी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बहन की शादी में आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री ने भी खुशी के पत्र का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने पत्र में लिखा कि वह 2019 लोकसभा चुनाव में व्यस्तता के कारण उनकी बहन की शादी में नहीं आ पाए है, लेकिन खुशी की शादी में जरूर आएंगे।

खुशी बताती है कि वह 6 साल की उम्र से सिंगिंग कर रही है शुरुआती दिनों में वह घर में ही अपनी मां से सिंगिंग सीखते सीखते स्टेज पर गाना शुरू किया। धीरे.धीरे सिंगिंग की तरफ लगाव बढ़ता गया उसके बाद कई रियलिटी शो जैसे इंडियन आईडल सारेगामापा में भी पार्टिसिपेट किया। खुशी के परिवार के लोग बरसाना राधा रानी मंदिर का पुजारी है। इसीलिए बचपन से ही खुशी को भजन गाने का शौक है। वह भारत सरकार के योगा दिवस के थीम सॉन्ग को भी गा चुकी हैं।

# रुपए देने के छह साल बाद भी नहीं मिला प्लॉट, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेवानिवृत्त के बाद पुलिस अधिकारी ने घर बनाने का सपना देखा और दो भूखंड लेने के लिए पूरा पैसा दे दिए, लेकिन छह साल बाद भी भूखंड नहीं मिले। पैसा वापस मांगा तो वह भी नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित अदालत की शरण में गया। अदालत ने बीटा.2 थाना पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पाई-1 निवासी पीड़ित पीके धसमाना ने अदालत को बताया कि पुलिस की नौकरी से सेवानिवृत्त के बाद 2015 में एक परियोजना में दो भूखंड बुक कराए थे। ये परियोजना गाजियाबाद निवासी देवेंद्र बंसल की है।

पीड़ित ने बताया कि देवेंद्र ने बताया था कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास पुलिस सेवा के कर्मचारियों के लिए हिमवीर रेजीडेन्सी में कम कीमत पर भूखंड बेचे जा रहे हैं। पीड़ित ने अक्टूबर.2018 में 11.25 लाख रुपये देकर दो प्लॉट बुक कराए थे। इसके बाद पीड़ित ने देवेंद्र के खाते में जून 2016 में 20 लाख रुपए और ट्रांसफर किए।

## पासपोर्ट कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** अपनी मांगों को लेकर देश के सभी पासोपोर्ट कर्मचारियों ने लंच समय में जमकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी पिछले कई दिनों से अपने कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर काम कर रहे थे। प्रदर्शन के साथ चेतावनी भी दी गई है कि यदि जल्द मांगे नहीं मानी गई तो कर्मचारी काम बंद हड़ताल भी करने को मजबूर होंगे। ऑल इंडिया पासपोर्ट स्टाफ एसोसिएशन गाजियाबाद शाखा के अध्यक्ष दीपक चंद्र, सचिव नरेश कुमार व उपाध्यक्ष माजिद अली ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से कई मांगे लंबित हैं।

# गलत गृहकर निर्धारण में सुधार का मौका

## जांच के बाद एक माह में सही किया जाएगा बिल : नगर आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम के सभी 100 वार्ड में जीआईसी सर्वे कराया गया। इस सर्वे के बाद शहर में दो लाख नई संपत्ति गृहकर के दायरे में आ गई हैं। अभी तक 3.70 लाख करदाता थे। इनकी संख्या बढ़कर अब 5.70 लाख हो गई। सर्वे के बाद जिन दो लाख संपत्ति पर टैक्स लगाया गया उनमें से ज्यादातर के पास गलत बिल के नोटिस भेज दिए गए। महापौर और पार्षदों ने जीआईसी सर्वे पर सवाल खड़े कर डाले। नगर आयुक्त ने सदन को बताया कि गलत गृहकर निर्धारण में सुधार का मौका दिया जाएगा।

महापौर आशा शर्मा ने बताया कि गृहकर से वंचित संपत्ति का जीआईसी सर्वे के बाद पता चल सका। लेकिन उन्होंने इस सर्वे पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि निगम ने खुद अपने सर्वे में दो लाख संपत्ति होने का पता किया था जो गृहकर से वंचित थी। जीआईसी सर्वे में गृहकर लगाने के लिए संपत्ति की संख्या बढ़नी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि लगभग 25 लाख की आबादी वाले शहर में केवल 5.70 लाख करदाता हैं। यह संभव ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जीआईसी सर्वे घर पर बैठकर ही कर लिया गया। लोगों के पास जान बूझकर गलत बिल भेजे जा रहे हैं। एक ही भूखंड के अलग.अलग रकम के बिल जारी किए जा रहे हैं। यह ठीक नहीं है। कहा कि सर्वे करने वाली कंपनी के खिलाफशासन को पत्र लिखा जाए। नगर आयुक्त ने सदन को बताया कि जिन लोगों के पास गलत बिल पहुंचे हैं उनका फिर से कर निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए आपत्ति देनी है। जांच के बाद एक माह में बिल ठीक करा दिया जाएगा।



सेक्टर-58 थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार तस्कर।

# 6.66 लाख रुपए की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- फरार तीन साथियों को तलाश रही पुलिस

सेक्टर 58 थाना पुलिस ने शुक्रवार रात को सेक्टर 62 से एक चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 6.66 लाख रुपये की चरस बरामद की है जबकि उसके तीन साथी फरार हो गए। उनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि रात को थानाक्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच चेकिंग के दौरान चार संदिग्ध नजर आए। पुलिस नाका देखने के बाद चारों भागने लगे तभी पुलिस को उन पर शक हो गया। पुलिस ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके तीन साथ मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बिहार के नालंदा स्थित रानीसराय निवासी जोनसर कुमार के रुप में हुई है। आरोपी पिछले काफी समय से सेक्टर 62 नवादा गांव में रहता है। पुलिस ने आरोपी से 2 किलो चरस बरामद की है।

थाना प्रभारी का कहना है कि चरस की कीमत बाजार में करीब 6.66 लाख रुपये है। आरोपी ने बताया कि वह नोएडा में चरस की तस्करी करता है। सोशल मीडिया के माध्यम से ऑर्डर लेकर सप्लाई करता है। आरोपी ने अपने तीन साथियों रिंकू, मोनू व पवन बताए हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



बृजेश राय हत्याकांड मामले में गिरफ्तार आरोपी।

# बृजेश राय हत्याकांड मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के गार्डन गैलरिया मॉल हत्याकांड में शामिल पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी मॉल के लॉस्ट लेमन बार के अंदर बाउंसर का काम करता था। बीते दिनों पुलिस ने बार में काम करने वाले हत्याकांड से जुड़े सात 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनमें से दो आरोपी पुलिस द्वारा फरार बताए गए थे। ऐसे में अब पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस द्वारा बृजेश राय हत्याकांड में शामिल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले की काफी सख्ती के साथ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी लापरवाही नहीं बरती जा रही है। अब पुलिस ने इस हत्याकांड से जुड़े एक और आरोपी रोहित तंवर को गिरफ्तार कर लिया है।

यह लॉस्ट लेमन बार के अंदर बाउंसर का काम करता था। यह आरोपी हत्याकांड के बाद से ही फरार था। पुलिस ने जिसे अब गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस अभी एक और फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

# पेरिफेरल पर टोल कर्मचारी के साथ युवकों ने की मारपीट

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को तलाश रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- टोल ना देने को लेकर हुआ था विवाद

शनिवार को ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे के टोल प्लाजा पर टोल न देने को लेकर हुए विवाद हो गया। यह विवाद देखते ही देखते हाथापाई में तब्दील हो गया। पूरी घटना दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा की है, जहां कुछ युवकों ने टोल बूथ में घुसकर कर्मचारी के साथ मारपीट की है। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


जानकारी के मुताबिक, शनिवार की दोपहर बुलंदशहर नंबर की एक कार टोल प्लाजा पर रुकी। गाड़ी से उतरकर एक युवक ने टोल प्लाजा के



दादरी थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा बूथ पर हुए विवाद के बाद टोलकर्मी को पीटते युवकों की सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीर।

कर्मचारी के साथ बदतमीजी की। देखते ही देखते गाड़ी चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बूथ कर्मचारी की पिटाई कर दी। यह विवाद टोल ना देने को लेकर बताया जा रहा है। पूरी घटना की सूचना थाना दादरी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी को अपने कब्जे में ले लिया है। हाथापाई कर रहे 4 युवक के खिलाफ टोल कर्मी ने एफआईआर दर्ज करवाई है। आरोपियों की गाड़ी बुलंदशहर नंबर की थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।



# अंग प्रत्यारोपण: मरने के बाद भी अपनी बेटी को जिंदा देखेंगे माता-पिता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एम्स के ट्रामा सेंटर में दिमागी रूप से मृत घोषित छह वर्षीय लड़की के माता-पिता ने उसका हृदय, यकृत, गुर्दे और नेत्रपटल (कॉर्निया) दान कर दिए। चिकित्सकों द्वारा शुक्रवार को उसे दिमागी रूप से मृत घोषित किए जाने के बाद अंग पुनर्प्राप्ति एवं बैंकिंग संगठन (ओआरबीओ-एम्स) ने राष्ट्रीय अंग व ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) को इसकी जानकारी दी, जिसने प्रतीक्षा सूची के आधार पर जरूरतमंदों को अंग आवंटित किए। जेपीएनएटीसी ट्रॉमा सेंटर में अंगदान न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर दीपक गतिविधियों को भी देख रहे हैं। हृदय के लिए



गुप्ता ने बताया कि लखनऊ के सात वर्षीय बच्चे का यकृत प्रतिरोपण किया जाएगा, जो दिल्ली के एक अन्य अस्पताल में भर्ती है। डॉ. गुप्ता समान उम्र का कोई जरूरतमंद नहीं मिला है। हृदय के वॉल्व को बाद में इस्तेमाल के लिए रख लिया गया है। दोनों गुर्दों को शुक्रवार रात एक अन्य बच्चे में प्रत्यारोपित किया जाना था। दोनों कॉर्निया भी दो अन्य बच्चों में प्रत्यारोपित की जाएंगी। डॉक्टर गुप्ता ने कहा, रॉली नामक लड़की के सिर में गोली लगी थी। वह गोली शायद किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके पिता पर चलाई थी। इस मामले में पुलिस जांच जारी है। लड़की को 28 अप्रैल की सुबह ट्रामा सेंटर के न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि उसकी हालत गंभीर थी और सीटी स्कैन में उसके सिर में गोली दिखी थी। जांच के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर उसे दिमागी रूप से मृत घोषित कर दिया गया।

# बुजुर्ग महिला को बंधक बना 4 करोड़ की लूट

## ● पॉश इलाके आनंद लोक में हुई घटना से लोगों में डर का माहौल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके आनंद लोक में एक बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर 4 करोड़ के गहनों के लूट का मामला सामने आया है। पॉश इलाके में हुई इस लूटपाट की खबर सुनते ही पुलिस हरकत में आ गई और तुरंत डिफेंस कॉलोनी थाने की टीम और दक्षिणी दिल्ली के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। अपराध शाखा में घटनास्थल से फिंगर प्रिंट लिए हैं। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा है। पुलिस ने कई टीमें बनाकर इस सनसनीखेज लूट की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके आनंद लोक में शनिवार तड़के बुजुर्ग महिला रितिका अपनी पांच साल की पोती के साथ सो रही थीं। तभी लगभग 3.30 बजे उनके बेडरूम में रखी अलमारी के खुलने की आवाज आई। उन्होंने जब आंखें खोली तो देखा कि चार लोग



अलमारी को जबर्दस्ती तोड़ रहे थे। वह शोर मचातीं उससे पहले ही लुटेरों ने महिला को डरा-धमका कर चुप रहने के लिए कहा।

उनके साथ मासूम बच्ची थी ऐसे में महिला काफी डरी गईं। इसका फायदा उठाकर चोरों ने तसल्ली से अलमारी को पूरी तरह से खंगाला और उसके रखे तीन से चार करोड़ों के गहने लेकर वहां से भाग गए। जाते-जाते बदमाश महिला के पैरों को बांध गए। जैसे-तैसे पीड़िता ने खुद को बंधनमुक्त किया उसके बाद 100 नंबर पर कॉल करके लूट की इस घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त बेनिता मेरी जयकर ने इस बदमाशों को पकड़ने के लिए स्पेशल स्टाफ और एटीएस के अलावा कई टीमें बनाई गई।

## कलेक्शन एजेंट से लूट की गुत्थी सुलझी, तीन दबोचे


**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बाड़ा हिन्दूराव इलाके में कलेक्शन एजेंट से 25 लाख रुपये लूट की गुत्थी को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सुलझा लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को धरा गया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गणेश चंद, राजबीर उर्फ वजीर मामा और सुमित कुमार के रूप में हुई है। इन लोगों के कब्जे से लूट की रकम से खरीदी गई स्कूटी, सोने की चेन, एसी और वारदात के समय पहने हुए कपड़े व अन्य सामान जब्त किए गए हैं। वजीर वर्ष 2010 में शालीमार बाग थाने में मकोका में गिरफ्तार हो चुका था।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 18 अप्रैल को स्कूटी सवार चार बदमाशों ने करोल बाग के कारोबारी के कलेक्शन एजेंट सपन से लूटपाट की थी। वारदात के समय सपन 25 लाख रुपये स्कूटी की डिक्की में रखकर दफ्तर लौट रहा था। इस बीच बदमाशों ने उससे स्कूटी ही लूट ली। वारदात के बाद आरोपी वहां भाग गए।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, होटल मैनेजर समेत 14 गिरफ्तार

### ● आरोपियों में सात लड़कियां और तीन ग्राहक भी शामिल, होटल सील



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में सेक्स रैकेट का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। दक्षिण-पश्चिम जिले की पुलिस ने शनिवार को महिपालपुर के एक होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया।

इसमें होटल मैनेजर समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों में सात लड़कियां और तीन ग्राहक भी शामिल हैं। जिस कार से लड़कियों को लाया ले जाया जाता था उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। होटल को पुलिस ने सील कर दिया है। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि गत शुक्रवार को वसंतकुंज नार्थ थाना पुलिस को महिपालपुर स्थित एक होटल में चल रहे सेक्स रैकेट के बारे में जानकारी मिली थी। इस जनकारी को एसीपी अजय वेदवाल के नेतृत्व में एक टीम ने पहले इस सूचना को पुख्ता किया। फिर होटल में नकली ग्राहक बनाकर एक शख्स को भेजा गया।

यहां नकली ग्राहक को सात लड़कियां दिखाई गई। पुलिस ने होटल में छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ लिया। इनमें होटल का मैनेजर सुरेन्द्र और सर्विस ब्वॉय कम दलाल महावीर सिंह भी शामिल है। पुलिस ने होटल स्वीट प्लेस को सील कर दिया है। इस होटल का मैनेजर सुरेन्द्र कमरों के खाली होने की वजह से वहां गलत काम की मंजूरी दे देता था।



इन दिनों गर्मी से राजधानी के लोग बेहाल है। दोपहर को अपने रिक्शे पर आराम करता दिहाड़ी मजदूर।

# अभी भी धधक रही है भलस्वा लैंडफिल, चारों ओर धुआं ही धुआं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली स्थित भलस्वा लैंडफिल स्थल पर इस सप्ताह की शुरुआत में लगी आग बुझाने का अभियान अभी भी जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दमकल के पांच वाहन अभी भी घटनास्थल पर आग बुझाने में लगे हैं। भलस्वा लैंडफिल (कूड़ा डालने का स्थान) में मंगलवार शाम को भीषण आग लग गई थी। इसके बाद सामने आए कई वीडियो में आसपास के क्षेत्र में धुएं का गुबार दिखा था। स्थानीय निवासियों ने जबरदस्त धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत होने की बुधवार को शिकायत की। आग लगने के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है।

भलस्वा लैंडफिल के आसपास रहने वाले लोगों ने शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम के खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दी थी।

निवासियों ने भलस्वा डेयरी थाने में शिकायत दर्ज कराकर उत्तरी दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह, डिप्टी मेयर अर्चना दिलीप सिंह और उत्तर एमसीडी की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष विजय कुमार भगत के खिलाफ कानूनी कार्वाई की मांग की है।

# निगम ने कोविड को काबू करने के लिए कसी कमर

## ● गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को एक माह की अग्रिम दवाइयां देने का निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए दक्षिणी नगर निगम ने कमर कस ली है। कोविड सजगता बढ़ाने के साथ नियमों के पालन और संदिग्ध मरीजों के लिए अलग पंजीकरण काउंटर, डॉक्टरी परामर्श के लिए अलग पंक्ति, लैब टेस्ट एवं दवाइयों के वितरण को अलग काउंटर का प्रावधान किया है।

इसके अलावा गंभीर बीमारी वाले पुराने मरीजों को एक माह की अग्रिम दवा देने की भी व्यवस्था की गई है। दक्षिणी निगम ने सभी चिकित्सालयों को निर्देशित किया है कि इस संबंध में चिकित्सालयों में मार्गदर्शक संकेतो की समुचित व्यवस्था की जाए। निगम ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आवश्यक दवाइयां जैसे कि पैरासिटामोल, एजीथ्रोमाइसिन, ओआरएस, लेवोसिट्राजिन, पेंटोसिड इत्यादि का समुचित भंडार करके रखें तथा पीपीई किट, मास्क, दस्ताने, सैनिटाइजर, लिक्विड साबुन, पल्स ऑक्सीमीटर इत्यादि को भी स्टॉक करके रखें।

## कोरोना योद्धा के परिजनों को दी एक करोड़ की सम्मान राशि

*नई दिल्ली। कोरोना महामारी के दौरान मरीजों की सेवा करते हुए कोविड से अपनी जान गंवाने वाली वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आभा भंडारी के परिजनों को दिल्ली सरकार ने एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि शनिवार को दी। डॉ. आभा भंडारी चमेलियन रोड स्थित दिल्ली गवर्नमेंट डिस्पेंसरी में बतौर सीनियर मेडिकल ऑफिसर मरीजों का इलाज करते हुए संक्रमित होने के बाद उनकी मौत हो गई थी। केजरीवाल सरकार ने इस कोरोना योद्धा के परिवार को एक करोड़ रूपये की सम्मान राशि दी है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रताप बाग स्थित दिवंगत के घर जाकर उनके परिवार को एक करोड़ रुपए का चेक सौंपा। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि देश इन वीर कोरोना योद्धाओं के बलिदान को सलाम करता है/ उन्होंने कहा कि इस महामारी के दौरान डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, सहायक स्टाफ, सफाई-कर्मचारियों सहित हजारों कोरोना योद्धाओं ने दिन-रात काम करते हुए इस महामारी से लड़ने का काम किया। और कई कोरोना योद्धा लोगों की सेवा करते हुए शहीद हो गए।*

# रोजगार दिलाने के लिए दिल्ली पुलिस ने शुरू किया युवा 2.0

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए दिल्ली पुलिस ने युवा 2.0 नाम से एक योजना का शुरू किया है। इस योजना के तहत शनिवार को पुलिस मुख्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और रोजगार प्रस्ताव प्रस्तुति समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में संयुक्त आयुक्त छाया शर्मा व भारत सरकार के कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के निदेशक संदेश तिलकर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। कॉर्पोरेट घरानों की सक्रिय



भागीदारी के साथ 67 पुलिस स्टेशनों में करीब 10 हजार युवाओं को इस योजना के तहत व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उपराज्यपाल अनिल बैजल कहा कि युवाओं को रोजगार मिलने से अपराध की रोकथाम के मकसद को भी साकार किया जा सकता है।

# वैट को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

## पेट्रोल की कीमतों पर बवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने राष्ट्रीय राजधानी में डीजल और पेट्रोल की कीमतों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) कम नहीं करने को लेकर शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के नेताओं ने आरोप लगाया कि आप सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट में कटौती नहीं की, जिसके चलते दिल्ली में ईंधन महंगा हो गया। यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री के उस बयान के बाद किया गया है, जिसमें उन्होंने विपक्षी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में ईंधन की उच्च कीमतों पर चिंता जताई थी। उन्होंने उन राज्यों की सरकारों से राष्ट्र हित में वैट कम करने की अपील की थी, ताकि आम जनता



को इसका फायदा मिले। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता और विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि वैट की ऊंची दरों के कारण दिल्ली में पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी की दुर्दशा के प्रति अरविंद केजरीवाल सरकार असंवेदनशील है।

# बिजली संकट पर कांग्रेस ने आप सरकार को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भीषण गर्मी में एक सप्ताह से बिजली कटौती और पावर प्लांट में कोयले की कमी के लिए दिल्ली की केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। यह आरोप कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली को जिन पावर प्लांट से बिजली आपूर्ति होती है उसमें सिर्फ 3-4 दिन के कोयला स्टॉक ही बचा है जबकि आमतौर पर 17-26 दिनों तक का कोयले का स्टॉक होना चाहिए। उन्हांने कहा कि बिजली संकट में दिल्ली के मुख्यमंत्री पूरी तरह असहाय स्थिति जताकर केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, यह कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे है।उन्होंने कहा कि बिजली संकट की भयावह स्थिति के बाद मुख्यमंत्री ठोस कार्यवाही करने की बात कह रहे है, जबकि मुख्यमंत्री ने समय रहते कदम क्यों नही उठाया।

# प्रधानमंत्री संग्रहालय देखने पहुंचे हरियाणा व हिमाचल के मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के तीन मूर्ति एस्टेट स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय देखने हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व जय राम ठाकुर रविवार को एक साथ पहुंचे।

दोनों मुख्यमंत्रियों ने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं में देश के सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन और कार्यकाल का विस्तृत विवरण है। इसका लोकार्पण हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था और इसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह प्रशंसनीय पहल हमारे सभी प्रधानमंत्रियों के बारे में लोगों



विशेषकर युवाओं में जागरूकता पैदा करने में दूरगामी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे सभी प्रधानमंत्रियों के गौरवशाली जीवन और प्रयासों के बारे में जानने के लिए सभी को संग्रहालय का भ्रमण करना चाहिए।

## आईपी विवि में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 31 मई तक बढ़ी

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने अकादमिक सत्र 2022-23 के सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 31 मई तक बढ़ा दी है। उम्मीदवार स्नातक से लेकर पीएचडी तक के करीब 182 कोर्सों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल थी।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के अनुसार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं पर आधारित सभी पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पर आधारित पाठ्यक्रमों और मेरिट पर आधारित पाठ्यक्रमों के लिए 31 मई 2022 तक आवेदन किया जा सकता है। ज्ञात हो इस सत्र में विश्वविद्यालय में देश में छात्र दाखिला लेते है।

# बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रही रोहिणी झील, जल्द होगी तैयार

## ● जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने परियोजना का किया निरीक्षण, अधिकारियों को समय से कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार राजधानी को झीलों का शहर बनाने की मुहिम और धार दे दिया है। शहर की प्रमुख झीलों और जल निकायों को जीवंत बनाने का काम किया जा रहा है। रजोकरी झील, संजय वन झील को पुनर्जीवित किया जा चुका है। सनोठ झील को जीवंत बनाने का काम जोरशोर से चल रहा है।

इसके बाद अब रोहिणी सेक्टर-25 स्थित रोहिणी झील को बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है। यहां कई विश्व स्तरीय सुविधाएं, कैफेटेरिया, चिल्ड्रन पार्क, वाटर गार्डन के अलावा देश में जल संचयन की कहानी बताने वाला आउटडोर म्यूजियम भी बनेगा।

इसके अलावा पक्षियों और जानवरों का भी आशियाना बनेगी रोहिणी झील, यहां पर्यटक गर्मी में राहत के साथ सुकून के पल तलाश पाएंगे। करीब 80 एकड़ में फैली रोहिणी झील पर्यटकों का नए साल में स्वागत करेगी। जल मंत्री व




दिल्ली जल बाेड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने शनिवार को रोहिणी झील का निरीक्षण किया और कार्यों की समीक्षा की। जैन ने अधिकारियों को विभिन्न पहलुओं पर सुझाव दिए, जो झीलों के कायाकल्प परियोजना का हिस्सा है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से झील को उम्मीदों के अनुरूप बनाने और समय से गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा इकोलॉजिकल सिस्टम को बनाए रखने और लागत प्रभावी तरीकों के साथ ज्यादा से ज्यादा अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्ज करने के लिए परियोजना को तैयार करने के लिए कहा है।

### आठ महीने में परियोजना पूरी होने की संभावना

जैन के अनुसार करीब 80 एकड़ में विकसित की जा रही रोहिणी झील को बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, ताकि यह लोगों के मनोरंजन के लिए टूरिस्ट स्पॉट बन सके।

यह परियोजना 8 महीने में पूरा होने की उम्मीद है। इसके पूरा होने के एक महीने बाद ही पर्यटकों के लिए खुल दिया जाएगा। झील का विकास पिकनिक स्पॉट के रूप में किया जा रहा है। झील स्थल में प्राइमरी और सेकेंडरी, दो पैदल चलने के लिए पथ और 4.5 मीटर का एक जंगल का रास्ता भी होगा, जो झील के बीच से होकर गुजरेगा।

यहां लगे कई पेड़-पौधे न केवल पर्यटकों को इसकी सुंदरता के लिए आकर्षित करेंगे बल्कि लोगों को प्रकृति के करीब आने का भी मौका मिलेगा। इसके साथ ही झील में कई विश्व स्तरीय सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी।

### 32 एकड़ में विकसित हो रही झील

केजरीवाल सरकार, दिल्ली को झीलों का शहर बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। पहले चरण में सरकार की ओर से 250 जलाशयों और 23 झीलों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसका मकसद बंद नालियों से बचने के लिए विभिन्न जलाशयों का निर्माण करना है। सस्टेनेबल मॉडल का उपयोग करके झीलों को पुनर्जीवित कर रही है। झीलों के आस-पास पर्यावरण तंत्र को जीवंत करने के लिए देसी पौधे लगाए जा रहे है। साथ ही सभी जल निकायों को आकर्षक रूप देने की दिशा में काम की किया जा रहा है। रोहिणी झील और रोहिणी एसटीपी, दोनों 100 एकड़ जमीन पर है, जिसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट 20 एकड़ पर और झील 80 एकड़ में विकसित की जा रही है। झील में 15 एमजीडी की क्षमता वाले एसटीपी से शोधित पानी को एकत्रित किया।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 1 मई, 2022



# बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा पर हुई अहम बैठक



गुरुग्राम के सेक्टर-82 में बिजली व अन्य मुद्दों को लेकर एकत्रित मौजिज लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गर्मी** बढ़ने के साथ ही यहां बिजली संकट गहरा गया है। दिन-रात घंटों तक बिजली के कट लगाए जा रहे हैं। इससे काफी काम प्रभावित हो रहे हैं। विशेषकर औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की समस्या से काम नहीं हो पा रहा है। इस मुद्दे पर शनिवार को मानेसर नगर निगम के सेक्टर-82 में नये गुरुग्राम की आरडब्ल्यूए और क्षेत्र के मौजूदा सरपंच, इंडस्ट्रीज के मोजिज लोगों की एक बैठक हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की।

विशेष रूप से इन दिनों बिजली के लग रहे कट पर चर्चा हुई। निर्णय हुआ कि अगले सप्ताह बिजली बोर्ड के अधिकारी नगर निगम के कमिश्नर और स्थानीय विधायक से मुलाकात करके सभी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए ज्ञापन दिए जाएंगे। सरपंच हरजस यादव, लक्ष्मण सरपंच नखड़ौला, मनोज सरपंच मोकलवास, सरपंच सतीश डाबोदा, वीरेंद्र यादव जिला पार्षद, आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के महासचिव मनोज त्यागी, मैपस्को कासा बेला सोसायटी के प्रधान धर्मबीर यादव, सेक्टर एक मानेसर के अध्यक्ष शशि यादव, स्नेहलता, आरती लांबा, अंजलि गुप्ता, मधु, अमरेश मिश्रा अध्यक्ष लाइफ स्टाइल, रजनीस सचदेवा अध्यक्ष विंटर हिल्स, प्रदीप रोहिल्ला अध्यक्ष रहेजा नवोदय, संजय यादव एमडी फिल्बी रियल ईस्टेट पंकज यादव रामपुरा, पवन यादव सहित अनेक नये गुरुग्राम के लोग उपस्थित रहे।

# बॉर्डर स्टेट पंजाब में आम आदमी पार्टी का आना देश हित में नहीं : अनिल विज

### आप के चरित्र पर प्रश्न चिन्ह है, यह कुछ लोगों के साथ मिले हुए हैं

### पंजाब में लोग सड़कों पर हथियार लेकर आपस में लड़ने लग गए है

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज।

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि पंजाब एक बॉर्डर स्टेट है। बॉर्डर स्टेट में आम आदमी पार्टी का आना देश के हित में नहीं है, क्योंकि इनके चरित्र पर प्रश्न चिन्ह है। यह कुछ लोगों के साथ मिले हुए हैं और उसके नतीजे सामने आ गए हैं। यह बात उन्होंने गुरुग्राम में पटियाला दंगों को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोग सड़कों पर हथियार लेकर आपस में लड़ने लग गए है, यह बहुत खतरनाक है और बहुत चिंता का विषय है। लोगों को शांति रखनी चाहिए। केंद्र सरकार पर भरोसा रखना चाहिए।

हम अपने देश में इस प्रकार की गतिविधियां बिल्कुल नहीं होने देंगे। करनाल के कल्हेड़ी गांव के स्कूल में दलित बच्चों को रोकने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में अनिल विज ने कहा कि किसी बच्चे को, किसी धर्म का हो, किसी जाति का हो, किसी भाषा का हो, किसी क्षेत्र का हो, कोई रोक नहीं सकता। क्योंकि हमारी सरकार इन चीजों को रिकॉग्नाइज नहीं करती।

हम सब को भारतीय मानते हैं और हर भारतीय का इस देश की जो सारी संपत्तियां हैं। उन पर पूरा अधिकार है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विज पर किए गए कटाक्ष के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में गृह मंत्री ने कहा कि यह उनका (भूपेंद्र सिंह हुड्डा) झेंप मिटाने वाला बयान था। जिस पार्टी की नेता लड़की हूं लड़ सकती हूं, का नारा लेकर उत्तर प्रदेश में उतर गई। वे 50 प्रतिशत सीटें देने की बात करते हैं, वह हरियाणा में कुमारी शैलजा को बर्दाश्त नहीं कर सके। अब चाहे उनकी जाति की वजह से या चाहे उनके महिला होने की वजह से, पर यह बहुत बड़ी बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### कराटे डीफलिंपिक-2022 के लिए गुरुग्राम के दो खिलाड़ी चुने



कराटे डीफलिंपिक 2022 में चुने गए गुरुग्राम के खिलाड़ी अपने कोच के साथ।

**गुरुग्राम।** ब्राजील में एक मई से 15 मई तक आयोजित होने वाले डीफलिम्पिक्स-2022 खेल में गुरुग्राम स्पोर्ट्स कराटे डू एसोसिएशन के दो खिलाड़ियों विकास सोलंकी और आदित्य सिजरिया को कराटे डीफलिंपिक 2022 के लिए चुना गया है। यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव शिहान सुनील सैनी ने दी। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है, जिन्होंने इन दो खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भेजा। एसोसिएशन के प्रधान शिहान राजू किडवाल ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को अरवाजा कराटे की पूरी किट काई ने देकर सम्मानित किया। शिहान सुनील सैनी ने बताया कि इन दोनों चैंपियन विकास सोलंकी, आदित्य सिजारिया और भारत के कोच प्रदीप आजाद को शुभकामनाएं। ब्राजील के काजस डो सुल में 1 मई को 11 खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले 65 एथलीट हैं। एक मई से 15 मई तक होने वाले खेलों में भारत के सबसे बड़े और सबसे कम उम्र के डिलिम्पिक्स ने एथलेटिक्स, बैडमिंटन, जूडो, गोल्फ, कराटे, शूटिंग, तैराकी, टेनिस, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो और कुश्ती में भाग लेंगे। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रधान कुलदीप वत्स व महासचिव शिहान रजनीश चौधरी ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### प्रचार मंडली के टीम लीडर कृष्ण शर्मा हुए सेवानिवृत



**गुरुग्राम।** सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की रीढ़ के मजबूत आधार कहे जाने वाले भजन एवं प्रचार मंडली के गुरुग्राम प्रमुख कृष्ण शर्मा शनिवार को विभाग में अपनी 34 वर्ष की निष्कलंक सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। गुरुग्राम कार्यालय में सहकर्मियों द्वारा दी गयी भावुक विदाई में कृष्ण शर्मा ने अपने कहा कि अपने 34 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने विभाग में अनेक बदलाव देखे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर पहुंचाने में आज भी भजन गायकों व विभिन्न हरियाणवी वाद्य यंत्रों को बजाने वाले कर्मियों की प्रासंगिकता बनी हुई है। विदाई समारोह में आमंत्रित सेवानिवृत्त जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रणबीर सिंह दहिया ने कहा किसी भी व्यक्ति के नौकरी में आने के समय ही उसकी सेवानिवृत्त की तिथि निर्धारित हो जाती है। विभाग के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान ने कृष्ण शर्मा को फूल माला पहनाकर व शॉल भेंट कर सम्मान किया। कहा कि कृष्ण शर्मा का कार्यकाल उनके सहकर्मियों के लिए सदैव प्रेरणा देने का कार्य करेगा। उन्होंने श्रीकृष्ण को उज्ज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी, कृष्ण शर्मा के परिजन, मित्र सहित उनके गांव मुंडाखेड़ा से आए काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### संजय भसीन के निवास पर पहुंचे गृहमंत्री अनिल विज



गुरुग्राम में हरियाणा कला परिषद के अध्यक्ष संजय भसीन के आवास पहुंचे गृह मंत्री का स्वागत करते हुए।

**गुरुग्राम।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज अपने पुराने मित्र हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन के घर पहुंचे। अस्वस्थ चल रहे संजय भसीन का उन्होंने हाल-चाल जाना। अनिल विज और संजय भसीन दशकों पुराने मित्र हैं। दोनों भाजपा युवा मोर्चा के साथी रहे हैं। जब विज युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष थे, तब संजय भसीन गुरुग्राम युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष होते थे। गृहमंत्री को जानकारी मिली कि संजय भसीन कुछ अस्वस्थ हैं, तो वे उनके घर पहुंच गए। काफी देर तक वो परिजनों के साथ रहे और पुरानी यादें ताजा की। उन्होंने भाजपा के संघर्ष के दिनों से लेकर अब सत्ता में आने तक के सफर में संजय भसीन और उनके परिवार के योगदान की सराहना की। इतना ही नहीं कला परिषद में निदेशक का दायित्व निभाते हुए संजय भसीन द्वारा प्रदेश की कला और संस्कृति को विस्तार में दिए जा रहे सहयोग को भी सराहा। इस मौके पर भसीन परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। संजय भसीन की धर्मपत्नी शशि भसीन ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संजय भसीन ने उनके आगमन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, बंटी पाहूजा, हरजीत सिंह, अंकुश भसीन भी उपस्थित रहे।

### 21 दिन में 21 लाख परिवारों से संपर्क करेगी भाजपा

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के आठ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है, जिससे न केवल पार्टी की जड़ें बूथ स्तर पर और मजबूत होगी, बल्कि मोदी सरकार के विजन एवं योजनाओं के प्रति कार्यकर्ताओं तथा प्रदेश की जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। जनसेवा के आठ साल-100 से संपर्क नामक महासंपर्क अभियान के तहत 21 दिन में प्रदेश के 21 लाख परिवारों से संपर्क किया जाएगा। आगामी 5 मई से शुरू होने वाले इस अभियान की पूरी रूपरेखा शनिवार को गुरुग्राम में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रदेश के तमाम मंत्रियों, सांसदों, विधायकों तथा पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में खींची।

# निर्माता कंपनी को करवाना होगा सुरक्षा ऑडिट : सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### मुख्यमंत्री ने किया स्ट्रक्चरल सेफ्टी गाइडलाइन्स पुस्तिका का विमोचन

### कंपलीशन सर्टिफिकेट के लिए टीसीपी विभाग में नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी



गुरुग्राम में सेवोकॉन सम्मेलन के समापन सत्र में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**हरियाणा** सरकार ने बहु मंजिला आवासीय इमारतों के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रक्चरल सेफ्टी गाइडलाइन्स जारी कर दी हैं। नई गाइडलाइन के अनुसार किसी भी इमारत के निर्माण के दौरान तीन से चार बार निर्माण एजेंसी सुरक्षा मानकों का आडिट करवाएगी। ये बातें उन्होंने यहां सेवोकॉन सम्मेलन के समापन सत्र में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा द्वारा तैयार स्ट्रक्चरल सेफ्टी गाइडलाइन्स पुस्तिका का विमोचन करने उपरांत उपस्थित विभिन्न आरडब्ल्यूए एसोसिएशन प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आरडब्ल्यूए व सदस्यों के आपसी विवादों के समाधान के लिए संपत्ति पाल नियुक्त करने की भी घोषणा की। साथ ही आरडब्ल्यूए के अकाउंट संबंधित विवादों के समाधान इम्पेनल्ड आडिटर से करवाए जाएंगे। बिल्डर्स द्वारा विकसित आवासीय परिसरों को आरडब्ल्यूए को हेंडिंग ओवर के नियम तय करने के लिए भी नई पोलिसी बनेगी।

इस पॉलिसी का प्रारूप एक माह के लिए वेबसाइट पर डाला जाएगा, ताकि आरडब्ल्यूए अपने सुझाव दे सकेंगे जिसके उपरांत 60 दिन में ही पोलिसी को पब्लिश कर दिया जाएगा। इस पोलिसी में आरडब्ल्यूए के इंटरनल गवर्नेंस के नियम भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने आरडब्ल्यूए, अलॉटियों व अन्य लोगों की मांग पर गुरुग्राम में दो जिला रजिस्ट्रार लगाए जाने की घोषणा की और कहा कि ये रजिस्ट्रार जीएमडीए के डिप्टी सीईओ के समकक्ष होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम की 9 प्रमुख कॉलोनियों नामत: मालिबु टाउन, आरडी सिटी, रोज वुड सिटी, ग्रीन वुड सिटी, मेफिल्ड गार्डन, विपुल गार्डन, उप्पल साउथ एंड, सुशांत लोक एक व तीन को शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा टेकओवर करने की घोषणा की। वहीं मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम निवासियों के लिए डीसी की अध्यक्षता में अलॉटी ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम को भी पुन: आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्लाटिड कालोनी में आरडब्ल्यूए का अभी प्रावधान नहीं है तो इसलिए इस संदर्भ में पॉलिसी में प्रावधान किया जाएगा।

सेवोकॉन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बिल्डर्स के स्तर पर की जाने वाली अनियमितताओं का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 1985 से लेकर अब तक करीब 2000 कॉलोनाइजर्स में से महज 15 कॉलोनाइजर ने कंपलीशन सर्टिफिकेट लिया है। ऐसे में अलॉटियों को राहत पहुंचाने के लिए सबसे पुराने से लेकर 100 कॉलोनाइजर की सूची तैयार की जाएगी और उनसे कंपलीशन से जुड़ी कमियों को दूर कराने के साथ अन्य सेवाओं को पूरा करवाते हुए आरडब्ल्यूए को परिसर हेंडओवर किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने सेवोकॉन कार्यक्रम के आयोजन को न केवल गुरुग्राम, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आरडब्ल्यूए के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हर छह माह में किया जाएगा और इसे भी पोलिसी का अहम भाग बनाया जाएगा। गुरुग्राम के अतिरिक्त अन्य शहरी क्षेत्रों में भी आरडब्ल्यूए के सेमिनार आयोजित होंगे तथा जहां नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग का कार्यालय नहीं है वहां पर जिला नगर आयुक्त के माध्यम से सेमिनार आयोजित होंगे।

## पांच घंटे में तीन जटिल हार्ट सर्जरी करके बचाई जान

**गुरुग्राम।** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के डॉक्टर्स ने 52 वर्षीय एक ऐसे मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया, जिसे दिल का गंभीर दौरा पड़ा था। इस वजह से उनके दिल की मांसपेशियां पूरी तरह रप्चर हो गई थी। यह बेहद असाधारण किस्म का मामला था। मरीज को केवल खांसी तथा सांस फूलने की शिकायत थी, जबकि उनके हृदय की तीन धमनियों में गंभीर ब्लॉकेज थी।

इसके बावजूद उन्हें सीने में दर्द के कोई लक्षण नहीं थे। प्रारंभिक जांच से पता चला कि दिल के मुख्य वाल्व में गंभीर रिसाव है और दिल की मांसपेशियां रप्चर हो चुकी हैं। जिसके कारण दिल की काम करने की क्षमता कम हो गई है। फोर्टिस अस्पताल में सीटीवीएस के हेड व डायरेक्टर डॉ उदगीथ धीर के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने इलाज शुरू किया। चिकित्सकों ने इस तरह का 10 हजार मामलों में से एक मामला बताया है।

## मानेसर में आगजनी स्थल का एनजीटी के चेयरमैन ने किया दौरा

**गुरुग्राम।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के चेयरमैन एवं पूर्व न्यायधीश जस्टिस प्रीतम पाल की अध्यक्षता में गठित टीम ने शनिवार को गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर स्थित सेक्टर-6 में 26 अप्रैल को हुई आगजनी की घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम भी मौके पर उपस्थित रही, जिन्होंने एनजीटी के चेयरमैन को घटना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अब तक की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनजीटी की टीम के सदस्यों ने हर पहलू पर बारीकी से अध्ययन करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित पुलिस विभाग के डीसीपी मानेसर मनवीर सिंह ने घटना की विस्तार से जानकारी दी।

# दो दिन में खुल जाएगा कादरपुर ढाणियों का रास्ता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सोहना के विधायक संजय सिंह ने गांव में पहुंचकर दिया आश्वासन



गुरुग्राम के गांव कादरपुर में रास्ते के विवाद को लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंचे सोहना के विधायक संजय सिंह।

**कादरपुर** ढाणी में जाने के लिए सीआरपीएफ केंद्र कादरपुर के पास से पुलिस द्वारा बंद किए गए रास्ते को लेकर ग्रामीणों द्वारा दिए गए धरने को लेकर भले ही पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की गई हो, लेकिन ग्रामीण अभी भी रास्ते खुलवाने को लेकर अडिग हैं। शनिवार को कादरपुर गांव में समाजसेवी जीत सिंह दायमा के निवास पर सोहना के विधायक संजय सिंह पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या सुनी।

विधायक संजय सिंह ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद आश्वासन दिया कि अगले दो दिन में यह रास्ता खुल जाएगा और आराम से सभी आ-जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बता दें कि करीब तीन महीने से कादरपुर सीआरपीएफ कैंप के साथ से कादरपुर ढाणियों की ओर जाने वाले रास्ते को पुलिस ने बंद कर दिया था। यह रास्ते आगे पुलिस प्रशिक्षण केंद्र भोंडसी तक जाता है। पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर इस रास्ते को बंद किया था। इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। विशेषकर स्कूल बच्चे अधिक परेशान हैं। बीच में ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर वहां से पैदल जाने की ही अनुमति पुलिस द्वारा दी गई। ग्रामीण इस रास्ते को पैदल के साथ वाहनों के लिए भी खुलवाने पर अड़े रहे।

**धरना देने पर ग्रामीणों पर एफआईआर :** ग्रामीणों ने इस रास्ते को खुलवाने के लिए रास्ते पर बैठकर धरना भी दिया। इस धरने को लेकर सेक्टर-65 थाना पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ नामजद व कई अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# देश को मोदी पर पूरा विश्वास : दुष्यंत गौतम



**गुरुग्राम।** बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्य सभा सांसद दुष्यंत गौतम ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा विश्वास है। यह मोदी सरकार के काम ही है कि पिछले दिनों चार राज्यों में पार्टी ने विधानसभा फिर से जीतकर इतिहास रचा। यह बात उन्होंने जनसेवा के आठ साल-100 से संपर्क नामक महासंपर्क अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि आठ साल में दो वर्ष कोरोना महामारी के गुजरे तो इस दौरान पूरे विश्व की नजर भारत पर थी और प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को करके दिखाया कि भारत विकास की गति में किसी से पीछे नहीं है। मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा तो कई ही, साथ ही 80 देशों को भी वैक्सीन देकर दुनिया में भारत का डंका बजवाया। दुष्यंत गौतम ने कांग्रेस पर भी हमला किया। कहा, नेहरू ने देश को तोड़ा और मोदी जी जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने महासंपर्क अभियान के संबंध में कहा कि यह पार्टी का दम के साथ मैदान में खड़े रहने का अभियान है। बैठक में हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भी खुलकर अपनी बातें रखीं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को सबसे क्रियाशील अध्यक्ष बताया।

# घाटी मार्ग में बने गड्ढ़ों को भरने का कार्य फिर से हुआ शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना-तावडू मार्ग की घाटी सड़क पर बने गड्ढ़ों को भरने का कार्य करते कर्मचारी।

**लोक** निर्माण विभाग ने एक बार फिर से घाटी मार्ग की सड़क पर बने गड्ढ़ों को भरने का कार्य शुरू किया है। करीब चार किलोमीटर की दूरी में बने 50 से 60 स्थानों पर गड्ढ़ों को भरा जा रहा है। जिससे हादसों का अंदेशा काफी हद तक टल जाएगा। लोक निर्माण विभाग से शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से तावडू जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग 919बी के घाटी की सड़क में बने गड्ढ़ों को फिर से भरने का कार्य शुरू किया है। इस चार किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढ़ों से वाहन गुजरते समय भिड़ने का खतरा बना हुआ था, क्योंकि गड्ढ़ों से निकलते समय वाहनों का संतुलन बिगड़ रहा था। आमने सामने से आने वाले वाहनों के टकराने का पूरा-पूरा खतरा बना हुआ था। इस गाड़ी मार्ग पर एक दिन में 1200 से 1500 छोटे से लेकर बड़े ट्राले और भारी वजन वाले वाहन आते व जाते हैं।

**रोड पर पानी आने से बन रहे हैं गड्ढ़े :** घाटी मार्ग के साथ लगता आबादी क्षेत्र के घरों से आने वाला पानी सड़क पर जमा हो जाता है। जिसमें से वाहने के आवागमन से सड़क पर गड्ढ़े बन रहे थे। सड़कों पर पानी को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग ने नगर परिषद को हाल ही में पत्र लिखते हुए नालियां बनाने को कहा था। जिससे सड़क पर घरों से निकलने वाला पानी जमा न हो सके।

> “ उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार किसी भी सड़क की मरम्मत या नया निर्माण कार्य जब ही होगा। जब उससे पहले सड़क के साथ पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण होगा। ताकि किसी भी सड़क या बड़े मार्ग पर पानी जमा होने वाले गड्ढ़ों को रोका जा सकेगा।
>
> **अजीत सिंह**
> **(एसडीओ लोक निर्माण विभाग)**

**छह माह में दूसरी बार चला अभियान :** लोक निर्माण विभाग करीब छह माह पहले भी घाटी सड़क पर बने गड्ढों को भरा था, लेकिन सड़क पर बार-बार पानी आने से गड्ढ़े बन रहे थे। इस बार गड्ढ़ों को पहले से अधिक मजबूती से भरा जा रहा है। यदि नगर परिषद ने सड़क के साथ-साथ नालियों का निर्माण नहीं करती है। फि र से पत्र लिखकर सहयोग मांगा जाएगा।

# यूपी, पंजाब में बेचा जाता था गुरुग्राम में डोनेट हुआ खून

### गुरुग्राम के सुशांत लोक-2 के लायंस ब्लड सेंटर पर स्वास्थ्य मंत्री ने की छापेमारी

### लायंस ब्लड सेंटर में कई लापरवाही के चलते सेंटर सील

### सेक्टर 56 पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सुशांत लोक-2 स्थित लायंस ब्लड सेंटर में छापेमारी के दौरान सेंटर को सील करती टीम।

**खाद्य** एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अवैध कार्यों में संलिप्त रक्त केंद्रों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने शनिवार को गुरुग्राम के सेक्टर-56 में सुशांत लोक-2 स्थित लायंस ब्लड सेंटर पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। विभिन्न अनियमितताओं को देखते हुए ब्लड सेंटर को तुरंत सील कर दिया गया। साथ ही सेक्टर 56 स्थित पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। इस छापेमारी के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों में एसडीसीओ गुरुग्राम परविंदर मलिक और डीसीओ अमनदीप चौहान ने काफी सनसनीखेज खुलासे किए हैं। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बताया कि नियमों के अनुसार किसी भी ब्लड सेंटर पर मेडिकल अधिकारी की पूर्णकालिक तैनाती होनी चाहिए।

उसकी मौजूदगी में ही डोनर सिलेक्शन और रक्त दाता के शरीर से रक्त लिया जाना चाहिए। यहां पर दर्शाया गया मेडिकल ऑफिसर डॉ. विपिन कथूरिया पालम विहार, गुरुग्राम स्थित विजया डायग्नोस्टिक सेंटर पर पैथोलॉजिस्ट के रूप में कार्य करता हुआ पाया गया। रक्तदाता रजिस्टर स्क्रीनिंग फॉर्म्स पर फर्जी हस्ताक्षर होना या थोड़े समय के लिए ब्लड सेंटर पर आकर एक साथ औपचारिकता पूर्ण करने के लिए भी कार्य पाया गया। प्राप्त दस्तावेजों में मेडिकल ऑफिसर का वेतन 60 हजार रुपये प्रतिमाह दिखाया गया, जबकि बैंक खाता स्टेटमेंट की जांच पर 25 हजार रुपये प्रति माह वेतन के तौर पर भुगतान किया गया है।

### बिना अनुमति के गत दो वर्षों में लगाए कैंप

**जांच** के दौरान पता चला है कि इस ब्लड सेंटर द्वारा पिछले 2 वर्षों में 176 आउटडोर ब्लड डोनेशन कैंप बिना अनुमति के आयोजित किए गए। जिनमें 6015 रक्त यूनिट्स एकत्रित किए गए, जिनकी कोई सूचना विभाग को नहीं दी गई। ना ही इन कैंपों में तकनीकी स्टाफ कानूनी योग्यता रखता था।

### गुरुग्राम से लिया खून बेचते थे दूसरे शहरों में

**अनिल** विज ने कहा कि हरियाणा के निवासियों का रक्त शिविरों के माध्यम से दान में लेकर उत्तर प्रदेश के दूरदराज शहरों जैसे कि झांसी, कानपुर और पंजाब के शहरों में बेचना भी पाया गया है, जिसके एवज में 500 रुपये से लेकर 2000 तक रक्त और रक्त कॉम्पोनेंट्स के दाम वसूले गए हैं। ऐसे ही दिल्ली स्थित एक रक्त भंडारण केंद्र जिसको ये दोषी ब्लड सेंटर देने के लिए ऑथराइज नहीं था, वहां पिछले दो हफ्ते के दौरान 164 ब्लड कॉम्पोनेंट्स सप्लाई किए गए। खून और रक्त कॉन्पोनेंट्स यदि सड़क के माध्यम से सैकड़ों किलोमीटर दूर ट्रांसपोर्ट शिफ्ट किए जाएं तो कोशिकाएं टूट जाती हैं। रक्त और कॉम्पोनेंट्स असरहीन हो जाते हैं। इस सारे खेल के पीछे इस ब्लड सेंटर की कार्यकारी निदेशक स्वाति पत्नी दृश्यटम का हाथ है। सेक्टर-56 पुलिस थाना, गुरुग्राम में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।

# ईएसआई डिस्पेंसरी: बिजली जाने पर गर्मी में भी नहीं चलाते जनरेटर

कविता। फरीदाबाद


ईएसआई डिस्पेंसरी की इमारत।


ईएसआई डिस्पेंसरी में लगा जनरेटर।

**जिले** में 45 डिग्री तक तापमान पहुंच रहा है। वहीं बिजली कट की समस्या शहर के हर हिस्से में लगातार बरकरार है, लेकिन इन सबके बीच एनएच-पांच स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी नम्बर तीन में आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह सात से शाम सात बजे तक खुलने वाली इस डिस्पेंसरी में मरीजों के संग स्टाफ और डॉक्टर सभी परेशान हो रहे हैं। डिस्पेंसरी में जरनेटर है। लेकिन यहां इस भयंकर और शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी में बिजली कट होने पर भी जनरेटर चलाया नहीं जा रहा है। इस विषय में यहां आने वाले मरीजों ने ईएसआई डिस्पेंसरी के इंचार्ज को पत्र लिखा है। वहीं जब इस विषय में ईएसआई डिस्पेंसरी इंचार्ज अनिता खोसला से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया है।

**मरीज हैं परेशान :** एनएच-पांच स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी नम्बर तीन में इन दिनों आने वाले मरीजों को मुसीबतें झेलनी पड़ रही है। ऐसा ही यहां देखने को मिल रहा है। शरीर को झुलसा देने वाली इस गर्मी में बीमार व्यक्ति अस्पतालों में पंखे व एसी न चलने के कारण और अधिक बीमार हो सकते हैं, लेकिन डिस्पेंसरी प्रबंधन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कुछ ऐसा ही मरीजों के द्वार जनरेटर न चलने पर डिस्पेंसरी की प्रभारी को शिकायत दी है। मरीजों का कहना है कि जनरेटर होने के बावजूद बिजली जाने पर इसे चलाया नहीं जाता है। ऐसे में मरीजों की हालत बद से बदतर हो रही है। घंटों बिजली कट से मरीज परेशान हो रहे हैं।

**यह है शिकायत :** मरीजों ने शिकायत में कहा है कि डिस्पेंसरी में अक्सर बिजली का कट लगता रहता है। गर्मियों में बिजली चले जाने की स्थिति में दवाई लेना काफी मुश्किल हो रहा है। भयंकर गर्मी में बिजली गुल होने की स्थिति में मरीज भी बहुत परेशान होते हैं। लेकिन जनरेटर नहीं चलाया जाता है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह से डिस्पेंसरी/फार्मेसी के कमरे में लाइट नहीं है और जनरेटर होते हुए भी जनहित में उसे नहीं चलाया जाता है। मरीजों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। कई बीमार बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, गर्मी के कारण बिजली न होने पर चक्कर खाकर गिर जाते हैं।

# समय पर पीड़ितों को न्याय नहीं दिया तो खुद संज्ञान लेंगे गृहमंत्री

## ऐसी इमेज बनाएं कि थानेदार जब एरिया में गश्त पर निकले तो लोग सम्मान से सेल्यूट करें : विज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सेक्टर 21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज।

**गृह मंत्री** अनिल विज पुलिस कमिश्नर सेक्टर-21 सी आफिस में पहुंचे जहां पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। इस मौके पर डीसी जितेन्द्र यादव साथ ही डीसीपी मुख्यालय नीतिश अग्रवाल, एडीसी फरीदाबाद के अलावा सभी डीसीपी एवं एसीपी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कई तरह के दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि दर्ज एफआइआर पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलवाया जाए। यदि निश्चित समय के भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो मामले में वे खुद संज्ञान लेंगे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त ने गृहमंत्री फरीदाबाद पुलिस की उपलब्धियों/सराहनीय कार्य के बारे में गृह मंत्री जी को अवगत कराते हुए क्राइम के आंकड़े पेश किए। जिसमें जनवरी से मार्च तक, क्राइम आकड़ों में फरीदाबाद पुलिस का हरियाण में लोकल एंड स्पेशल लॉ 90 प्रतिशत वर्कआउट (डिस्पोजल) और इंडियन पेनल कोड 72 प्रतिशत, तो वही इंडियन पेनल कोड और लोकल एंड स्पेशल लॉ 78 प्रतिशत वर्कआउट (डिस्पोजल) कर प्रथम स्थान पर रहा।

वहीं गृह मंत्री ने फरीदाबाद पुलिस की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा थानेदार जब भी एरिया में निकले तो लोग सम्मान से सेल्यूट करें। ऐसी इमेज बनाएं पुलिस की। सुबह 11-12 बजे तक हर रोज जनता दरवार लगाकर लोगों की समस्या का करें निवारण। पुलिस महिला विरुद्ध अपराध पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें। ताकि पीडिता को जल्द न्याय मिल सके। जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए शिकायता/केस का निपटारा समय पर करें।

जिसमें एसएचओ का 10 दिन, डीएसपी 15 दिन में, एएसपी 30 दिन में, एसपी 45 दिन में और आईजी 60 दिन में पीड़ितों की शिकायतों का निपटारा करें। इसके बाद भी यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे खुद मामले में संज्ञान लेंगे। इसके अलावा सभी प्रकर के नशा तस्करी पर अंकुश लगाएं। शहर में नशा तस्करों पर लगाम लगाए। अवैध नशा के कारण ही अन्य क्राइम होते हैं। इसके साथ ही मंत्री ने पुलिस की और संख्या बल के बढ़ने उद्देश्य से कहा कि जो पुलिसकर्मी सेवानिवृत हुए है और स्वस्थ हैं तो इच्छुक पुलिसकर्मी को एक साल के लिए सरकार की नीतियों के अनुसार री- ज्वाइन करें। इसके साथ ही एसपीओ की संख्या बल भी बढ़ाने की बात कही।

# अदालत भवन की छठी मंजिल से कूदकर युवक ने की आत्महत्या



कोर्ट परिसर में घटना स्थल पर छानबीन करते पुलिस अधिकारी। मृतक की फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-12** स्थित अदालत भवन की बिल्डिंग की छठी मंजिल से शनिवार की दोपहर को एक युवक ने छलांग दी। जमीन पर गिरते ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद अपराध शाखा के पुलिस कर्मचारियों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। फिलहाल वह जमानत पर चल रहा था। शनिवार को तारीख पर वह अदालत में पेश होने के लिए आया था। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से गाजियाबाद का रहने वाला सूरज फरीदाबाद में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। वह शहर में ही स्थित एक कंपनी में काम करता था। बताया गया है कि

## दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक पेश होने आया था अदालत में

युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके कारण थाना खेड़ीकलां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 15 जून 2021 को मामला दर्ज किया था। 24 जून को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 11 अगस्त को अदालत से वह जमानत पर चल रहा था। यह मामला अदालत में विचाराधीन था। शनिवार को वह तारीख पर परिजनों के साथ अदालत में पेश होने के लिए आया था। उसी दौरान वह नजर बचा कर अदालत भवन की छठी मंजिल पर पहुंच गया। जहां से उसने सीधा जमीन पर छलांग लगा दी।

# वैक्सीनेशन और रक्तदान शिविर का किया आयोजन


सेक्टर 88 में आयोजित शिविर में रक्त दान करते समाज सेवी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रंखला में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा लायंस क्लब फरीदाबाद सेंट्रल, सवाना वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-88 में रक्तदान शिविर के साथ वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर, विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल अरोड़ा, वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एन के गुप्ता, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विमल खंडेलवाल जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ब्लड कोऑर्डिनेटर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में संबोधित करते हुए विधायक राजेश नागर ने बताया कि सवाना सोसाइटी के अंतर्गत निरंतर मानवता के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं लायंस क्लब सेंट्रल के माध्यम से लोगों के लिए जागरुकता के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हरियाणा सरकार के द्वारा चलाई गई जन मानस योजनाओं का लाभ सीधे रूप में जनता तक पहुंचता है। हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री यशस्वी मनोहर लाल के द्वारा प्रदेश में जनता को सीधे रूप से फायदा मिल सके। रेडक्रास के सचिव विकास कुमार ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा कोरोना वैश्विक महामारी को रोकने के लिए वैक्सीनेशन कैंप को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जगह जगह पर लगाने का काम और तेजी से आरंभ कर दिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विमल खंडेलवाल, संस्था के सचिव शिवकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सौरभ गर्ग आदि लोग उपस्थित रहे।

# गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री ने किया छांयसा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

## श्रीअटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में दी जाएंगी आधुनिक सुविधाएं : अनिल बिज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


श्रीअटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते मंत्री अनिल विज।

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शनिवार दोपहर बाद छांयसा स्थित श्रीअटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रीअटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारियां सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में चल रही है।

उन्होंने यह निरीक्षण मेडिकल कॉलेज में क्या-क्या तैयारी हो गई है और क्या-क्या तैयारियां चल रही है के बारे किया है। मेडिकल कॉलेज में जो भी मूलभूत जरूरतें पूरी करनी है। उन बारे अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ गौतम गोले से एक-एक करके बारीकी से जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मेडिकल परिसर में प्रशासनिक भवन, मेडिकल फैसिलिटी, हॉस्टल, लैब सहित सभी भवनों का निरीक्षण बारीकी से किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में मेडिकल कॉलेज में सभी तैयारियां इसी सेशन में पूरी करने के निर्देश दिए ताकि सेशन मेडिकल कॉलेज में चालू करवाया जा सके। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में अनिल विज ने कहा कि कोरोना केसो के संबंध में गुरुग्राम और फरीदाबाद पर सरकार की पूरी निगरानी चल रही है और सरकार इस बारे में पूरी तरह सजग है। एमसीएफ के घोटाले के बारे में उन्होंने बोलते हुए कहा कि दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। श्रीअटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान विधायक राजेश नागर, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त जितेंद्र यादव, अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम त्रिलोकचंद, श्री अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कालेज के डायरेक्टर डॉ गौतम गोले,ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ गुलशन, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, चीफ मेडिकल ऑफिसर वीरेंद्र सांगवान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# छह साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल द्वारा जघन्य मामलों में अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेन्ट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जितेन्द्र है। जो स्थाई रूप से उत्तर प्रदेश के शहजानपुर जिले के गांव इकरी का रहने वाला है। अस्थाई रूप से फरीदाबाद के गांव कांबरा का रहने वाला है। गत 28 अप्रैल 2022 को आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत महिला पुलिस थाना सैंट्रल में मुकदमा दर्ज किया गया था। लड़की के परिजनों से प्राप्त सूचना से पता चला कि आरोपी फरीदाबाद में किसी कंपनी में काम करता है। आरोपी की उम्र करीब 44/45 साल हैं। आरोपी को पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कंपनी से ही गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित नाबालिक लड़की के पड़ोस में ही रहता था। जिसने लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।

# स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

## शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थी श्याम सुंदर को दिया एक स्मार्टफोन और सर्टिफिकेट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


शिक्षा मंत्री से सम्मानित होने के बाद फरीदाबाद निवासी छात्र श्याम सुंदर और अन्य।

**कक्षा** ग्यारहवीं विज्ञान संकाय के विद्यार्थी श्याम सुंदर पुत्र नरेंद्र सिंह ने हरियाणा में पाइथन कोडिंग एक्टिविटी के तहत प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और स्कूल का नाम रोशन किया। जिला फरीदाबाद से अकेले इस विद्यार्थी का पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। विभाग की तरफ से व शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर के करकमलों से 26 अप्रैल को पंचकूला में इस विद्यार्थी को उपहार स्वरूप एक स्मार्टफोन और एक सर्टिफिकेट भेंट किया।

ज्ञात रहे इस प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा से केवल दस विद्यार्थियों का चयन हुआ है। वही दूसरी ओर विद्यालय के विद्यार्थी पवन कुमार ने ताइक्वांडो में नेशनल स्तर खेल कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है और स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर परेश गुप्ता ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय हमेशा कार्यरत है और नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। जिला फरीदाबाद में विद्यालय धीरे धीरे अपने स्तर को सर्वोच्च शिखर पर लाने के लिए प्रयासरत है। विद्यालय में समर्पित अध्यापकों की उन्होंने भूरि भूरि प्रशंसा की व विशेष रूप से उप प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, प्रवक्ताओं में देवेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, हीरालाल, ताराचंद, सुषमा, डॉ रोजी, शिप्रा व मिडल हैड ओयम रानी, प्राइमरी विंग से हैड सरोज, अध्यापक मनोज, जितेन्द्र, मनमोहन, वोकेशनल से मनीषा, सुधीर तथा अन्य अध्यापकों के टीम वर्क का परिणाम है कि विद्यालय दिन प्रतिदिन अपनी छवि को बेहतर बना रहा है। श्याम सुंदर व पवन की उपलब्धि पर प्रधानाचार्य ने सभी अध्यापकों को और विशेषकर मुस्कान (कंप्यूटर प्रवक्ता) और संदीप कौर (डीपीई) विशेष को बधाइयां दी।

# पेट्रोल पंप से दो लाख उड़ाने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के द्वारा शहर में क्राइम पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धड़-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने एक पेट्रोल पम्प के मालिक से पैसे उड़ाने वाले आरोपी को बिहार के मुजफ्फर पुर से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी गुलाम रऊल बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के गांव मिठन सराय का रहने वाला है। आरोपी की पेट्रोल पर पंचर की दुकान है। आरोपी काफी समय से पंचर का काम कर रहा था। आरोपी पर पेट्रोल पम्प मालिक बहुत अधिक विश्वास करता था। पेट्रोल पम्प मालिक ने आरोपी को करीब 2 लाख रुपए बैंक में जाम करने के लिए दिए थे। आरोपी की पैसे देख नियत खराब हो गई। आरोपी पैसे लेकर रेल में बैठकर अपने गांव भाग गया। पेट्रोल पम्प मालिक ने जब आरोपी से सम्पर्क किया तो आरोपी से सम्पर्क नहीं हुआ।

# ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : दुष्यंत


उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को मूर्ति देकर स्वागत करते पूर्व पार्षद महेश मणि।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। प्रत्येक जिले में बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने मौजूदा बिजली संकट पर कहा कि इस दिशा में सरकार कार्य कर रही है, जल्द ही लोगों को बिजली कटौती से मुक्ति मिल जाएगी। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नगर निगम के पूर्व पार्षद महेश मणि के नवादा कोह स्थित निवास पर देर सायं उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पूर्व पार्षद महेश मणि के नेतृत्व में लोगों ने श्रीचौटाला का फूल मालाओं से स्वागत किया। एयरफोर्स 100 मीटर परिधि के अंदर रजिस्ट्री खुलवाने पर भी उनका आभार जताया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों के हितों के लिए कार्य कर रही है और हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

## एयरफोर्स 100 मीटर परिधि में रजिस्ट्री खुलवाने पर लोगों ने जताया उपमुख्यमंत्री का आभार

# संक्षिप्त समाचार

## अग्रवाल कॉलेज ने जेसी बोस में जीता पुरस्कार


अग्रवाल कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी में रखे मॉडल को देखते दर्शक।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की एक टीम ने जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 28-29 अप्रैल को आयोजित 2-दिवसीय विज्ञान कॉन्क्लेव-2022 में विज्ञान की श्रेणी में विज्ञान प्रदर्शनी (मॉडल प्रस्तुति) में भाग लिया। कॉलेज से जगदीश और बीएससी- III (एनएम) से मिस जूही ने भाग लिया और इस मॉडल की देखरेख भौतिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ भूपेंद्र सिंह ने की। छात्रों ने जेनरेशन ऑफ वायरलेस इलेक्ट्रिसिटी नामक एक कार्यशील मॉडल का प्रदर्शन किया। यह विद्युत चुम्बकीय प्रेरण के सिद्धांत पर आधारित था। टेस्ला कॉइल की मदद से छात्रों ने डिस्चार्ज एंड से स्पार्क उत्पन्न करने के साथ-साथ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रीजन जेनरेट किया। मॉडल को विज्ञान मॉडल की श्रेणी में तीसरा स्थान देकर सराहा गया और सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने दोनों छात्रों को बधाई दी। प्राचार्य ने एचओडी रविंदर जैन के साथ प्रभारी शिक्षक को भी बधाई दी। उन्होंने जबरदस्त प्रयास और कड़ी मेहनत के लिए छात्रों की सराहना की और छात्रों के सर्वोत्तम भविष्य के प्रयासों की कामना की।

## सीजेएम मंगलेश कुमार को स्थानांतरण पर दी विदाई


सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे की विदाई के अवसर पर गुलदस्ता भेंट करते व्यापार मंडल के प्रतिनिधि।

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे के स्थानांतरण पर शनिवार को व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों शहर के गणमान्य लोगों वह कई अधिवक्ताओं ने विदाई दी। इस दौरान मंगलेश कुमार चौबे ने कहा कि फरीदाबाद शहर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के तौर पर उनका अनुभव बेहतरीन रहा है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर के लोग मिलनसार वह एक दूसरे की मदद करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने बतौर सचिव अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें आम जन का बेहतर सहयोग मिला। न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाएं इसी तरह निरंतर जारी रहेंगी कोई भी पीड़ित व्यक्ति कार्यालय में पहुंचकर अपनी लिखित शिकायत दें उनका शीघ्रता शीघ्र निराकरण किया जाएगा और निशुल्क कानूनी जागरूकता शिविर भी निरंतर जारी रहेंगे। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न स्तर पर जागरूक किया जाता रहेगा और आपके सहयोग के लिए जिला वासियों आपके संयुक्त सहयोग का हम आभारी रहेंगे कि जो जरूरतमंदों की सहायता के लिए आप लोगों का सहयोग भरपूर मिला इसके लिए उन्होंने धन्यवाद व्यक्त किया। व्यापार मंडल एवं जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया ने कहा कि मानव अधिकारों से जुड़े मामले हो या पीड़ित महिला बच्चे के अलावा कारागार में विचाराधीन कैदियों तक की भी हर संभव सहायता के लिए अग्रसर रहे हैं और चाहे सरकारी राशन डीपों से संबंधित मामला हो या किसी भी तरह की कानूनी सहायता के लिए नि:शुल्क सेवा लोगों तक पहुंचती रही है उनकी गतिविधियों से फरीदाबाद वासी भली भांति परिचित हैं उन्होंने कहा कि इन जैसे जमीनी स्तर पर सेवा देने वाले न्यायाधीश महोदय प्रत्येक जिले की जनता को मिले। इस अवसर पर समाजसेवी अमर बजाज, निशांत रस्तोगी, अधिवक्ता राजेश रावत, गगन अरोड़ा, रिंकल भाटिया व अन्य समाजसेवी शामिल थे।

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विषय की वितरित की किताबें

**फरीदाबाद।** अधिवक्ता परिषद जिला फरीदाबाद द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विषय पर स्टडी सर्कल का आयोजन जिला न्यायालय बार रूम सेक्टर 12 में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीगंगा शंकर मिश्र (प्रांत संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) एवम् विशिष्ट अतिथि जगरूप सिंह विभाग प्रमुख अधिवक्ता परिषद् द्वारा प्रातः 11 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इस विषय पर अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 के अनुसार इस अधिनियम में इसका नाम फोरम से बदल कर कमीशन कर दिया गया है, नये अधिनियम के अनुसार सेन्ट्रल कंस्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी का गठन किया गया है। जो की उपभोक्ता की हर तरह से मदद व उसके अधिकारों की निगरानी करेगी। इसके साथ-साथ पहले पुराने अधिनियम के तहत 20 लाख रुपये तक के केसेज डिस्ट्रिक कंस्यूमर कमीशन में डाले जाते थे। अब इसके तहत एक करोड़ रुपए तक के केसेज डिस्ट्रिक्ट कंस्यूमर कमीशन में डाले जा सकेंगे। नये अधिनियम में इ कॉमर्स व मध्यस्थता को भी जोड़ा गया है ताकि कमीशन में आये केसेज मध्यस्थता के द्वारा आपस में सुलझाए जा सकेंगे। इस मौके पर गंगा शंकर मिश्र (प्रांत संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने जिला अधिवक्ता परिषद को बधाई देते हुए कहा कि अधिवक्ता परिषद न केवल गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित वर्ग को न्याय दिला रहा है अपितु उनको जागरुक करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर जगरुप सिंह ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि अधिवक्ता परिषद राष्ट्रवादी विचारों को अग्रसर करने वाली न्यायिक इकाई है। यह सर्वग्राही एवं सर्वस्पर्शी न्याय दिलाने वाला संघठन है। कार्यक्रम अंत में कृपाराम (सचिव) ने सभी अधिवक्तों का धन्यवाद किया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के संरक्षक गोपाल दत्त शर्मा, युवा प्रमुख योगेश दत्त शर्मा मुकेश वर्मा मनीष वर्मा, विकास शर्मा, रोहित अरोड़ा, हरिराम माहौर, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र प्रसाद गौतम, रामबीर तंवर, रतीराम दीपक बख्शी सत्येंद्र दुग्गल अमित कालड़ा महेंद्र बघेल अनंगपाल स्वामी प्रेम सिंह संदीप पाराशर सचिव जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद आशीष अरोड़ा सह सचिव जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद आशा अरोड़ा नेहा गौतम कुसुम लता जैन कमल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे

## सामुदायिक भवन में लगाया वैक्सीनेशन कैम्प

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली (डिस्ट्रिक्ट-3011) ने आरडब्ल्यूसी सेक्टर-17 के साथ मिलकर शनिवार को प्रातः 10 से दोपहर दो बजे तक सेक्टर-17 के सामुदायिक भवन में कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया। शिविर में ईएसआईसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की कुशल टीम ने 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को जहां बूस्टर डोज दी वहीं 12 वर्ष से ज्यादा के नागरिकों को पहली व दूसरी खुराक दी गई। इस दौरान 105 से व्यक्ति को डोज दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी आर के चिलाना मौजूद रहे, जिनका आयोजकों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया, इस दौरान आरके चिलाना ने स्वयं भी बूस्टर डोज ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरके चिलाना ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में कोरोना से बचाव हेतु टीकाकरण ही प्रमुख उपाय है। टीका लेने पर संक्रमण के खतरे से सौ फीसदी बाहर होते हैं। उन्होंने टीकाकरण के लिए आए लाभार्थियों से वार्ता भी की। वहीं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के प्रधान सचिन चिलाना ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को जहां बूस्टर डोज दी गई वहीं 12 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के बच्चों को पहली एवं दूसरी खुराक दी गई। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोविड वैक्सीनेशन में प्रशासन का सहयोग करें। सभी लोग नजदीकी टीकाकरण केंद्र में आकर कोविड-19 का टीका लें और आसपास के लोगों को भी टीका लेने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर रोटेरियन शेखर मेहता, अनूप मित्तल, अल्पिका गर्ग, राजा जिंदल व दीक्षा परनामी की शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका रही।

# योग को पेटेंट कराना चाहते हैं कई देश

## आध्यात्मिक ज्ञान सिर्फ भारत के पास है जिसे दुनियाभर के लोग यहां सीखने आते हैं: भागवत

भाषा। सहारनपुर

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि दुनिया के कई देश योग को पेटेंट कराना चाहते हैं इसलिए हमें आगे आकर यह कहना पड़ता है कि योग भारत का है। पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु भारत भूषण द्वारा स्थापित मोक्षायतन योग संस्थान के 49वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, हमें संस्कृति का दूत बनना चाहिए। दुनिया के पास सिर्फ भौतिक ज्ञान है, आध्यात्मिक ज्ञान सिर्फ भारत के पास है जिसे दुनियाभर के लोग यहां सीखने आते हैं। योग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा, शरीर, मन और विवेक को जोड़ना ही योग है। उन्होंने कहा, जलाशय का जल यदि शांत है तो उसका तल दिखाई देगा, लेकिन वही जल अशांत हो तब ऐसा नहीं होगा। भागवत ने अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा, यही मनुष्य पर भी लागू होता है, योग धारण करने वाले व्यक्ति को कोलाहल में भी स्पष्ट सुनाई देता है। शांत चित वाला व्यक्ति कही भी बैठ जाए वह एकाग्र हो सकता है क्योंकि उसने अपने चित पर विजय पा ली है। उन्होंने कहा, प्रत्येक कार्य को सत्यम, शिवम, सुन्दरम की तरह सुव्यवस्थित तरीके से करना भी योग है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और योग परंपरा पद्धति दुनिया की सबसे प्राचीन है और अब पूरी दुनिया इसे मान रही है। समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा, योग प्राचीन जीवन पद्धति है और पांच हजार साल से अधिक पुरानी योग की विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा और इसके बाद योग दिवस की मंजूरी मिली। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी आपदा में योग ने लोगों को स्वस्थ रखने का काम किया। राज्यपाल ने कहा कि योग को किसी धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।



## साक्षी महाराज ने योगी की तुलना भगवान राम और कृष्ण से की

**कन्नौज।** उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना भगवान राम और कृष्ण से की। एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने कन्नौज आए साक्षी महाराज ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भगवान राम के पास धनुष था व भगवान कृष्ण के पास सुदर्शन चक्र और हमारे बाबा के पास बुलडोजर है जो भू माफियाओं के खिलाफ चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की 99 फीसदी जनता माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे बुलडोजर अभियान से प्रसन्न है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'जहां भगवान राम और कृष्ण के पास धनुष और सुदर्शन चक्र ब्रह्मांडीय हथियार थे, वही हमारे बाबा (योगी आदित्यनाथ) के पास बुलडोजर है जिसका इस्तेमाल भू माफियाओं के खिलाफ किया जा रहा है। विपक्ष के कई नेताओ द्वारा पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से जेल में मिलने को लेकर साक्षी महाराज ने कहा कि हम भी इस पर नजर रखे हुए है और सरकार भी नजर बनाए हुए है। गौरतलब है कि अतिक्रमण विरोधी अभियान पर राज्य सरकार ने कहा था कि वह पूरे उत्तर प्रदेश में बुलडोजर का इस्तेमाल कर सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटा रही है और माफियाओं की अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस कार्वाई की वजह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'बुलडोजर बाबा' के तौर पर ख्याति मिली है।अपने विवादास्पद बयान के लिए जाने जाने वाले साक्षी महाराज 2014 से अबतक लगातार दो बार उन्नाव से सांसद चुने गए है।

## रेलवे बोर्ड मेम्बर ने आरेडिका परिसर का किया दौरा



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में शनिवार को रेलवे बोर्ड के सदस्य (कर्षण एवं चल स्टाक) डीसी शर्मा ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इसी दौरान शर्मा ने सीएनसी रोबोटिक स्पाट वेल्डिंग मशीन का लोकार्पण, आरेडिका के महाप्रबंधक एवं पीसीएमई एसएस कलसी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। आरेडिकाके महाप्रबंधक एसएस कलसी ने बताया कि सीएनसी रोबोटिक स्पाट वेल्डिंग मशीन के उपयोग से समयए और श्रम की बचत होगी, जो वर्ष 2022-23 के कोच उत्पादन के रेलवे बोर्ड द्वारा प्राप्त लक्ष्यों को पूरा करने में यह मशीन मील का पत्थर साबित होगी। इसी क्रम में सदस्य ने आरेडिका प्रशांति परिसर और एडमिन बिल्डिंग का निरीक्षण किया और अधिकारियों से वार्ता की एवं आरेडिका में चल रही विभिन्न योजना.परियोजनाओं की प्रगति को देखा साथ ही साथ क्वालिटी कंप्लेंट एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही सदस्य ने फोर्जड व्हील प्लांट का दौरा किया एवं प्लांट में विकसित हो रहीं विभिन्न क्रियाकलापों का निरीक्षण किया तथा व्हील की आपूर्ति और गुणवत्ता से सम्बन्धित सुझाव दिये। इस दौरा उनके साथ फोर्जड व्हील प्लांट के सीजीएम डॉ श्रीनिवास एवं समीर हलधर मौजूद रहे। आरेडिका के विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने सदस्य से मुलाकात की और विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए ज्ञापन दिया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अधिकारी ईडी शैलेन्द्र कुमार एवं आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एनण्डीण्रावए प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता संजय अग्रवाल एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक महेश कुमार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो गुटों में झड़प के दौरान दो की गोली मारकर हत्या

मुजफ्फरनगर, भाषा

**उत्तर प्रदेश के** मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में पेड़ काटने को लेकर विवाद में दो गुटों के बीच हुई झड़प में, एक व्यक्ति और उसके रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद ने कहा कि जिले के जनसठ पुलिस थानांतर्गत अहरोडा गांव में एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच हुई झड़प में शिवशंकर (50) और उसके रिश्तेदार नकुल (28) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अहमद ने कहा कि झड़प में घायल हुए दो लोगों को भी गोली लगी है और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्होंने कहा कि हत्याकांड के बाद जगदीश कुमार और उसके बेटे सोनू को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक लाइसेंसी बंदूक तथा देसी तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर गांव में सुरक्षा बढ़ा दी है। जनसठ पुलिस थानांतर्गत क्षेत्र में चार दिन के भीतर दोहरे हत्याकांड की यह दूसरी घटना है। हरपाल (50) और उसकी पत्नी कौशल (48) मंगलवार को ऑटो रिक्शा से जा रहे थे जब उनकी रिक्शा से बाहर खींचकर चाकू से हत्या कर दी गई थी।

## सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बरला गांव के समीप दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो भाइयों को कुचल दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब आस मोहम्मद (23) और उसका भाई एजाज (22) अपनी बहन को ईद का तोहफा देकर रुड़की से बाइक से मुजफ्फरनगर लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गोंडा में तेज रफ्तार कार के पिकअप से टकराने पर दो की मौत, तीन घायल

**गोंडा (उप्र)।** गोंडा जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा-लखनऊ राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। गोंडा के अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि गोंडा-लखनऊ राजमार्ग पर भभुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत भुलियापुर मोड़ के पास लखनऊ जा रही तेज रफ्तार इको स्पोर्ट कार अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में चली गई और राजधानी की तरफ से तरबूज लादकर वापस गोंडा आ रहे पिकअप (छोटे ट्रक) से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में कार सवार गिरजेश सिंह (38) और हर्ष सिंह (24) निवासी कस्बा मनकापुर, जनपद गोंडा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिवाकर सिंह, अतुल सिंह व अंकित पाण्डेय घायल हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। शवों का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में नियमानुसार वैधानिक कार्वाई की जाएगी।

## चाचा-भतीजा की गोली मारकर हत्या, तीन घायल

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ थाना क्षेत्र के अहरोडा गांव में एक विवाद के चलते शनिवार को चाचा-भतीजा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में तीन अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शनिवार को जानसठ थाना क्षेत्र के अहरोडा गांव में दो गुटों के बीच जमीनी विवाद में हुई झड़प में शिव शंकर (50) व उसके भतीजे नकुल (28) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस विवाद में गोली लगने से पीड़ति पक्ष के ही तीन अन्य घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी शकील अहमद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस सिलसिले में दो लोगों जगेश कुमार और उसके बेटे सोनू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाइसेंसी बंदूक और एक पिस्टल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार खेत की मेड़ से एक पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में जगेश और उसके बेटे सोनू ने इस घटना को अंजाम दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अपराध में प्रयुक्त हथियार बरामद किए। सीओ ने कहा कि झड़प के दौरान हथियारों और लाठियों का इस्तेमाल किया गया। अहमद ने बताया कि गांव में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और अतिरिक्त पुलिस तैनात की गई है। चार दिनों के भीतर थाना जानसठ क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड की यह दूसरी घटना है। इसके पहले 26 अप्रैल को जानसठ थाना क्षेत्र के खलवाडा गांव में हरपाल (50) और उसकी पत्नी कोशल (48) की ई-रिक्शा से खींचकर हत्या कर दी गई थी।

## बच्चों का स्कूल में घास साफ करता वीडियो वायरल एबीएसए को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का दिया निर्देश

**बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश)।** बुलंदशहर जिले के ऊंचा गांव ब्लॉक के एक सरकारी स्कूल में बच्चों का स्कूल परिसर में उगी हुई घास दरांती से साफ करने का वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ने एबीएसए (खंड शिक्षा अधिकारी) को प्रतिकूल प्रविष्टि और स्कूल के शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने शनिवार को बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में ऊंचा गांव स्कूल में बच्चे घास काटते दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, कायाकल्प अभियान के तहत स्कूल में बागवानी की जानी थी और स्कूल के शिक्षक तथा बच्चे उसमें श्रमदान कर रहे थे लेकिन यह आपत्तिजनक है। उन्होंने बताया कि इसके लिए ऊंचा गांव ब्लॉक के एबीएसए (खंड शिक्षा अधिकारी) को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने और स्कूल के शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं। सिंह ने बताया कुछ दिन पहले भी एक सरकारी स्कूल का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें बच्चों से स्कूल का शौचालय साफ कराया जा रहा था, वहां के शिक्षकों को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई थी। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिक्षकों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि बच्चों से कोई भी ऐसा काम न कराया जाए जो उनसे अपेक्षित न हो।

## बलिया में रेल पटरी पर युवक-युवती का शव मिला

**बलिया (उप्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे के बलिया-छपरा रेल प्रखंड में रेल पटरी पर एक युवक और युवती का शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार बलिया-छपरा रेल प्रखंड में बकुल्हा-माझी रेल स्टेशनों के मध्य माझी रेल पुल पर शुक्रवार को एक युवक व युवती का शव मिला। दोनों की उम्र 20 से 25 वर्ष के मध्य है। बकुल्हा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर पीआर पटेल ने अप सद्भावना एक्सप्रेस से कटकर दोनों की मौत होने की आशंका जताई है। बैरिया के पुलिस उपाधीक्षक अशोक मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही बैरिया पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## मुरादाबाद जेल में संभल के विचाराधीन कैदी की मौत

**संभल (उप्र)।** मुरादाबाद कारागार में संभल निवासी एक विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। संभल के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के राज मोहल्ले के निवासी होरीलाल वाल्मीकि (30) की शुक्रवार शाम मुरादाबाद जेल में बीमारी की वजह से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि होरीलाल 21 अप्रैल को अपने घर के पास दूसरे समुदाय के घर में निर्वस्त्र होकर घुस गया था, जिस पर महिलाओं द्वारा उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया। वहां के लोगों द्वारा उक्त युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर 21 अप्रैल को ही उसे जेल भेज दिया था। शुक्रवार की शाम युवक की मौत हो गई। एसपी ने बताया कि परिजनों के आग्रह पर रात में ही शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया। पोस्टमार्टम में कोई कारण स्पष्ट नहीं हुआ, इसलिए विसरा सुरक्षित रख दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले की न्यायिक अधिकारी द्वारा जांच की जाएगी।

## मार्ग दुर्घटनाओं में अधिवक्ताओं सहित तीन घायल

**बिंदकी** (फतेहपुर)। दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो अधिवक्ताओं सहित कुल 03 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दुर्घटनाओं के बाद हडकंप मचा रहा। मौके पर भारी भीड़ लगी रही।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मिलकिन खेड़ा गांव के समीप अचानक सामने आ गए कुत्ते से टकराकर अनियंत्रित बाइक से गिरकर अधिवक्ता आनंद शुक्ला उम्र 42 वर्ष पुत्र छेदी लाल शुक्ला निवासी मोहल्ला कृष्णागंज कस्बा बिंदकी तथा उसी बाइक में सवार अधिवक्ता अंशुल बाजपेई उम्र 25 वर्ष पुत्र कृपा शंकर बाजपेई निवासी मोहल्ला मीरखपुर कस्बा बिंदकी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हड़कंप मचा रहा। दोनों अधिवक्ताओं को घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी ओर कोतवाली दिन की क्षेत्र के अंतर्गत फरीदपुर मोड़ में दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक में सवार बृजेश उर्फ पिंटू उम्र 40 वर्ष पुत्र राम शंकर निवासी फरीदपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## ओटी इंचार्ज नही हटा तो कर्मी नही करेगे अस्पताल में काम

**हमीरपुर।** जिला महिला अस्पताल का विवाद एक मर्तवा फिर तूल पकड़ लिया है। अस्पताल के कर्मचारियों ने डीएम को पत्र लिखकर साफ कहा है कि यदि ओटी इंचार्ज विनीता सचान को नही हटाया गया तो कर्मचारी काम नही कर पायेगे। अस्पताल की महिला सीएमएस डा.फौजिया अंजुम नोमानी ने बताया कि ओटी इंचार्ज विनीता सचान के कारण अस्पताल का माहौल खराब हो रहा है। मरीजो के झूठे वीडियो बनाये जा रहे है। अस्पताल के कर्मचारी राधा,सुरेंद्र चौधरी,सुनील,कमलापति,लीलावती,बीके दिवेदी,गनेश बाबू,डिंपल,धर्मेंद्र सिंह,उमादेवी,डा अंशू मिश्रा,डा. बैशाली आदि कर्मियो ने बताया कि ओटी में काम करने का माहौल नही रह गया है। सीएमएस ने बताया कि विनीता सचान ने समीना नामक आया से साजिश के तहत कहा कि महिला का आपरेशन सीएमएस ने किया है और पैसे लिये है। इसके लिये मरीज को भड़काया जाये ताकि मरीज अस्पताल में हंगामा कर सके। जब कि आपरेशन डा अंशू मिश्रा ने किया था। इस साजिश का खुलासा हो गया है। कर्मियो ने डीएम को बताया कि यदि विनीता सचान को नही हटाया गया तो वह अस्पताल में काम नही कर पायेगे।

# अलीगढ़ में हिरासत में मौत के बाद हंगामा

**अलीगढ़,।** अलीगढ़ में दो परिवारों के बीच झड़प के बाद पुलिस द्वारा ले जा रहे एक व्यक्ति की कथित तौर पर पुलिस की गाड़ी में सवार होने के बाद शनिवार को मौत हो गई। इस घटना के बाद जिले के चंदौस थाने में आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा किया। सगीर (55) के रूप में पहचाने गए पीड़ति के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शनिवार को पुलिस हिरासत में उसकी मौत हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने संवाददाताओं को बताया कि गांव जमुका में शनिवार की सुबह उस समय हंगामा हुआ, जब पड़ोसी बुलंदशहर जिले के सगीर के बेटे के ससुराल के कुछ लोग गांव आए और उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई। उन्होंने बताया कि सगीर के परिवार और उसके बेटे के ससुराल वालों के बीच नोकझोंक हिंसा में तब्दील हो गई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल को रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि सगीर के बेटे और उसके ससुराल वालों के बीच घरेलू विवाद के चलते तनाव पैदा हो गया था। नैथानी ने बताया कि पुलिस सगीर को अस्पताल ले गई, जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच और स्थिति का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक (नगर) सहित दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को गांव भेजा गया है। एसएसपी ने यह भी कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

**आगरा में हिंदू महासभा ने गोवंशीय मवेशियों से भरा कंटेनर ट्रक पकड़ा:** आगरा,। हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गोवंशीय मवेशियों से लदा एक कंटेनर ट्रक पकड़ पुलिस को सौंपा। इस दौरान चालक और परिचालक मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने यह जानकारी दी। अछनेरा के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही ने बताया कि कंटेनर ट्रक से बरामद 18 गोवंशीय पशुओं को सिकंदरा क्षेत्र के बाईंपुर में स्थित नंदी गोशाला में भेज दिया गया है। सिरोही ने बताया कि पुलिस ने कंटेनर ट्रक जब्त कर लिया है और इस मामले में कंटेनर ट्रक मालिक और चालक व परिचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।पुलिस के अनुसार हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं को एक कंटेनर ट्रक में गोवंश पशुओं के होने की शनिवार सुबह जानकारी मिली जिसके बाद उन्होंने इसे रुकवाने का प्रयास किया। आगरा के न्यू दक्षिणी बाईपास से गुजर रहे इस कंटेनर ट्रक को चालक व परिचालक थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव कराहरा पर स्थित बालाजी ढ़ाबे के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने पुलिस कंट्रोल रूम में इसकी जानकारी दी जिसके बाद थाना मलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और गोवंशीय पशुओं को गोशाला भिजवाया।

## कूड़े के ढेर में मिलीं कोविशील्ड टीके की शीशियां

भाषा। कन्नौज

**कन्नौज जिले** के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविशील्ड टीके की कई शीशियां (वायल) कूड़े के ढेर में पाए जाने का मामला सामने आया है।

दूसरी तरफ टीके की दूसरी खुराक लगे बिना ही लोगों की मोबाइल पर दूसरी खुराक लगाए जाने की सूचना आने की भी शिकायत मिली है। कोविशील्ड टीके (वैक्सीन) की कई शीशियां जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कूड़े के ढेर में मिलीं। इसके अलावा टीके की दूसरा खुराक लगे बिना मोबाइल पर संदेश आने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। इस संबंध में सीएचसी के अधीक्षक डॉ. महेन्द्र भान सिंह ने कहा कि एक शीशी में दस मरीजों की खुराक होती है। इस संबंध में सीएचसी के अधीक्षक डॉ. महेन्द्र भान सिंह ने कहा कि एक शीशी में दस मरीजों की खुराक होती है। कई बार 5,6 लोगों को खुराक लगाई जाती है और तीन चार घंटे के बाद कोई अन्य मरीज नहीं आता है, तो शीशी को हटा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि नियम यह भी है कि 10 लोग हो जाने के बाद ही शीशी खोलकर सभी को एक साथ वैक्सीन लगाई जाए। जलालाबाद क्षेत्र के तिलपई गांव के रहने वाले विमल यादव और निर्मल कुमार ने बताया कि उन्हें कोरोना की दूसरी खुराक नहीं लगी, लेकिन उनकी मोबाइल पर दूसरी खुराक लगने का संदेश आ गया। इसी तरह जलालाबाद की पूनम देवी ने बताया कि उनके पति अजय कुमार दूसरी डोज लगवाने सीएचसी गए तो वहां कर्मचारियों ने बता दिया कि उनको वैक्सीन लग चुकी है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि यह गंभीर मामला है और इस मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्वाई होगी।

# किशोरी ने सौतेली मां पर देह व्यापार कराने का लगाया आरोप

भा ा। शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर जिले** में एक सौतेली मां द्वारा दो सहयोगियों के साथ मिलकर अपनी 16 वर्षीय बेटी को बंधक बनाकर कथित रूप से देह व्यापार कराए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी महिलाओं की तलाश कर रही है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने शनिवार को बताया कि पुवायां थाने में शुक्रवार रात को पहुंची एक 16 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया कि उसकी सौतेली मां उससे पिछले एक वर्ष से देह व्यापार करा रही है। उन्होंने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि किशोरी से उसकी सौतेली मां सरला देवी तथा मुन्नी देवी एवं मिथिलेश एक साल से देह व्यापार करा रही थी। शिकायत के मताबिक किशोरी को बंधक बनाकर

**● मामला दर्ज,शिकायत के मताबिक किशोरी को बंधक बनाकर रखा जाता है और कड़ी निगरानी की जाती है, किशोरी का आरोप है कि डरा धमकाकर लोगों के साथ संबंध बनाने को बाध्य किया जा रहा था**

रखा जाता तथा कड़ी निगरानी की जाती है। किशोरी का आरोप है कि डरा धमकाकर लोगों के साथ संबंध बनाने हेतु उसे बाध्य किया जा रहा था। बाजपेई ने बताया कि किशोरी की सौतेली मां उसको मिथिलेश के घर ले गई, जहां तीन दिनों से उसे लगातार लोगों के साथ संबंध बनाने पड़ रहे थे। तभी मौका पाकर वह शुक्रवार रात में भागकर थाना पुवायां पहुंच गई और उसने पुलिस को आपबीती बताई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने किशोरी की सौतेली मां सरला देवी, मुन्नी देवी एवं मिथिलेश के विरुद्ध पॉक्सो सहित देह व्यापार अधिनियम के अलावा गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा है। एसपी ने बताया कि एक टीम गठित कर आरोपी महिलाओं की तलाश की जा रही है। बाजपेई ने बताया कि किशोरी का पिता पीलीभीत जिले के पूरनपुर कस्बे का रहने वाला है। जब किशोरी दो वर्ष की थी तभी उसकी मां की मौत हो गई। इसी बीच किशोरी के पिता सरला से दूसरी शादी कर ली। शादी के बाद सौतेली मां सरला ने साथ रह रही किशोरी को देह व्यापार के धंधे में उतार दिया।



नाइजीरिया के विदेश मंत्री जेफ्री ओन्यामा ने शनिवार को ऐतिहासिक ताजमहल का भ्रमण किया, इस दौरान उन्होंने फोटो भी खिंचवाई


## सवाल परफॉर्मेंस का

योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में सभी विभागों में काम तो ठीक-ठाक चल रहा है लेकिन बिजली महकमा इस समय विपक्ष के निशाने पर है। बिजली विभाग के नए मंत्री को विभाग संभाले हुए करीब एक माह पूरा हो गया है लेकिन प्रदेश में बिजली संकट को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। ऐसे में लाजमी है कि पूर्व बिजली मंत्री और उनके खास अधिकारियों का मन ही मन बिजली संकट पर सवाल खड़े करना अब जगजाहिर होने लगा है। कारपोरेशन में कई ऐसे अधिकारी हैं जो अभी भी पूर्व मंत्री के ही खास हैं और वह इस समय इस संकट में सरकार के साथ खड़े होने की बजाय अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं। मंत्री महोदय लगातार समीक्षा करके इस संकट को समाप्त करने की मुहिम में लगे हुए हैं जबकि पावर कारपोरेशन के अधिकारी उनका सहयोग नहीं कर रहे हैं। यहां तक की टॉप लेबल पर बैठे अधिकारी भी माननीय का सहयोग बिल्कुल नहीं कर रहे हैं अब क्योंकि महाराज जी ने भी समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि कटौती मुक्त उत्तर प्रदेश को रखा जाए ऐसे में जब मंत्री महोदय को अपनी परफॉर्मेंस दिखाने का समय आया तो उनका समय विपक्ष के आरोपों का जवाब देने में व्यर्थ जा रहा है। इससे सरकार के ही विरोधी खेमा अब मन ही मन प्रफुल्लित हो रहा है। अब तो सरकार से लेकर संगठन में यह चर्चा होने लगी है कि इससे पहले बिजली की व्यवस्था पिछले वाले मंत्री महोदय के पास ज्यादा बेहतर थी। जाहिर है कि अब अपनी परफॉर्मेंस ठीक करने और अच्छी दिखाने के लिए मंत्री महोदय दिन रात एक किए हुए हैं।



## मंत्री और मजार

यूपी की भाजपा सरकार के एक सबसे पावरफुल मंत्री है। दोबारा सत्ता में आने के बाद सरकार के इस मंत्री ने लोकभवन के अपने खूबसूरत आफिस में अचानक बैठना कम कर दिया है। उनकी नयी पसंद अब वह दफ्तर बन गया है जिसमें वह पांच साल पहले बैठा करते थे। सरकार के यह पावरफुल मंत्री अपना ज्यादातर सरकारी कामकाज एनेक्सी में बने आफिस से निपटा रहे है। यहां तक की कैबिनेट की बैठकों की प्रेस बीफ्रिंग भी एनेक्सी से होने लगी है। भाजपा सरकार और उसके पावरफुल मंत्री की अचानक बदली पसंद और मिजाज के पीछे की वजह कुछ भी हो लेकिन इस बदलाव को लेकर सत्ता के गलियारे में कानाफूसी पूरी जोरदारी से चल रही है। इन चर्चाओं में कहा जा रहा है कि मंत्री जी का लोकभवन में जिस जगह दफ्तर है उसके ठीक नीचे मजार पड़ती है जो लोकभवन के बनने के बाद आज भी सुरक्षित है। अपने दफ्तर के नीचे मजार का होना मंत्री जी को पसंद नहीं सो उन्होंने ज्यादातर सरकारी कामकाज अपने पुराने दफ्तर में बैठकर ही निपटाना शुरू कर दिया है। जानकार बताते हैं कि पहले भाजपा सरकार के इस मंत्री को मजार वाली बात पता नहीं थी। बहरहाल हकीकत जो भी हो लेकिन मंत्री जी के इस बदलाव की चर्चा सत्ता और शासन के गलियारे में जोरों पर चल रही है।




## सड़क पर साहब

कोर्ट के आदेश पर सड़क के किनारे व्याप्त अतिक्रमण को हटाने का बीड़ा जिला प्रशासन के बड़े साहब ने उठाया है। पीआईएल पर बड़े साहब ने आनन फानन में सड़कों पर निकल कर काम चालू कर दिया है। अतिक्रमण करने वालों से ही अतिक्रमण हटाने की गुजारिश करते फिर रहे अधिकारी, अब देखना यह है कि कितने दिनों तक इस गुजारिश को पटरी दुकानदार मानेंगे, यह बड़ी बात। बड़े साहब इससे पहले भी अतिक्रमण और जाम जैसी परिस्थितयों को खत्म करने के लिए कई कदम उठा चुके हैं, लेकिन अभी तक शहर की सूरत नहीं सुधर पाई। साहब ने दो दिन का समय देकर अतिक्रमण करने वाले रेहड़ी पटरी और दुकानदारों से बात चीत कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया, जिससे लोगों को सहुलियत हो सके। अब छह मई को दोबारा साहब सड़कों का हाल जानने निकलेंगे। अब ऐसे में साहब क्या कार्यवाही करेंगे, कुछ इंतजार के बाद पता चलेगा।

## दावों से परे हकीकत

अपने चिकित्सा संस्थान के जनरल साहब व्यवस्था सुधार के कितने भी दावे करें लेकिन हकीकत अभी भी कोसों दूर है। यह बात दीगर है कि एक-दो दिन सब कुछ ठीक-ठाक लगे, पर उसके बाद तो गाड़ी हमेशा की तरह पटरी से उतर जाती है। अभी पिछले दिनों की बात है, कानून वाले विभाग से निकलकर सेहत वाले महकमे की नई-नई जिम्मेदारी संभालने वाले मंत्री जी खुद ही व्यवस्था का मौका मुआयना करने पहुंच गए। मौके पर आप बीती व जगबीती देख भड़क गए। उन्होंने इसके लिए फटकार भी लगाई। व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए। मंत्री जी के जाने के कुछ दिन बाद संस्थान की तरफ से मरीजों की सहूलियत के लिए और लाइनें बिछवा दी गई। मंत्री जी तक बात पहुंचाने के लिए खबर भी छपवा दी गई। एक-दो दिन तक तो लगा कि मरीजों का दर्द कम हुआ पर तीसरे दिन से वही पुराना दर्द फिर से जाग गया है। अभी भी इस रूट की लाइनें व्यस्त मिलती हैं। अब ऐसे में मंत्री जी को चाहिए कि आईवीआरएस सिस्टम लागू कर दें, जिससे हर एक को जब चाहे तब मौका मिल सके। नहीं तो इस रूट की लाइनें हमेशा की भांति व्यस्त ही मिलेंगी।



## पूरी होगी इच्छा ?

बड़ी बेसब्री से इंतजार है सदन शुरू होने का। 28 मई को कार्यकाल जो समाप्त हो रहा। प्रत्येक दिन गिन-गिन के बीत रहे हैं। पहले इस बात का संघर्ष था कि पद मिल जाए। अब जब बड़े सदन में नेता प्रतिपक्ष का पद मिल गया है तो सदन शुरू नहीं हो रहा है। नेताजी की इच्छा है कि एक बार ही सही कम से कम सदन में नेता प्रतिपक्ष बनकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सामने बैठा तो जाए। बड़े संघर्ष के बाद तो यह पद मिला है। इस पद को हासिल करने के लिए कभी व्यापारी बनना पड़ा, कभी पत्रकार बनना पड़ा, तो कभी नेता बनना पड़ा। अब जब कार्यकाल खत्म होने का समय आया तब बड़े सदन में नेता प्रतिपक्ष का पद मिला। धन्यभाग समाजवादी मुखिया का जिन्होंने इन नेताजी को कम से कम नेता प्रतिपक्ष के लायक तो समझा। वैसे देखा जाए तो इन महोदय को कभी किसी ने नेता के रूप में सीरियस लिया ही नहीं। ज्यादातर समाजवादी इन्हें शुरू से धनकुबेर ही समझते रहे।

# अनपरा विद्युत गृह को होगी 10 लाख मीट्रिक टन कोयले की आपूर्ति: एके शर्मा

● **ट्रेन के साथ अब रोड से भी होगी कोयले की अत्यधिक ढुलाई**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए पावर कारपोरेशन युद्ध स्तर पर प्रयास कर रहा है। इस क्रम में प्रदेश के सबसे अधिक क्षमता के ताप विद्युत गृह अनपरा 263 मेगावाट की इकाइयों के लिए 10 लाख मीट्रिक टन कोयला भारत सरकार की संस्था नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड की खदानों से रोड कम रेल माध्यम से लेने का निर्णय लिया गया है। ऊर्जा मंत्री ने बुंदेलखंड के बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने कहा कि ट्रेन के साथ अब रोड से भी कोयला की अत्यधिक ढुलाई होगी। उन्होंने कहा कि कोयले की शीघ्र आपूर्ति के लिए औपचारिकताएं पूर्ण करने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इस अतिरिक्त कोयले की आपूर्ति से अनपरा उत्पादन गृह में कोयले का पर्याप्त भण्डारण बना रहेगा जिसका उपयोग अवश्यक्तानुसार किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि अनपरा में उत्पादित सम्पूर्ण बिजली का उपयोग प्रदेश की आपूर्ति व्यवस्था में होता है। ऊर्जा मंत्री ने बताया है कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए टोल फ्री नम्बर 1912 की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। स्थानीय दोषों को कम से कम समय में ठीक कराने की कोशिश हो रही है। पारीक्षा की उत्पादन इकाई को अधिकतम उत्पादन करने के लिए उन्होंने निर्देश दिए हैं। उन्होंने वितरण एवं ट्रांसमिशन से जुड़े अधिकारियों को छुट्टियों में भी कार्य करने का आग्रह किया। साथ ही सबको जनता से संवाद रखने एवं जन प्रतिनिधियों से सम्पर्क में रहने के लिए निर्देशित किया है। ट्रान्सफार्मर की त्वरित उपलब्धि के लिए ज़िले के साथ-साथ उप केंद्र स्तर पर भी ट्रान्सफॉर्मर उपलब्ध रखने के लिए कहा है। अन्य मटीरियल भी उपलब्ध कराने एवं अतिरिक्त वाहन रखकर रिपेयरिंग के कार्य को प्राथमिकता से करने को कहा जिससे पेड़ गिरने और लटकते तार लड़ने जैसे कारणों से आपूर्ति बाधित ना हो।

## कौशल विकास से जुड़ेंगे हेल्थ के पांच नए कोर्स

**लखनऊ।** कौशल विकास मिशन में स्वास्थ्य से जुड़े पांच नए कोर्सों को जल्द शामिल किया जाएगा। जिसमें ओटी टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी, टेक्नीशियन एनेस्थीसिया, टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन और एमआरआई टेक्नीशियन के कोर्स हैं। योगी सरकार ने पिछले 5 सालों में स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यह इसी का परिणाम रहा की अपने पिछले कार्यकाल में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिली हैं। ऐसे में योगी सरकार 2.0 ने आने वाले पांच सालों के लिए एक बेहतरीन रोडमैप तैयार कर लिया है। पिछले कई दशकों से यूपी की स्वास्थ्य सुविधाओं में रोढ़ा बने मानव संसाधन के लिए सरकार ने एक बेहतरीन योजना के तहत काम करने जा रही है। सरकार नर्सिंग पैरामैडिकल में गुणात्मक सुधार करेगी। सरकारी मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना और सीट में वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। प्रदेश में छह माह में पांच नर्सिंग स्कूल, तीन पैरामैडिकल को क्रियाशील किया जाएगा वहीं 24 स्किल लैब का शिल्यान्यास किया जाएगा। नीट के जरिए से जीएनएम और बीएससी नर्सिंग में प्रवेश किया जाएगा। अगले पांच सालों में 49 से अधिक नर्सिंग स्कूल क्रियाशील होंगे वहीं पैरामैडिकल के लिए 49 क्रियाशील होंगे।

# पेंशनरों की मुश्किलें खत्म करेगा ई-पेंशन पोर्टल

● **पेंशन, ग्रेच्युटी के लिए नहीं करना होगा इंतजार, सीएम आज करेंगे नई व्यवस्था की शुरुआत**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरकारी** सेवा से निवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब पेंशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वित्त विभाग ने पेंशन पोर्टल तैयार किया है, जहां रिटायरमेंट के छह माह पहले से ही कर्मचारी के आवेदन के साथ ही पेंशन आदि की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। तीन माह शेष रहने तक पेंशन, ग्रेच्युटी आदि के भुगतान के आदेश जारी हो जाएंगे। कल रविवार क लखनऊ स्थित लोकभवन सचिवालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस नई व्यवस्था की औपचारिक शुरुआत करेंगे।

विदित हो कि अब तक लागू व्यवस्था में पेंशनर को ही सारे अभिलेख जुटाने पड़ते थे और भागदौड़ करनी पड़ती थी। पेंशनर के पेंशन प्रपत्र और सेवा संबंधी अभिलेख डाक द्वारा पीपीओ निर्गत करने वाले प्राधिकारी को भेजे जाते थे जिसमें काफी समय लगता था। यदि पेंशन प्रपत्रों में कोई कमी अथवा त्रुटि पाई जाती थी तो उसे वापस डाक द्वारा संबंधित कार्यालय को भेजा जाता था और वहां से त्रुटि का निराकरण होने के उपरान्त फिर से उक्त अभिलेख पीपीओ निर्गतकर्ता को भेजे जाते थे। इस व्यवस्था में पारदर्शिता का अभाव था। शासन स्तर से समय से पेंशन प्रकरणों का निस्तारण करने आदेश तो थे, लेकिन व्यवहार में लोगों को अनेक दिक्कतें होती थीं। सीएम योगी के इस प्रयास से पेंशनरों की मुश्किलें खत्म हो जाएंगी और सेवानिवृत्त होने पर आसानी से पेंशन और ग्रेच्युटी आदि का भुगतान भी हो जाएगा।

# आजादी के जश्न तक लबालब होंगे सभी अमृत सरोवर

● **प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में होगा 75 अमृत सरोवर का निर्माण**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** के जश्न (15 अगस्त) तक राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित सभी अमृत सरोवर को पानी से लबालब भरने का लक्ष्य सरकार ने तय किया है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भी 75-75 अमृत सरोवरों का निर्माण होगा। आगामी 15 अगस्त तक इन अमृत सरोवरों का निर्माण पूर्ण किया जाना है ताकि जश्ने आजादी पर ये सरोवर पानी से लबालब दिखें।

पीएम मोदी और सीएम योगी जल संरक्षण को लेकर संवेदनशील हैं। इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव में भी जल संरक्षण हेतु अमृत सरोवरों की परिकल्पना को साकार करने का अभियान शुरू किया गया है। सीएम योगी के निर्देश पर जनपदीय प्रशासन ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। निर्मित होने वाले इन अमृत सरोवर पर निगरानी रखने के लिए बकायदा एमआईएस पोर्टल निर्मित किया गया है। अमृत सरोवरों का विकास ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के केंद्रीय वित्त टाइड और अनटाइड राज्य वित्त आयोग एवं मनरेगा में मिलने वाली धनराशि से किया जाएगा। शासन स्तर से हर जिले को कम से कम एक एकड़ क्षेत्रफल के 100-100 तालाब की सूची उपलब्ध करा दी गई है। प्रत्येक जिला पंचायत कम से कम 5 अमृत सरोवरों, प्रत्येक क्षेत्र पंचायत कम से कम 3 अमृत सरोवर का निर्माण करेगी। इन सरोवरों में सालभर जल की उपलब्धता बनी रहे, इसके इंतजाम भी किए जाएंगे। इन्हें मुख्यत वर्षा जल संचयन कर भरा जाएगा।

## धार्मिक स्थलों से अब तक 45 हजार से ज्यादा लाउडस्पीकर हटाए गए

**लखनऊ।** विभिन्न राज्यों में लाउडस्पीकर के कारण हुए विवाद के बाद यूपी में बड़ी संख्या में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश के धार्मिक स्थलों से अब तक 45773 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं जबकि 58861 की आवाज कम की गई है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने शनिवार को बताया कि शासन की ओर से हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराए जाने के लिए 30 अप्रैल तक की डेड लाइन तय की गई थी। उसी के अनुसार ये कार्रवाई की जा रही है। लखनऊ में सभी मस्जिदों में लाउडस्पीकर की आवाज को कम करने के साथ हनुमान सेतु में लाउडस्पीकर हटाया गया है। अब बिना माइक के मंदिर में आरती हो रही है। इसके अलावा वाराणसी, प्रयागराज, मथुरा, आजमगढ़, मेरठ, कानपुर, अयोध्या, अलीगढ़, सहारनपुर, बिजनौर, बरेली, हमीरपुर, इटावा, मिर्जापुर, गोरखपुर, झांसी व महोबा में भी बड़े पैमाने पर धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर या तो हटवाए गए हैं या फिर उनकी आवाज कम की गई है।

# पीएफ घोटाले में आईएएस अफसरों से नहीं होगी पूछताछ, मिली क्लीन चिट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिजली** विभाग में हुए पीएफ घोटाले में अब आईएएस अफसरों से पूछताछ नहीं होगी। ईओडब्ल्यू की जांच के आधार पर राज्य सरकार ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। इस घोटाले में तीन वरिष्ठ आईएएस अफसरों संजय अग्रवाल, आलोक कुमार प्रथम व अर्पणा यू. की भूमिका की जांच की जा रही थी। सीबीआई ने कुछ समय पहले इन तीनों से पूछताछ की अनुमति मांगी थी। ईओडब्ल्यू को दिए बयान में संजय अग्रवाल ने अपने हस्ताक्षर को फर्जी बताया था। अब नियुक्ति व कार्मिक विभाग ने इन हस्ताक्षरों की फोरेंसिक जांच का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया है। ईओडब्ल्यू ने उनके हस्ताक्षरों की फोरेंसिक जांच करवाई थी जिसमें हस्ताक्षर फर्जी पाए गए थे। उनके बाद चेयरमैन बने आलोक कुमार के इससे संबंधित एक कागज पर हस्ताक्षर जरूर मिले लेकिन उन्होंने यह हस्ताक्षर पूर्ववर्ती चेयरमैन के हस्ताक्षर देखकर कर किए थे। इसे गुड फेथ में किया गया हस्ताक्षर माना गया। अपर्णा यू. के हस्ताक्षर इस मामले से संबंधित एक बैलेंस शीट पर मिले हैं लेकिन इससे यह पता नहीं चलता कि राशि कहां निवेश की गई है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड में 2019 में पीएफ घोटाला सामने आया था। पहले इसकी जांच ईओडब्लू ने की और बाद में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। सीबीआई ने इस मामले में छह मार्च 2020 को आईपीसी की धारा 409, 420, 467, 468 और 471 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। यह एफआईआर लखनऊ के हजरतगंज थाने में दो नवंबर 2019 को दर्ज कराई गई एफआईआर पर आधारित है। तब सरकार ने इस मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन को सौंप दी थी। इस घोटाले में यूपीपीसीएल के तत्कालीन एमडी एपी मिश्रा, तत्कालीन निदेशक वित्त सुधांशु द्विवेदी, कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट के तत्कालीन सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता व डीएचएफएल के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित प्रकाश समेत 17 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## सीएम ने श्रमिकों को दी बधाई

**लखनऊ।** सीएम योगी ने मई दिवस पर कामगारों और श्रमिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मई दिवस हमारे कामगारों एवं श्रमिक वर्ग की कड़ी मेहनत और उपलब्धियों के सम्मान का आयोजन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और सरकार श्रमिक हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हुए उनके श्रम को सम्मान देने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर हम सभी को प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए मई दिवस के कार्यक्रम सम्पन्ने करने की अपील की है।

# बीमा कंपनी के अफसर बनकर ठगने वाले नौ जालसाज गिरफ्तार



● **2018 से अब तक गिरोह ने विभिन्न कंपनियों के नाम पर बेचीं 5000 फर्जी बीमा पॉलिसी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विभिन्न** बीमा कंपनियों के अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना सहित नौ लोगों को यूपी एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार कर उनके पास से 26 लाख रूपए बरामद किए हैं। गिरोह एलआईसी, आरबीआई और इंश्योरेंस रेगुलरटी एंड डेवलेपमेंट अथारिटी के नाम पर फर्जी कर करोड़ों रूपए की ठगी की थी जिनको कीर्तिनगर, फर्नीचर मार्केट, दिल्ली पश्चिम से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में देवेंद्र सिंह मेरठ, मोहित कुमार फतेहपुर, आगरा, रजनीश शुक्ला प्रतापगढ़, रोहित कुमार सिंह जमुई बिहार, गणेश गौतमबुद्धनगर, सुनील सैनी करनाल हरियाणा, स्वदेश पाल फतेहपुर, आनंद कुमार मिश्रा प्रतापगढ़ और सोभित कुमार पाण्डेय नई दिल्ली हैं जिनके पास से मोबाइल, लैपटाप, डेस्कटाप, सीपीयू, हार्ड डिस्क, मोहर, चेक बुक, क्रेडिट कार्ड 28 हजार पेज अनाधिकृत डेटा, 1000 पेज अजकिस्म कागजात बरामद हुआ है।

एसटीएफ के अनुसार इंश्योरेंस में बोनस दिलाने, ऐजेन्ट कोड हटवाने व बन्द पालिसी का क्लेम दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। जिस सम्बन्ध में एसटीएफ उप्र की विभिन्न टीमों/इकाईयों और साइबर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। अभिसूचना संकलन के दौरान ज्ञात हुआ कि थानाकृष्णानगर कमिश्नरेट लखनऊ में आशा मिश्रा द्वारा एक मुकदमा दर्ज कराया गया है जिसमें बीमा एजेंट द्वारा उनसे पिछले 6 माह के अन्दर इन्श्योरेन्श एजेन्टों द्वारा अपने कमीशन के लिए 22 लाख रुपए की भारती एक्सा लाइफ व मैक्स लाइफ इन्श्योरेन्श की 13 बीमा पालिसी धोखे से करा ली गयी है। इस मामले में एसटीएफ को पता चला कि उक्त गिरोह ठगी का यह काम एनसीआर में कर रहा है। गिरोह के लोग काल सेन्टर खोलकर चोरी से लिए गये डेटा पर काल कराकर भारत सरकार, आरबीआई, विभिन्न बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम व विभिन्न इन्श्योरेन्स कम्पनियों का खुद को अधिकारी बताकर ठगी का काम कर रहे हैं। साथ ही सूचना मिली कि गिरोह के सरगना देवेन्द्र सिंह कीर्तिनगर फर्नीचर मार्केट दिल्ली पश्चिमी में मौजूद है। उक्त सूचना पर साइबर क्राइम टीम द्वारा उक्त स्थान से गिरोह के सरगना सहित 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरोह के सरगना देवेंद्र सिंह व उसके सहयोगी आनंद कुमार मिश्रा व मोहित सिंह ने पूछताछ में बताया कि हम ईडीओडीसीडी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के अतिरिक्त और भी चार पांच कंपनियां अपने ऑफिस के कर्मचारियों के नाम पर रजिस्टर्ड कराए हुए हैं।

## यूपी स्वास्थ्य इंडेक्स में सबसे निचले स्तर पर: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य इंडेक्स में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्री के दौरों के बाद भी हालात में बदलाव का कोई संकेत नहीं दिखाई दे रहा है। विज्ञापनों पर सब कुछ ठीक ठाक है पर धरातल पर सब चौपट नजर आता है। अखिलेश ने कहा कि शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज में वार्डब्वाय का अतापता नहीं मिलता है, तीमारदारों को स्ट्रेचर खुद ही खींचना पड़ रहा है। मेरठ में एम्बुलेंस घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिली तो पीठ पर बीमार बेटी को लादकर पिता अस्पताल में इलाज के लिए भटकता रहा। प्रतापगढ़ के सरकारी अस्पताल में एक बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज हो रहा है। ओपीडी में कभी डाक्टर नहीं बैठते तो कभी समय से पहले ही बंद हो जाती है। अखिलेश ने कहा कि सुल्तानपुर के जिला अस्पताल में मरीज फर्श पर तड़पते दिखाई देते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि बजट में आवंटित होती है, पर वह कहां जाती है? पता नहीं। आगरा के सरकारी अस्पताल में खटारा एम्बुलेंस और टूटे तख्त मरीजों की तकदीर बन गए हैं।

# जून में होगा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

● **यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक्सप्रेसवे पर 15 पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की जा रही है: अवस्थी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्वांचल** एक्सप्रेस-वे के बाद अब यूपी की जनता को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सौगात मिलने जा रही है। राज्य सरकार इसे जून में आम जनता के लिए खोल देगी।

यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का जून में लोकार्पण कराया जाएगा। इस एक्सप्रेसवे का 94 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है साथ ही मई माह में विशेष तेजी लाकर 20 जून तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। श्री अवस्थी ने बताया कि इस एक्सप्रेसवे के 4 में 3 रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है साथ ही एक्सप्रेसवे पर बिजली का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के 19 में से 14 फ्लाई ओवर्स का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है बाकी का निर्माण कार्य तीव्र गति से हो रहा है। यमुना नदी पर पुल का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है साथ ही बेतवा नदी पर पुल का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है और केन नदी पर बन रहे पुल का निर्माण भी अगले 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इस एक्सप्रेसवे को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़ने का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना की कुल लंबाई 296.07 किमी है। यह एक्सप्रेसवे चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन, औरैया तथा इटावा से होकर गुजरेगा। यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक्सप्रेसवे पर 15 पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की जा रही है। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से संपूर्ण बुंदेलखण्ड क्षेत्र आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के माध्यम से सीधे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ जाएगा।

**एक्सप्रेसवे का 94 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा**



## उद्यमी बनाकर किसानों की आय बढ़ाएगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार किसानों को उद्यमी के रूप में खड़ा करना चाहती है ताकि उनकी आय बढ़े और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हों। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2017 को संशोधित करके सरकार 375 बड़ी इकाइयों की स्थापना करने की तैयारी में है। पीएमएफएमई योजना के तहत 41336 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना करने की सरकार की योजना है। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में हर परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार का अवसर मिले। इसके लिए सरकार किसानों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जोड़ेगी। खाद्य प्रसंस्करण के बाद फसल के खराब होने की आशंका नहीं रहेगी और बाजार में उत्पाद की अच्छी कीमत भी मिलेगी। इसके साथ कई रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। सरकार पीएमएफएमई योजना के तहत 41336 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना व उन्यन कराएगी। प्रधानमंत्री फार्मलाइजेशन आफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग योजना के तहत खाद्य उद्योग में अपना काम शुरू करने के लिए सरकार सहायता देती है। इसके तहत छोटे खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग शुरू किए जा सकते हैं। प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2017 संशोधित की सहायता से 375 बड़ी इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा उद्यम लगाने के लिए किसानों और उद्यमियों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करेगी। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच सालों में 210000 उद्यमियों व किसानों को प्रशिक्षण दिलाने का है।

### सीतापुर में सपा महिला संवाद में सरकार पर बोला हमला

# भाजपा सरकार में महिलाओं पर बढ़ी हैं घटनाएं: पूजा शुक्ला

संवाददाता। सीतापुर



**जबसे दोबारा** सत्ता में भाजपा सरकार आयी है तबसे महिलाओं पर घटनाएं दिन पर दिन बढ रही है, कोई महिला अपने आपको सुरक्षित न समझे, क्योंकि गुंडे, अपराधी सब भाजपा में घुस गए है जिनको सरक्षण सरकार दे रही है। यह बात शनिवार को सपा के जिला कार्यालय पर आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सपा नेत्री पूजा ने कही। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपना अधिकार समझे और हर कार्यक्रम में आगे बढ़चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व नगर विधायक राकेश राठौर ने किया। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन को जोड़कर पार्टी को मजबूत करेंगे और सभी कार्यकर्ता अपने लक्ष्य पर ध्यान दें तभी सफलता मिलेगी। आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी के निशाने पर अब 2024 है, लक्ष्य साधकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया है। भाजपा और उसके मोर्चो से मुकाबला करने के लिए कार्यकर्ताओं को सफलता के सूत्र दिए जाने लगे है। इसकी शुरूआत 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती से हो चुकी है। शनिवार को महिलाओं का संवाद कार्यक्रम आयोजित था जिसमें पार्टी की वरिष्ठ नेत्री शिल्पी चौधरी, जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, आशुतोष यादव, गगन राठौर, आकाश राजवंशी, महेन्द्र यादव, जयसिंह यादव, अनुपम राठौर, प्रवीण सैनी, आरपी चौधरी, यीशू राठौर, आशीष वर्मा, अंकित भार्गव, सोने खां, रंजीत कुमार सैकड़ो महिलाओं ने महिला संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# एक दूजे के हुए जोगेन्द्र व नम्रता

संवाददाता। सीतापुर



**दोनो पुलिस** में है लड़के का नाम जोगेन्द्र व लड़की का नाम नम्रता है, इन दोनो की सीतापुर जिले में अलग-अलग थानों में सिपाही के पद पर पोस्टिंग है, जिन्होंने आज श्यामनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का हाथ थामते हुए जिन्दगी भरके लिए हमसफर बन गए, जो आपस में प्रेम करते थे, लडका खैराबाद थाने में तैनात है, मूल निवासी आगरा के साहगंज रेलवे कालोनी में रहते है और लड़की नम्रता नेगी रामपुरमथुरा में तैनात है यह गाजियाबाद के लोनी की रहने वाली है। जिन्होंने श्यामनाथ मंदिर में अग्नि के साथ फेरे लेकर एक दूसरे को जीवन साथी बना लिया है। आपको बता दें कि यह दोनो पहले ऐलिया थाने में तैनात थे, एक साथ तैनाती के दौरान दोनो के बीच प्यार का अंकुर फूटा, इसके बाद दो साल तक इनका प्रेम प्रसंग चला, फिर जोगेन्द्र का तबादला खैराबाद थाने में हो गया और महिला सिपाही का रामपुरमथुरा में तबादला हो गया, हालांकि इनके प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर दोनो के परिजनों ने शादी करने की बात भी फायनल कर दी थी, इसी बीच प्रेमी जोगेन्द्र की सगाई दूसरी जगह हो गई, इसकी जानकारी जब प्रेमिका नम्रता को हुई तो उसने अपने प्रेमी से प्यार की दुहाई दी, प्रेमी सिपाही ने प्रेमिका के सामने शादी करने के लिए दहेज में भारी भरकम नगद धनराशि की डिमांड कर दी, इस पर प्रेमिका ने अपने प्रेमी की डिमांड पूरी करने के लिए बैंक से कर्ज भी ले लिया। मगर प्रेमी सिपाही उसके साथ शादी करने के लिए फिर भी राजी नहीं हुआ, तब प्रेमिका ने अपनी मोहब्बत को शादी की मंजिल तक पहुंचाने की ठानकर प्रेमी की पूरी करतूत एक ट्वीट के जरिए पोस्ट की जिसमें विभाग के आला अफसरों को भी टैग किया। सोशल मीडिया पर महिला सिपाही की ट्वीट वायरल होते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। सीतापुर के पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए, इस बीच महिला सिपाही ने एसपी के सामने हाजिर होकर न सिर्फ न्याय की गुहार लगाई बल्कि लिखित में भी प्रार्थना पत्र दिया, पूरे मामले की जांच में जब एसपी ने पाया कि प्रेमी सिपाही ही गलत है तो उन्होंने सिपाही जोगेन्द्र को नम्रता से शादी करने का आदेश सुना दिया, इसके बाद शहर के श्यामनाथ मंदिर शनिवार को सिपाही प्रेमी-प्रेमिका की विधिवत शादी सम्पन्न कराई गई। मंदिर के पुजारी राजेश गिरी ने शादी की रश्मे सम्पन्न कराई। थाने से शुरू हुई इस प्रेम कहानी को मंदिर में जब मंजिल मिली उस लम्हे के साक्षी प्रेमी प्रेमिका के कुछ सहकर्मी भी बने।

## क्विक न्यूज

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की जान गई

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया घायलों की हालत नाजुक बताई जाती है।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव पडरी खालसा निवासी 45 वर्षीय हेतराम पुत्र सुखलाल की कल दोपहर मीरगंज के सिधौली मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई दुर्घटना में हेतराम के साथ बाइक पर सवार उसका बेटा दीपक और पत्नी विमलेश भी घायल हो गए पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि हेतराम कल दिन में पत्नी और बेटे के साथ रामपुर निवासी अपने एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए मोटरसाइकिल पर निकला था लेकिन रास्ते में ही मीरगंज से सिधौली रोड पर पीछे से आए एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर दुर्घटना के शिकार लोगों के घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### पैदल जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**संडीला(हरदोई)।** पैदल सड़क पर जा रहे एक 45 वर्षीय व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम गदियाना निवासी 45 वर्षीय बब्लू किसी कार्य से ज्वालाखेड़ा गए थे। रात के समय वापस लौटते समय जब वह संडीला बांगरमऊ रोड पर पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। जब बब्लू घर वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू हुई। दूसरे दिन उनका शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला। इस घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना की रिपोर्ट मृतक बब्लू की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध दर्ज कराई है।

### बारात में काम करने गए वेटर की संदिग्ध हालात में मौत

**संडीला(हरदोई)।** एक विवाह समारोह में काम करने के लिए गए एक युवक का शव पंडाल के पीछे पड़ा हुआ पाया गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम परवनखेडा में स्व0 जियालाल की पुत्री की बारात आई थी। इसमें काम करने के लिए एक युवक अरविंद कुमार पुत्र राजा राम आया था। इसका शव रहस्मयी परस्थितियों में विवाह समारोह में लगाए गए टेंट के पीछे पड़ा हुआ मिला। मृतक के भाई अमित कुमार ने बताया कि अरविंद को उसके गांव के ही अनिल घर से बुलाकर ले गए थे और उन्होंनें ही रात में लगभग 10 बजे उसको फोन करके बताया कि अरविंद को करेंट लग गया है और वह उसे लेकर नवादा के अस्पताल जा रहे हैं। जब वह नवादा अस्पताल पहुंचा तो वहां ना तो उसे अरविंद मिला और ना ही अनिल। वापस लौटने पर अरविंद का शव घर के बाहर मिला। घर पर मौजूद मृतक की बहन ने बताया कि रात में लगभग 12 बजे मोटरसाइकिल से दो लोग आए और अरविंद के शव को घर के बाहर रख कर भाग गए। अमित ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जाए: जिलाधिकारी

**बरेली।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 मई 2022 तक जिन किसानों को अफीम का चीरा लगाना है उन सभी किसानों की सूची उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के रोकने हेतु सम्बंधित विभाग को निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी आज अपने कार्यालय में आबकारी विभाग की स्वापक नियंत्रण के परिप्रेक्ष्य में नीति विषयक मामलों में सुधार के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी श्री देव नारायण दुबे, एन.सी.बी. के अधिकारी श्री पंकज दुबे, सेंट्रल ब्यूरो ऑफनारकोटिक्स श्री दीपक शर्मा, आबकारी निरीक्षण आंवला तथा फरीदपुर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां पर संदेह हो कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है, उसको हर हाल में रोका जाए।

# कंपोजिट विद्यालय नकारा की सांसद ने की प्रशंसा

संवाददाता। सीतापुर



**विकासखंड बिसवा** के कंपोजिट विद्यालय नकारा में स्कूल चलो अभियान मिशन शक्ति एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी शाक्य पूर्व प्राचार्य ने की तथा सांसद राजेश वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। सर्वप्रथम माननीय सांसद द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया साथ में विशिष्ट अतिथि निर्मल वर्मा विधायक बिसवा, पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद, अवनीश सिंह सदस्य विधान परिषद स्नातक क्षेत्र, रामनिवास वर्मा विधायक नानपारा व नेता विधानमंडल अपना दल, रेनू मेहरोत्रा समाज सेविका व संस्थापक अध्यक्ष इनरव्हील क्लब, अनुपम मिश्रा उपजिलाधिकारी बिसवा, पीएन सिंह मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक आदि ने अपने उद्बोधन द्वारा सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया। कंपोजिट विद्यालय क्योंटी बादुल्ला के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, महिला सशक्तिकरण एवं स्कूल चलो अभियान पर शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक विद्यालय मिश्रा पुर खैराबाद के बच्चों द्वारा वेलकम सोंग की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विकास क्षेत्र महमूदाबाद की शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत की प्रस्तुत किया गया सभी कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से अतिथियों द्वारा सराहना की गई। अपने उद्बोधन में सांसद ने कार्यक्रम की प्रशंसा की व विद्यालय से सड़क निर्माण की सांसद निधि से कराने की घोषणा की। स्वागत उद्बोधन अजीत कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया तथा जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ संकेत वर्मा की तरफ से राज्य पुरस्कार प्राप्त नीलम कुमारी द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा जिला व्यायाम शिक्षक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा आनंद विक्रम सिंह सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा सरोज कुमार खंड शिक्षा अधिकारी जनपद बहराइच जितेंद्र बहादुर चौधरी, यशवंत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार, पुष्पराज सिंह, दीपेश कुमार, जिला समन्वयक प्रमोद गुप्ता, शैलेश गुप्ता, ब्रजमोहन सिंह तथा जनपद के सभी विकास खंडों के शिक्षक प्रतिनिधि अध्यक्ष मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी गण तथा बड़ी संख्या में अध्यापक अध्यापिका आएं एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम मैं आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद सीतापुर के अध्यक्ष रविंद्र दीक्षित व जिला मंत्री संकेत वर्मा द्वारा किया गया।

# भीषण विद्युत कटौती से सारी रात जाग रहे लोग

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**बिजली की** समस्या गर्मी के बढ़ने के साथ लगातार गंभीर होती जा रही है और रात में बिजली की सप्लाई नही के बराबर है जिससे लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है और किसी भी स्थिति विस्टफोटक होने की संभावना है।

नगर में लगभग 15 दिन से बिजली की समस्या गंभीर है जिसकी गंभीरता लगातार बढ़ती जा रही है। अब स्थिति इतनी भयावह हो गयी है कि रात के समय बिजली के सप्लाई लगभग नगढ़्य रहती है। इस कारण लोगों को अपनी रातें भीषण गर्मी में जागते हुए काटनी पड़ रही हैं जिससे उनका आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है और स्थिति विस्फोटक हो रही है। बताते चलें कि एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह ने शांति कमेटी की बैठक में नगर के प्रबुद्ध लोगों द्वारा विद्युत आपूर्ति की समस्या उठाए जाने पर एक्सीएन हाइडिल को यह कड़े निर्देश दिए गए थे कि शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए लेकिन ऐसा लगता है कि एसडीएम के कड़े निर्देशों का विभाग के अधिकारियों पर कोई असर नहीं हुआ। शुक्रवार की रात नगर में विद्युत आपूर्ति पूरी तौर पर ठप रही। विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी करने के लिए विद्युत विभाग के तमाम अधिकारियों और कांट्रोल रूम से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन किसी अधिकारी ने फोन तक नहीं उठाया। नगर के विभिन्न विपक्षी नेताओं ने इस भीषण विद्युत कटौती पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसको तत्काल सुधारने की मांग की है। साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि यदि शीघ्र सुधार ना हुआ तो विद्युत कटौती के विरुद्ध सड़कों पर उतर का प्रदर्शन किया जाएगा।

# राजा झण्डी ने गन्ना मंत्री से मिलकर कराया झंडी रोड निर्माण का आदेश



- जल्द ही बहुरेंगे झंडी वासियों के दिन
- टूटी सड़कों से मिलेगी निजात

**निघासन खीरी।** झण्डी चौराहा से झंडी गांव की रोड के निमार्ण हेतु जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश संयोजक कुँवर राज राजेश्वर सिंह 'राजा झण्डी' गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी से मिले व उन्हें पत्र द्वारा रोड की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। मंत्री ने अपर मुख्य सचिव को शीघ्र रोड निमार्ण हेतु बजट के आवंटन एवं निमार्ण हेतु आदेशित किया। उल्लेखनीय है कि झण्डी रोड का पूर्व में निमार्ण गन्ना विकास परिषद बेलरायां से कई बार कराया जा चुका है मगर विगत वर्षों मे रोड बहुत जर्जर हो गयी है जिसके लिये गांव वालों ने कई बार गुहार लगाई। मिल परिषद द्वारा बजट के अभाव में रोड का निर्माण शुरू न हो सका।

# आठ स्वास्थ्यकर्मियों का हुआ सम्मान

- बेहतर कार्य के लिए डीएम ने किया सम्मानित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**14 स्वास्थ्य** इंडिकेटर्स पर बेहतर कार्य कर मंडल में जिले को प्रथम स्थान दिलाने वाले आठ कर्मचारियों को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार ने बताया कि सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर के निर्देशन में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 स्वास्थ्य इंडिकेटर में बेहतर काम करने वाले बीपीएमए बीसीपीएम और बैम को सम्मानित किया गया है। इनमें बीपीएम राहुल कुमार को प्रथम पुरस्कार, कुंभी/गोला बीपीएम महिमा सिंह को द्वितीय, बांकेगंज विश्व प्रकाश वर्मा को तृतीय पुरस्कार मिला है तो वहीं आशा भुगतान में बीसीपीएम ईसानगर कमल किशोर राव को प्रथम, पलिया बीसीपीएम रानी पांडे को द्वितीय और मितौली बीसीपीएम रोहित पाल को तृतीय पुरस्कार मिला है। इसी तरह जेएसवाई वजननी सुरक्षा योजना भुगतान में 90 प्रतिशत से अधिक भुगतान करने वाले बैम पसगवां गुरविंदर मांडवारी व नकहा बैम विकास आनंद को द्वितीय पुरस्कार मिला है। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर सहित एसीएमओ डा. अश्वनी कुमार, डा. अनिल कुमार गुप्ता, डा. बीसी पंत, डा. कुलदीप आदिम और डिप्टी सीएमओ धनीराम भार्गव सहित डीपीएम अनिल यादव, डैम सतपाल सिंह, लल्ला सिंह व अनुज प्रताप सिंह आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फायदेमंद साबित होगी खेत-तालाब योजना

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**खेती-किसानी** को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार तमाम योजनाओं के साथ खेत तालाब योजना भी चला रही है। इसके तहत खेत तालाब बनवाने वाले किसानों को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य बरसात का पानी जमा करना और सिंचाई की मात्रा को बढ़ाना है। इससे किसानों को दोनों तरफ से लाभ प्राप्त होगा। किसान खेत में फसल की सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। सरकार की खेत तालाब योजना से भूगर्भ जल में बढ़ौत्तरी भी हो रही है और किसानों की फसल में अच्छा उत्पादन भी हो रहा है।

# अक्षय तृतीया पर न हो कोई भी बाल विवाह

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के दिशा-निर्देश पर महिला कल्याण विभाग द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर होने वाले बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की। डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि डीएम के दिशा निर्देश पर जनपद में 03 मई को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर होने वाले बाल विवाह को शतप्रतिशत रोकने के लिए रणनीति तैयार की गई है। इस दिन पावन पर्व होने के कारण बाल विवाह अधिकाधिक होते हैं जिस के क्रम में राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोगए राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग व उप्र शासन द्वारा निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में बाल विवाह ना होने पाए उक्त आदेशो के अनुपालन में आपके क्षेत्र में बाल विवाह होते हैं तो उसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्प लाइन 181 एवं निकटवर्ती थाना को दें साथ ही प्रयास करें कि आपके गांव, शहर में बाल विवाह न होने पाए। आपके निकट जो भी मैरिज लान, परिणय स्थल, जनपद के हैं। उनको भी बाल विवाह की रोकथाम के लिए सर्तकता रखने के लिए कहा गया है। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रचार प्रसार स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किया भी जाएगा। जनपद में चौपालों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति बाल विवाह करता है या बाल विवाह कार्य कार्यक्रम में प्रतिभाग करता है। उसके विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करा कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसी दशा में यह भी आवश्यक है कोई भी मैरिज लान, टेंट व्यवसाई, शादी में धार्मिक अनुष्ठान करने वाले लोग बाल विवाह न करायें और बाल विवाह अगर हो रहा हो तत्काल सूचना दें।

# पेज एक का शेष

### कार्यकापालिका और...

कि कैसे कार्यपालिका की विभिन्न शाखाओं की निष्क्रियता नागरिकों को अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर करती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इन उदाहरणों के आधार पर, कोई भी संक्षेप में कह सकता है कि, अक्सर, दो प्रमुख कारणों से मुकदमेबाजी शुरू होती है। एक, कार्यपालिका की विभिन्न शाखाओं का काम न करना। दूसरा, विधायिका का अपनी पूरी क्षमता को नहीं जानना। सीजेआई ने कहा कि अदालतों के फैसले सरकारों द्वारा वर्षों तक लागू नहीं किए जाते और इसका परिणाम यह है कि अवमानना याचिकाएं अदालतों पर बोझ की एक नई श्रेणी बन गई हैं।

### शाओमी इंडिया...

भुगतान किया, वह हमारे भारतीय संस्करण उत्पादों में उपयोग की जाने वाली इन-लाइसेंस प्रौद्योगिकी और आईपी के लिए था। प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह के रॉयल्टी भुगतान करना कंपनी के लिए एक वैध वाणिज्यिक व्यवस्था है। हालांकि, हम किसी भी गलतफहमी को दूर करने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले ईडी ने फरवरी में चीनी कंपनी द्वारा विदेश भेजे गए कथित अवैध धन के सिलसिले में जांच शुरू की थी। वर्ष 2014 में भारत में अपना परिचालन शुरू करने वाली शाओमी ने अगले ही साल से यहां से धन चीन भेजना शुरू कर दिया था। ईडी ने कहा, कंपनी ने 5,551.27 करोड़ रुपए के बराबर विदेशी मुद्रा को रॉयल्टी के नाम पर विदेश स्थित तीन कंपनियों को भेजा है। इनमें शाओमी समूह की एक कंपनी भी शामिल है। एजेंसी ने कहा कि अन्य दो अमेरिकी असंबद्ध कंपनियों को भेजी गई राशि भी अंतत: शाओमी समूह की कंपनियों के लाभ के लिए थी। रॉयल्टी के नाम पर इतनी बड़ी राशि उनके चीनी मूल कंपनी के निर्देश पर ही भेजी गई थी।

### ईडी ने...

का धंधा चला रहा था। जांच के दौरान, पूरे भारत में विभिन्न परिसरों में पीएमएलए के तहत तलाशी ली गई और चेन्नई में एक बंगला जैसी संपत्तियों, 26 कारों, भारतीय मुद्रा और रुपये के कीमती सामान की तलाशी ली गई। 45 करोड़ जब्त किए गए। इस मामले में आरोपी सुकेश और उसकी पत्नी लीना मारिया पॉल सहित आठ अन्य लोगों को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया गया था और बाद में सभी नौ आरोपियों के खिलाफ यहां विशेष पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दायर की गई थी। कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया है।

### पटियाला हिंसा...

(एसएसपी) होंगे और वजीर सिंह को पटियाला का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। प्रभार संभालने के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में चिन्ना ने कहा कि राजपुरा निवासी बरजिंदर सिंह परवाना मुख्य आरोपी और घटना के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। उन्होंने कहा, उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। उसे पकड़ने के लिए कई पुलिस दल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 25 आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनमें हरीश सिंगला, दलजीत सिंह और कुलदीप सिंह शामिल हैं।

### कार्यालय किराए...

वर्गफुट प्रति माह) है। मुंबई में किराया 50.9 डॉलर प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष, बेंगलुरु 26.7 डॉलर प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष के साथ क्रमश: 15वें और 21वें स्थान पर हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, कोविड संबंधी पाबंदियों के हटने के बाद से भारत के कार्यालय बाजार परिदृश्य में सुधार आना शुरू हो चुका है। अब अधिक कंपनियां अपने कर्मचारियों को कार्यालय बुला रही हैं।

### जनरल मनोज...

हैं। अंडमान निकोबार कमान भारत में तीनों सेनाओं की एकमात्र कमान है। पांडे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और उन्हें दिसंबर 1982 में कोर ऑफ इंजीनियर्स (द बॉम्बे सैपर्स) में शामिल किया गया था। उन्होंने अपने बेहतरीन करियर में कई अहम पदों पर काम किया और विभिन्न इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों में भाग लिया। उन्होंने जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान नियंत्रण रेखा के पास एक इंजीनियर रेजिमेंट की कमान संभाली। इसके अलावा उन्होंने पश्चिमी लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में एक पर्वतीय डिवीजन और पूर्वोत्तर में एक कोर की भी कमान संभाली।

### दिल्ली की...

मांग करीब 123.6 मेगावाट रही। दिल्ली में बिजली का वितरण टाटा पावर, बीएसईएस राजधानी और बीएसईएस यमुना करती हैं। उन्हें बिजली संयंत्रों से घोषित क्षमता के आधार पर बिजली मिल रही है। दिल्ली में स्थापित उत्पादन क्षमता 3056 मेगावाट है।

### चार किशोरों...

को तीन मामलों में पांच-पांच साल (तीनों सजा की अवधि मिलाकर 15 साल) और चौथे मामले में तीन साल की सजा सुनाते हुए प्रत्एक मामले में (पीड़ितों को) एक-एक लाख रुपए का मुआवजा अदा करने का भी आदेश दिया। जिला लोक अभियोजक के कार्यालय ने बताया कि पुलिस हिरासत से फरार हुए आरोपी को चेन्नई से गिरफ्तार किया गया। कार्यालय ने कहा कि तिरुवनंतपुरम में बाल कल्याण समिति द्वारा प्राप्त एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच की गई।

### नेहरू, एडविना...

पत्र (33 फाइल्स, 1948-60), साथ ही उनके (नेहरू) द्वारा उन्हें (लेडी माउंटबेटन) भेजे गए पत्रों की प्रति शीर्षक संबंधी कोई पत्राचार उपलब्ध नहीं है। अपनी पुस्तक द माउंटबेटन : द लाइव्स एंड लव्स ऑफ डिकी एंड एडविना माउंटबेटन के लिए दस्तावेज जारी करने को लेकर चार वर्ष लंबी लड़ाई लड़ने वाले इतिहासकार एंड्रयू लॉनी ने कहा, माउंटबेटन संग्रह ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है हालांकि सरकार के स्तर पर महत्वपूर्ण मुद्दे भी थे जो सरकार की शक्ति के दुरुपयोग और हमारे इतिहास को छुपाने से कम नहीं है। इस मामले में अपनी बचत का 2,50,000 पाउंड खर्च करने वाले एंड्रयू ने कहा कि अब इन डायरी और पत्रों के 30,000 से अधिक पन्ने जारी किए जा चुके हैं और इससे अधिक के सामने आने की संभावना नहीं है क्योंकि लगभग इतनी जानकारी अन्य पुस्तकों और डायरी में उपलब्ध है।

### पिछले 122...

37.78 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इससे पहले उत्तर-पश्चिम भारत में अप्रैल 2010 में औसत अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि मध्य भारत में अप्रैल 1973 के दौरान औसत अधिकतम तापमान 37.75 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। महापात्रा ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश भागों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, गुजरात, राजस्थान, पजांब और हरियाणा को मई में भी सामान्य से अधिक तापमान का सामना करना होगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल के दौरान देशभर में औसत तापमान 35.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो 122 वर्षों में चौथी बार सबसे अधिक रहा है। उन्होंने कहा कि देश में इस साल मई के दौरान औसत बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। साथ ही कहा कि मई में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों के साथ-साथ दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीप में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। महापात्रा ने पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में तापमान 50 डिग्री के पार चले जाने की संभावना को खारिज नहीं किया। इस बार गर्मी के मौसम में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से जुड़े सवाल पर महापात्रा ने कहा कि मैं इस तरह का पूर्वानुमान नहीं जता सकता। हालांकि, यह जलवायु के अनुसार संभव है क्योंकि मई सबसे गर्म महीना है। उत्तर प्रदेश के बांदा में शनिवार को तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जोकि देश में सर्वाधिक रहा।

### दिल्ली में...

में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जोकि औसत से दो डिग्री अधिक रहा। आईएमडी ने कहा कि शहर में रविवार को अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान क्रमश: 43 और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इसने कहा कि शनिवार को शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 17 प्रतिशत रही। वहीं, मौसम का पूर्वानुमान जताने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर ने कहा कि पालम में इस मौसम का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। स्काईमेट वेदर के मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उपाध्यक्ष महेश पालावत ने ट्वीट कर कहा, दिल्ली के पालम में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि इस सीजन के साथ ही 2017 के बाद से सर्वाधिक गर्म दिन रहा, जब यह 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# कोयला-रेल-बिजली संकट से निपटने को तैयार नहीं सरकारः चिदंबरम

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने शनिवार को व्यापक बिजली कटौती के मुद्दे को लेकर केंद्र पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने सही समाधान ढूंढ़ लिया है, जो यात्री ट्रेन को रद्द करने और कोयला से लदी ट्रेन (मालगाड़ी) चलाने का है। चिदंबरम ने यह भी कहा कि कोयला, रेलवे और बिजली मंत्रालय अपनी भारी अक्षमता को छिपाने के लिए बहाने ढूंढ़ रहे हैं। विभिन्न राज्यों में शुक्रवार को भी बिजली संकट का सामना किया। तापमान में वृद्धि होने बिजली की मांग और बढ़ गई। वहीं विपक्षी दलों ने ताप संयंत्रों में कोयले की कमी के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए चिदंबरम ने कहा, प्रचुर मात्रा में कोयला, बड़े रेल नेटवर्क, ताप संयंत्रों में अप्रयुक्त क्षमता, फिर भी बिजली की भारी किल्लत है। मोदी सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता। यह कांग्रेस के 60 साल के शासन के कारण है।

उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा, कोयला, रेलवे या बिजली मंत्रालयों में कोई अक्षमतावान नहीं है। दोष उक्त विभागों के पूर्व कांग्रेसी मंत्रियों का है। सरकार ने ढुंढा सही समाधान: यात्री ट्रेनों को रद्द करें और कोयले के रेक चलाएँ। मोदी है, मुमकिन है। बाद में चिदंबरम ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि कोयला, रेलवे और ऊर्जा मंत्रालय अपनी भारी अक्षमता को छिपाने के लिए बहाने गढ़ रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर उन्हें ऐसा लग रहा था कि हमारी अर्थव्यवस्था वी आकार में रिकवरी कर रही है तो उन्हें कोयला उत्पादन बढ़ाने के साथ ही इसका आयात भी बढ़ा देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में सुधार वी आकार में न रहने और सिर्फ टुकड़ों में स्थिति बेहतर होने के बावजूद सरकार कोयला कोयला–रेल–बिजली संकट से निपटने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। उन्होंने जनता से कहा कि चूंकि कमी बनी हुई है और मुद्रास्फीति बढ़ रही है, कृपया अधिक कठिनाइयों के लिए तैयार रहें। गौरतलब है कि लू जारी रहने के कारण देशभर में बिजली की मांग शुक्रवार को 207.11 गीगावॉट के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और रेलवे ने कोयला माल ढुलाई की सुविधा के लिए 42 यात्री ट्रेन को रद्द कर दिया। वहीं कोयला उत्पादक क्षेत्रों में रेल नेटवर्क वाले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) डिवीजन ने 34 ट्रेन रद्द कर दी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस नेताओं ने मौजूदा बिजली संकट के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि बिजली संयंत्रों को कोयला वितरण के लिए रसद सहायता प्रदान नहीं की जा रही है।

## बिहार के सुल्तानगंज में आंधी के दौरान निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा

**भागलपुर (बिहार)।** बिहार के सुल्तानगंज में गंगा नदी पर निर्माणाधीन एक पुल का एक हिस्सा आंधी के दौरान गिर गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार की मध्यरात्रि की है। सुल्तानगंज से विधायक ललित नारायण मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, पुल के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता...यह जांच का विषय है कि।,710 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल तेज हवाएं नहीं झेल सका। भागलपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने संवाददाताओं को बताया कि बिहार सरकार के सड़क निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के घटनास्थल का दौरा करने की संभावना है। बिहार में सुल्तानगंज और अगुवानी घाट के बीच पुल का निर्माण 2014 में शुरू हुआ था और 2019 में यह काम पूरा होना था, लेकिन इस पर काम अभी भी जारी है।

# देश में कोविड–19 के 3,688 नए मामले, 50 मरीजों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत में** एक दिन में कोविड–19 के 3,688 नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,75,864 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 50 और मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5,23,803 हो गई है। वहीं, देश में कोविड–19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 18,684 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 883 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.74 प्रतिशत है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.74 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.66 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,25,33,377 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–19 से मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–19 रोधी टीकों की 188.89 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 50 नए मामले सामने आए, जिनमें केरल में 45, दिल्ली और महाराष्ट्र से दो–दो और उत्तर प्रदेश में एक मौत का मामला सामने आया। देश में अभी तक संक्रमण से कुल 5,23,803 मरीजों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के।,47,842, केरल के 69,011, कर्नाटक के 40,099, तमिलनाडु के 38,025, दिल्ली के 26,174, उत्तर प्रदेश के 23,507 और पश्चिम बंगाल के 21,201 मरीज थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# चार धाम यात्रा के लिए कोविड की नेगेटिव जांच रिपोर्ट जरूरी नहीं: उत्तराखंड सरकार

**भाषा।** देहरादून

**इस साल** चार धाम यात्रा के लिए उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों को कोविड की नेगेटिव जांच रिपोर्ट या टीकाकरण प्रमाणपत्र साथ रखना अनिवार्य नहीं है। यह जानकारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शनिवार को दी। मुख्य सचिव एस एस संधू ने शुक्रवार रात अधिकारियों के साथ बैठक कर चार धाम यात्रा और इस विषय पर चर्चा की कि इसे सफ्लतापूर्वक कैसे संचालित किया जाए। उन्होंने बैठक के बाद कहा कि तीर्थ यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।

संधू ने कहा कि राज्य के बाहर से आने वाले तीर्थयात्रियों की कोविड की नेगेटिव जांच रिपोर्ट या टीकाकरण प्रमाणपत्र की जांच अगले आदेश तक अनिवार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को आगमन पर किसी प्रकार की असुविधा न हो और राज्य की सीमाओं पर भीड़ न जमा हो। हालांकि, उन्होंने अधिकारियों से स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा। बैठक में राज्य के पुलिस प्रमुख, स्वास्थ्य और पर्यटन विभाग के सचिव, मंदिर समिति के अधिकारी और संबंधित जिलाधिकारियों ने भाग लिया। चार धाम यात्रा तीन मई को गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ शुरू हो रही है। केदारनाथ के कपाट 6 मई को और बद्रीनाथ के कपाट 8 मई को खुलेंगे। कोविड संबंधी पाबंदियां हटाए जाने के साथ, इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्रियों के आने की संभावना है। यात्रा मार्ग के किनारे स्थित होटल और धर्मशालाओं से यह जानकारी मिल रही है कि उनके यहां कमरे पहले ही बुक हो चुके हैं।

## माता-पिता को स्मार्टफोन को बच्चों के लिए पुरस्कार समझना बंद करना चाहिएः खुंटे

**भाषा।** पणजी

**गोवा के** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रोहन खुंटे ने अभिभावकों से अपील की है कि वे स्मार्टफोन को बच्चों के लिए पुरस्कार समझना बंद करें और उन्हें इस तरह के उपकरणों से दूर करें तथा सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराएं। खुंटे ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, हालांकि माता–पिता को शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए मोबाइल फोन पर बच्चों की कोविड–19 महामारी के कारण पैदा हुई निर्भरता को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन हर माता–पिता अब इस बात से चिंतित हैं कि बच्चे इन उपकरणों पर कितना समय बिता रहे हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा हाल में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि मोबाइल फोन की लत बच्चों पर गंभीर प्रभाव डाल रही है।



नई दिल्ली में सीएम व मुख्य न्यायाधीशों सम्मेलन के अवसर पर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यंमंत्री दाएं से हेमंत विस्वसरमा, योगी आदित्य नाथ, पुष्कर सिंह धामी, जयराम ठाकुर व शिवराज सिंह चौहान

## क्विक न्यूज

### कीटनाशक छिड़काव के बाद किसानों को बदन दर्द से बचाएगा सौर ऊर्जा से चलने वाला स्प्रेयर

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित एक प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने खेतों में फसलों पर कीटनाशकों के छिड़काव के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाला स्प्रेयर (छिड़काव करने वाला यंत्र)विकसित किया है। विद्यार्थियों का कहना है कि खास डिजाइन वाला यह यंत्र किसानों को छिड़काव के बाद आम तौर पर होने वाले बदन दर्द से भी निजात दिलाएगा। श्री जीएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआईटीएस) के विद्यार्थी ऋषभ सिंह ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, हमारे चार सदस्ईय दल ने करीब तीन महीने के अनुसंधान के बाद किसानों के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाला स्प्रेयर बनाया है। इस यंत्र में सोलर पैनल भी लगाया गया है और इससे बनने वाली सौर ऊर्जा से इसकी मोटर चलती है। एसजीएसआईटीएस, सरकारी सहायताप्राप्त स्वायत्त संस्थान है और सिंह इसमें इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हैं। उन्होंने कहा कि करीब 13 किलोग्राम वजनी स्प्रेयर को अपने कंधे पर टांग कर किसान इसकी मदद से अपनी फसलों पर कीटनाशकों का आसानी से छिड़काव कर सकते हैं और यंत्र को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है कि छिड़काव के बाद किसानों को बदन दर्द नही होगा। सिंह ने बताया कि फिलहाल स्प्रेयर को बनाने में उनके दल को करीब 5,000 रुपए की लागत आई है और कारखाने में इस यंत्र का बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक निर्माण किए जाने पर इसकी लागत घट सकती है।

### पुलिस गोलीबारी में मादक पदार्थ तस्कर घायल

**गुवाहाटी।** असम के कोकराझार जिले में शनिवार को मादक पदार्थों के एक कथित तस्कर ने एक उप निरीक्षक की रिवाल्वर छीनकर गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस की गोलीबारी में वह घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने ने बताया कि इस व्यक्ति पर राजस्थान से 20 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन और अफीम की तस्करी करने का आरोप है। पुलिस ने यह भी दावा किया कि अज्ञात लोगों ने मादक पदार्थ ले जा रहे वाहन को आग लगा दी। अधिकारी ने बताया कि मणिपुर से आ रहा ट्रक राजस्थान जाने वाला था और उसे पश्चिम बंगाल-असम अंतरराज्ईय सीमा पर श्रीरामपुर जांच चौकी पर रोका गया तथा वाहन से 3.1 किलोग्राम हेरोइन और 85 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। राजस्थान के बाड़मेर निवासी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने बताया कि श्रीरामपुर से 10 किलोमीटर दूर गोसाईगांव में उसका एक साथी है। अधिकारी ने कहा कि उसके बाद पुलिस आरोपी को पैदल गोसाईगांव ले जाने लगी तभी उसने उपनिरीक्षक बृजेश कुमार की रिवाल्वर छीन ली और गोली चला दी। अधिकारी ने कहा, जवाबी गोलीबारी में आरोपी घायल हो गया और उसे कोकराझार सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस बीच कुछ अज्ञात लोगों ने मादक पदार्थों से लदे ट्रक को आग लगा दी। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने इस घटना के संबंध में पुलिस की सराहना करते हुए ट्वीट किया। सरमा ने ट्वीट किया, श्रीरामपुर गेट पर चलाए गए अभियान में असम पुलिस ने एक आरोपी के पास से 3.1 किलोग्राम हेरोइन और 3.1 किलोग्राम अफीम जब्त किया जो इसे असम के एक पड़ोसी राज्य से उत्तर भारत के एक अन्य राज्य को ले जा रहा था। अच्छा काम जारी रखें।

### केंद्र की नई योजना के जरिए सीमावर्ती क्षेत्रों से लोगों के पलायन में कमी आएगीः मंत्री

**ईटानगर।** केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने शनिवार को कहा कि केंद्र के नए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) के प्रभावी कार्यान्वयन के साथ ही अगले दो वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों से ऐसे लोगों का पलायन कम हो जाएगा, जोकि अधिक सुविधाओं के लिए ऐसा करते हैं। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में पूर्वोत्तर महोत्सव के दौरान अरुणाचल प्रदेश की राजधानी के दौरे पर पहुंचे प्रमाणिक ने संवाददाताओं से यह बात कही। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में घोषित वीवीपी योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करके उनका पुनर्वास करने की योजना बना रहे हैं। वीवीपी का लक्ष्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में चीन के साथ भारत की सीमा से सटे गांवों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के तहत आवास, पर्यटन केंद्र, सड़क संपर्क जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण और विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा प्रदान करना, दूरदर्शन एवं शैक्षिक चैनल की सीधे घर तक पहुंच तथा आजीविका सृजन के लिए सहयोग शामिल है।

# लाउडस्पीकर विवाद पर नीतीश ने कहा, यह सब फालतू की बातें

**भाषा।** पूर्णिया (बिहार)



**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर उठे विवाद को शनिवार को खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करती है। मुख्यमंत्री कुमार उत्तर बिहार के पूर्णिया जिले में एक समारोह में आए थे। नीतीश कुमार ने कहा, यह सब फालतू की बातें हैं। सभी जानते हैं कि बिहार में हम किसी भी तरह के धार्मिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। निश्चित रूप से कुछ लोग सोचते हैं कि उनका काम मुद्दे उठाना है और वे इसे करते रहते हैं। गौरतलब है कि कुमार की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बिहार में भाजपा नेता मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने की मांग कर रहे हैं। यहां तक कि बिहार में भाजपा के कई बड़े नेता राज्य में योगी मॉडल लागू करने तक की बात कह चुके हैं, जिसके तहत उच्च डेसीबल ध्वनि से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों का हवाला देते हुए लाउडस्पीकर को धार्मिक स्थलों से हटा दिया गया है। कुमार के इस बयान को उनके कैबिनेट सहयोगी जनक राम जैसे भाजपा नेताओं के लिए एक झटके के तौर देखा जा सकता है, जिन्होंने शुक्रवार को कहा था कि देश के सबसे बड़े राज्य (उत्तर प्रदेश) में की गई कार्रवाई का बिहार में असर होना तय है। कुमार एक समाजवादी नेता हैं और उन्होंने 1990 के दशक से ही भाजपा पार्टी के साथ अपने गठबंधन के बावजूद अपना एक अलग वैचारिक रुख बनाए रखने की कोशिश की है।

## लोगों का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाया जा रहा हैः पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को यहां कहा कि देश को जाति और धर्म के नाम पर पीछे ले जाने की कोशिश की जा रही है और लोगों का ध्यान भूख और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों से भटकाया जा रहा है। पवार की यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की एक रैली से पहले आई है, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में यह मांग करते हुए महाराष्ट्र में शिवसेना–राकांपा–कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की थी कि मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर हटाए जाएं। पवार ने यहां एक कार्यक्रम में सवाल किया कि क्या ऐसी मांगों से वास्तविक मुद्दों का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा, हम हाल के समय में देख रहे रहे हैं कि जाति और धर्म के नाम पर देश को पीछे ले जाने की कोशिश की जा रही है। आज लोगों से संबंधित बुनियादी मुद्दे क्या हैं? पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मूल्य वृद्धि, खाद्यान्न, बेरोजगारी, गरिमा के साथ जीने का मुद्दा है लेकिन कोई भी उन पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने राज ठाकरे का नाम लिए बिना रविवार को औरंगाबाद में मनसे प्रमुख की निर्धारित रैली के बारे में समाचार चैनल की खबरों का उल्लेख भी किया। पवार ने सवाल किया, (मनसे कह रही है) ए करेगी, वो करेगी हनुमान के नाम पर करेगी क्या ए मांगें आपकी बेरोजगारी की समस्या का समाधान करेंगी? क्या इससे आपकी भूख की समस्या दूर हो जाएगी? उन्होंने कहा कि कुछ तत्वों ने बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाकर अपना स्वार्थ हासिल करने का फैसला किया है और इसका प्रचार हो रहा है। राकांपा प्रमुख ने कहा कि अगर इन तत्वों को जवाब देना है तो छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब आंबेडकर जैसे प्रतिष्ठित सुधारकों की विचारधारा का पालन करना चाहिए।

# खुद को मुख्यमंत्री बताकर विधायक से धोखाधड़ी करने की कोशिश के आरोप में कंप्यूटर इंजीनियर गिरफ्तार

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान पुलिस** ने प्रेमिका के महंगे शौक को पूरा करने के लिए कथित तौर पर नेताओं को धोखा देने के मामले में शामिल 28 वर्षीय कंप्यूटर इंजीनियर को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार युवक पर आरोप है कि उसने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने 24 अप्रैल को तिजारा (अलवर) के विधायक संदीप यादव को कथित तौर पर एक नंबर से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। इस नंबर की प्रोफाइल में गहलोत की पारिवारिक तस्वीर लगी थी। संक्षिप्त बातचीत के बाद आरोपी ने विधायक से गूगलपे के माध्यम से 30,000 रुपए जमा करने के लिए कहा।

पुलिस ने बताया कि शक होने पर कांग्रेस विधायक ने जयपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क कर नंबर की जानकारी ली, तब स्पष्ट हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी की कोशिश हुई है। उन्होंने बताया कि इसके बाद विधायक ने 26 अप्रैल को भिवाड़ी (अलवर) पुलिस को मामले की जानकारी दी। भिवाड़ी के पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि आरोपी युवक ने पैसे भेजने के लिए जो नंबर दिया था वह जांच में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम का निकला। इस पर पुलिस निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम को आरोपी का पता लगाने के लिए हवाई मार्ग से विशाखापत्तनम भेजा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस, मोबाइल नंबर के आधार पर विशाखापत्तनम की आरएच कॉलोनी के पते पर पहुंची लेकिन वहां कोई नहीं रह रहा था। सिंह ने बताया कि इसके बाद टीम ने इलाके के तीन किलोमीटर दायरे में घूमकर कई स्थानीय लोगों से बात कर आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि टीम को एक नए फोन नंबर की जनकारी मिली जो एक महिला संध्या सिंह चला रही थी, जिसके आधार पर पुलिस टीम उसके पते पर पहुंची।



मजदूर दिवस के पूर्व संध्या पर अगरतला के गांधीग्राम में महिला मजदूर चाय बागानों में पत्तियों को एकत्र कर उसे ले जाते हुए

# तीन देशों की यात्रा के दौरान 25 कार्यक्रमों में शमिल होंगे प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी दो मई से तीन देशों का दौरा करेंगे। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान वह 25 कार्यक्रमों में शामिल होंगे और उन देशों में लगभग 65 घंटे बिताएंगे। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सात देशों के आठ नेताओं के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वह 50 वैश्विक व्यवसायियों से भी बातचीत करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री भारतीय मूल के हजारों लोगों से संवाद करेंगे।

मोदी दो मई को जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। यह इस साल होने वाली उनकी पहली विदेश यात्रा है। उनकी यह यात्रा ऐसे समय होगी, जब यूक्रेन संकट जारी है और रूस की कार्वाई ने लगभग पूरे यूरोप को उसके विरुद्ध एकजुट कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री पहले जर्मनी जाएंगे, उसके बाद डेनमार्क और फिर चार मई को वापसी में कुछ समय के लिए पेरिस में रुकेंगे। सूत्रों ने बताया कि मोदी जर्मनी और डेनमार्क में एक–एक रात जबकि दो रातें उड़ान में बिताएंगे। पेरिस में मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करेंगे, जिन्हें राष्ट्रपति के चुनाव में कड़े संघर्ष के बाद दोबारा विजय मिली है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि बर्लिन में प्रधानमंत्री मोदी जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज से मुलाकात करेंगे और दोनों नेता भारत–जर्मनी अंतरसरकारी संवाद (आईजीसी) के छठे संस्करण की सह अध्यक्षता करेंगे। शोल्ज के साथ मोदी की यह पहली बैठक होगी।

## पूर्व न्यायाधीशों, नौकरशाहों ने खुले पत्र में मोदी का बचाव किया, आलोचकों पर प्रहार

**नई दिल्ली।** नफरत की राजनीति पर पूर्व नौकरशाहों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखे जाने के कुछ दिनों के बाद पूर्व न्यायाधीशों और नौकरशाहों के एक अन्य समूह ने उक्त पत्र की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह पत्र राजनीति से प्रेरित तथा मोदी सरकार के विरुद्ध था, जो सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ समय–समय पर चलाए जाने वाले अभियान का हिस्सा है, ताकि सरकार के खिलाफ जनमत बनाया जा सके।

खुद को कंसर्न्ड सिटिजन्स कहने वाले इस समूह ने कहा कि वह नहीं मानता है कि कंस्टीट्यूशनल कंडक्ट ग्रुप (सीसीजी) द्वारा मोदी को भेजा गया खुला पत्र ईमानदारी से प्रेरित था। सीसीजी पूर्व नौकरशाहों के उस समूह का नाम है, जिसने पिछले दिनों खुला पत्र लिखा था। उन्होंने भाजपा की हालिया चुनावी जीत का हवाला देते हुए कहा कि सीसीजी का यह पत्र जनता की उस राय के खिलाफ अपनी निराशा दूर करने का समूह का तरीका था, जो मोदी के पीछे दृढ़ता से बनी हुई है। सीसीजी द्वारा मोदी और अन्य भाजपा सरकारों की आलोचना करने वाले पत्र के उत्तर में लिखे गए इस खुले पत्र में आठ पूर्व न्यायाधीशों, 97 पूर्व नौकरशाहों और 92 पूर्व सशस्त्र बलों के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए हैं। गौरतलब है कि सीसीजी के खुले पत्र पर 108 पूर्व नौकरशाहों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। नए पत्र में पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा पर कथित चुप्पी को लेकर भी सवाल उठाया गया है। नए पत्र में समूह ने कहा कि पूर्व नौकरशाहों ने अपने पत्र में जिन बातों का उल्लेख किया है, वे पश्चिमी मीडिया या पश्चिमी एर्जेसियों के सरकार–विरोधी बयान का दोहराव मात्र हैं, जो सीसीजी के इरादे को प्रदर्शित करती हैं। मोदी का बचाव करने वाले समूह ने कहा, यह मुद्दों के प्रति उनके निंदक और गैर–सैद्धांतिक दृष्टिकोण को उजागर करता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा सरकार के तहत बड़ी सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं में स्पष्ट रूप से कमी आई है, जिसकी जनता ने सराहना की है। उसने कहा, इसने (साम्प्रदायिक हिंसाा में कमी ने) सीसीजी जैसे समूह को साम्प्रदायिक हिंसा की छिटपुट घटनाओं को जरूरत से ज्यादा बड़ा करके दिखाने के लिए उकसाया है, जबकि कोई भी समाज इन घटनाओं को पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकता।

# दक्षिण और पूर्वी हिस्से में रूसी बलों को आगे बढ़ने से रोकने में जुटे यूक्रेनी सैनिक

भाषा। खारकीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** के सैनिक देश के दक्षिण और पूर्व में रूसी सैनिकों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए उनका मुकाबला कर रहे हैं, जहां क्रेमलिन देश के औद्योगिक डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। यह जानकारी अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने दी और कहा कि मॉस्को का आक्रमण योजना की तुलना में बहुत धीमी गति से चल रहा है। एक ओर जहां कुछ शहरों में शुक्रवार को तोप के हमलों, साइरन और विस्फोटों की आवाज सुनी गई, तो दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र ने मारियुपोल से लोगों को निकालने की शुरुआत करने का प्रयास किया। मारियुपोल के मेयर ने कहा कि शहर में स्थित इस्पात संयंत्र की हालात भयावह है। मेयर वेडिम बोइचेंको ने कहा कि नागरिक जान बचाने की भीख मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब दिनों का नहीं घंटों का मामला बचा है।

यूक्रेनी बलों के साथ मिलकर लड़ते हुए अमेरिका के एक पूर्व नौसैनिक की मौत हो गई है। यह जानकारी उसके परिवार ने दी और यह यूक्रेन युद्ध में किसी अमेरिकी व्यक्ति की मौत का पहला मामला हो सकता है। हालांकि अमेरिका ने इसकी पुष्टि नहीं की। यूक्रेनी बल रूसी बलों की मदद करने के आरोपी लोगों पर नकेल कस रहे हैं। अकेले खारकीव में इस सिलसिले में लगभग 400 लोगों को हिरासत में लिया गया गया है। युद्ध को लेकर रूस पर लगाई गई अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों का अब असर दिखाने लगा है। रूसी केंद्रीय बैंक ने कहा है कि रूस की अर्थव्यवस्था इस साल 10 प्रतिशत तक सिकुड़ सकती है। पूर्व में हो रही लड़ाई की पूरी तस्वीर प्राप्त करना मुश्किल हो गया है क्योंकि हवाई हमलों और तोपों से गोलाबारी के चलते पत्रकारों के लिए इधर-उधर जाना बेहद खतरनाक हो गया है। पूर्व में लड़ रहे यूक्रेन और मॉस्को समर्थित विद्रोहियों दोनों ने युद्ध क्षेत्र से रिपोर्टिंग पर कड़ी पाबंदियां लगा दी हैं। हालांकि अभी तक, रूस के सैनिकों और अलगाववादियों को मामूली लाभ मिला प्रतीत होता है। वरिष्ठ अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि अमेरिका का मानना है कि आंशिक रूप से यूक्रेनी प्रतिरोध के कारण, रूसी उससे कई दिन पीछे हैं जहां वे होना चाहते थे जब वे पूर्व में यूक्रेनी सैनिकों को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। उक्त अधिकारी ने यह जानकारी नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी। अधिकारी ने कहा कि ऐसे में जब रूसी सैनिक मारियुपोल से उत्तर की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे दक्षिण से यूक्रेनी सेना पर बढ़त हासिल कर सकें, उनकी प्रगति धीमी और असमान और निश्चित रूप से निर्णायक नहीं है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय का भी कुछ यही आकलन है। उसका मानना है कि यूक्रेन में रूसी सैनिक संभवत: कमजोर मनोबल से पीड़ित हैं, साथ ही उनमें यूनिट-स्तरीय कौशल और "असंगत हवाई समर्थन" की कमी है। युद्ध पर एक दैनिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में मंत्रालय ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा, रूसी बलों को पूर्वोत्तर यूक्रेन में विफल इकाइयों का विलय करने और फिर से तैनात करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि उसने यह आकलन किस आधार पर किया। बमबारी से प्रभावित मारियुपोल शहर में, माना जा रहा है कि लगभग 1,00,000 लोग भोजन, पानी या दवा की कमी के साथ फंसे हुए हैं। अनुमानित 2,000 यूक्रेनी सैनिक और 1,000 नागरिक अज़ोवस्टल इस्पात संयंत्र में छुपे हुए हैं। सोवियत काल के इस्पात संयंत्र में हवाई हमलों का सामना करने में सक्षम बंकरों का एक विशाल भूमिगत नेटवर्क है। हालांकि रूस द्वारा बंकर बस्टर्स और अन्य बम गिराए जाने के बाद स्थिति और विकट हो गई है। मेयर ने कहा, मारियुपोल छोड़ने का इंतजाम करने वाले स्थानीय लोग कहते हैं कि यह नरक है, लेकिन जब वे इसे छोड़ देते हैं, तो वे कहते हैं कि यह बदतर है संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि संगठन सुरक्षित मार्ग बनाने के लिए मॉस्को और कीव में अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। मेयर ने कहा कि इस बार, हमें उम्मीद है कि दुश्मन में मामूली सी मानवता है। यूक्रेन ने निकासी के पिछले कई प्रयासों की विफलता के लिए लगातार रूसी गोलाबारी को जिम्मेदार ठहराया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सऊदी के स्वामित्व वाले अल-अरबिया टीवी को बताया कि वास्तविक समस्या यह है कि यूक्रेनी अति-राष्ट्रवादियों द्वारा मानवीय गलियारों की अनदेखी की जा रही है। मॉस्को ने बार-बार दावा किया है कि दक्षिणपंथी यूक्रेनी निकासी के प्रयासों को विफल कर रहे हैं और नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। डोनबास में लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दो शहरों, क्रामातोरस्क से स्लोवियनस्क तक लड़ाई को सुना जा सकता था। स्लोवियास्क क्षेत्र और पड़ोसी शहरों से धुएं के गुबार उठे। गोलाबारी में कम से कम एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रात के अपने वीडियो संबोधन में रूस पर डोनबास और वहां रहने वाले सभी लोगों को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, लगातार हमले दिखाते हैं कि रूस इस क्षेत्र को सभी लोगों से खाली करना चाहता है। यदि रूसी आक्रमणकारी आंशिक रूप से भी अपनी योजनाओं को साकार करने में सक्षम हुए, तो उनके पास पूरे डोनबास को पत्थरों में बदलने के लिए पर्याप्त तोपखाना और विमान हैं, जैसा कि उन्होंने मारियुपोल के साथ किया था। गवर्नर ने कहा कि डोनबास के लुहान्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सैनिकों ने रूसी हवाई सैनिकों के हमले को विफल किया और उनकी इकाइयों में से अधिकतर को मार डाला। गवर्नर सेरही हैदाई ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर कहा, आक्रमणकारियों में से केवल सात बचे। उनके दावे की तुरंत पुष्टि नहीं की जा सकी। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमला कहां हुआ, लेकिन कहा कि रूसी सेना सेवेरोडनेत्स्क पर हमले की तैयारी कर रही थी। खारकीव के बाहरी इलाके में नियमित रूप से रूसी सेना द्वारा गोलाबारी की जा रही है, कुछ निवासी अपने अपार्टमेंट में रह रहे हैं, भले ही इमारतों में छेद हो गए हैं। वहां पानी या बिजली की आपूर्ति नहीं है इसलिए वे खुले में आग पर खाना बनाने के लिए बाहर इकट्ठा होते हैं। पड़ोस के तहखाने में रहने वाले यूक्रेनियों का कहना है कि रूसियों ने रॉकेट, टैंकों से इमारतों को निशाना बनाया है। क्षेत्रीय गवर्नर के अनुसार, पास के गांव रुस्का लोज़ावा में, यूक्रेन की सेना द्वारा रूसी कब्जे से शहर को वापस लेने के बाद सैकड़ों लोगों को निकाला गया है। जो लोग खारकीव, उन्होंने रूसियों के अधीन क्षेत्र में स्थिति बहुत गंभीर होने की बात कही।



युद्धग्रस्त यूक्रेन के इरपिन प्रांत में सेना के वाहनों के पास चहलकदमी करते स्थानीय लोग

### मारियुपोल से नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की योजना पर काम कर रहा है संयुक्त राष्ट्र

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त मारियुपोल शहर से आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की दृढ़ता से मांग करते हुए इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाने की बात कही है। इस बीच, कीव पर बमबारी करने को लेकर यूक्रेन ने रूस पर संयुक्त राष्ट्र की अवमानना करने का आरोप लगाया है। यूक्रेन का आरोप है कि संयुक्त राष्ट्र के नेता के कीव के दौरे के समय रूस ने बमबारी की थी। मारियुपोल के मेयर वादिम बोईचेंको ने कहा कि शहर के स्टील संयंत्र के भीतर हालात बेहद खराब हो चुके हैं और वहां मौजूद आम नागरिक अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे हैं। बोईचेंको ने कहा कि आम नागरिकों को निकालने में कुछ दिनों का समय नहीं बल्कि केवल कुछ घंटे ही लगेंगे।

### यूक्रेन से 10 लाख लोगों को निकाला गया: लावरोव

**ल्वीव।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि युद्ध शुरू होने के बाद से मास्को ने यूक्रेन से 10 लाख से अधिक लोगों को निकाला है। लावरोव ने यह बात चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के साथ एक साक्षात्कार में कही। लावरोव की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब यूक्रेन ने मास्को पर यूक्रेन के लोगों को जबरदस्ती देश से बाहर भेजने का आरोप लगाया है। लावरोव ने कहा कि इस आंकड़े में 300 से अधिक चीनी नागरिक शामिल हैं। उन्होंने अपने दावे का समर्थन करने के लिए कोई सबूत नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच लगभग हर दिन बातचीत जारी है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि इस संबंध में प्रगति आसान नहीं रही है। लावरोव ने वार्ता को बाधित करने के लिए कीव शासन के पश्चिमी समर्थकों की आक्रामक बयानबाजी और भड़काऊकार्वाई को जिम्मेदार ठहराया।

## अफगान राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र में अधिकारिक शिकायत दर्ज कराई

- पाकिस्तानी सेना के कुनार व खोस्त प्रांत में हवाई हमलों को अंजाम दिए जाने पर जताई चिंता
- पाकिस्तान पर लगाया सीमा के नियमों के उल्लंघन का आरोप

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** में अफगानिस्तान के स्थाई मिशन के प्रभारी ने इस महीने पूर्वी अफगानिस्तान के कुनार व खोस्त प्रांतों में पाकिस्तान के हवाई हमलों को लेकर यहां एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि सीमा पार से पाकिस्तानी सेना के हमले निंदनीय हैं और इस तरह के उल्लंघनों से क्षेत्र में शांति व सुरक्षा और अधिक अस्थिर होगी। संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान के स्थाई मिशन के प्रभारी नसीर अहमद फाइक ने अप्रैल महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ब्रिटेन को पत्र लिखा कि अफगानिस्तान में पाकिस्तानी बलों के हवाई हमले अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ आक्रमण है। उन्होंने कहा कि ए हवाई हमले अंर्तार्ष्ट्रीय कानूनों, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांत, संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन हैं। फाइक ने अपने शिकायत पत्र को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक आधिकारिक दस्तावेज के रूप में वितरित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तानी सैन्य बलों द्वारा सीमा पार से गोलाबारी, सैन्य चौकियों के निर्माण और अफगानिस्तान की धरती के अंदर बाड़बंदी के जरिए एक दशक से अफगानिस्तान के क्षेत्र का लगातार उल्लंघन चल रहा है।

## फलस्तीनी हमलावरों ने सुरक्षा गार्ड को मारी गोली

**यरुशलम।** इजराइल सेना ने कहा कि फलस्तीनी हमलावरों ने शुक्रवार देर रात वेस्ट बैंक में एक यहूदी बस्ती के प्रवेश द्वार पर एक सुरक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले से पहले से ही जारी इजराइली-फलस्तीनी तनाव में और इजाफा हो सकता है। इजराइल सेना ने कहा कि शनिवार तड़के हमलावर एरियल बस्ती के प्रवेश द्वार पर पहुंचे और सुरक्षा गार्ड को उसकी चौकी पर गोली मार दी और फिर वहां से फरार हो गए। इजराइली सेना ने यहूदी बस्ती के प्रवेश द्वार पर एक सुरक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या करने वाले दो फलस्तीनी हमलावरों की तलाश के लिए शनिवार को उत्तरी वेस्ट बैंक में एक तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि सुरक्षा गार्ड को उत्तरी वेस्ट बैंक में एक प्रमुख बस्ती एरियल के बाहर शुक्रवार देर रात एक कार में सवार दो हमलावरों ने गोली मार दी। इसने कहा कि गार्ड एक अन्य गार्ड के सामने खड़ा था जिससे उसकी जान बच गई। सेना ने कहा कि इजराइली बलों ने शनिवार को जांच चौकियां स्थापित कीं और इलाके में हमलावरों की तलाश की जा रही है। सेना ने कहा कि उसने हमास समूह के दो कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया, लेकिन तत्काल इसका कोई संकेत नहीं कि वे हमले में शामिल थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पति **स्व. शांति लाल जैन,** फ्रीहोल्ड संपत्ति- प्लॉट नंबर 188, सेक्टर-6, आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम -122051 में, जिसका माप 1012.5 वर्गमीटर है, के कानूनी मालिक थे।

मेरे पति का **8 दिसंबर 2020** को स्वर्गवास हो गया और अब मैं, **श्रीमती फैना देवी** उपरोक्त संपत्ति की कानूनी उत्तराधिकारी हूँ।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के हस्तांतरण से कोई आपत्ति है, तो वह HSIIDC, IMT मानेसर, गुरुग्राम से संपर्क कर सकता है

ईमेल:
hsiidcmanesar1@gmail.com

## चीन की विनिर्माण गतिविधियों में अप्रैल में आई गिरावट

एपी। बीजिंग

**चीन** के प्रमुख विनिर्माण केंद्र शंघाई एवं अन्य शहरों में कोविड-19 महामारी पर काबू पाने के लिए लगाए गए सख्त लॉकडाउन से अप्रैल में चीन की विनिर्माण गतिविधियां छह महीने के निचले स्तर पर आ गई हैं। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकीय ब्यूरो ने शनिवार को मासिक खरीद प्रबंधक सूचकांक जारी करते हुए कहा कि अप्रैल में यह सूचकांक गिरकर 47.4 पर आ गया, जो मार्च में 100 अंकों के पैमाने पर 49.5 पर था। सूचकांक का 50 से नीचे रहना विनिर्माण गतिविधियों में संकुचन को दर्शाता है। ब्यूरो के सांख्यिकीविद झाओ किंगे ने कहा कि महामारी के प्रकोप ने चीन के कारखानों की गतिविधियों और बाजार की मांग पर असर डाला है।

कुछ कंपनियों ने लॉजिस्टिक के साथ-साथ आपूर्ति में आए व्यवधान के चलते उत्पादन कम या बंद कर दिया है। चीन के सबसे अधिक आबादी वाले शहर शंघाई में पूरे अप्रैल महीने में लॉकडाउन लागू रहा। राजधानी बीजिंग में इस सप्ताह लाखों निवासियों का बड़े पैमाने पर संक्रमण परीक्षण शुरू किया गया है। पूर्वोत्तर के चांगचुन और जिलिन ने भी अप्रैल का अधिकांश समय लॉकडाउन में बिताया। इसकी वजह से यहां के वाहन एवं अन्य कारखाने बंद हो गए। अन्य छोटे चीनी शहरों को भी लॉकडाउन का सामना करना पड़ा है। सांख्यिकीय ब्यूरो के अनुसार, अप्रैल के महीने में गैर-विनिर्माण व्यावसायिक गतिविधि भी 6.5 प्रतिशत अंक गिरकर 41.9 पर आ गई। ब्यूरो ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान हवाई परिवहन, आवास और खानपान जैसे क्षेत्रों में गतिविधि ठप होने से सेवा क्षेत्र की गतिविधि 46.7 से घटकर 40 पर आ गई।

## सेबी ने एफपीआई, डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के लिए परिचालन दिशानिर्देशों में किए बदलाव

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने विदेशी निवेशकों के पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं उनके नाम में बदलाव से संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के परिचालन दिशानिर्देशों में कुछ बदलाव किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में इन बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा है कि नए दिशानिर्देश नौ मई से लागू होंगे। सेबी के परिपत्र के अनुसार, एफपीआई के पंजीकरण के प्रमाण पत्र और उनके नाम में बदलाव से संबंधित ढांचे को संशोधित किया गया है। एफपीआई के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र के संबंध में नामित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीडीपी) पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रदान करेगा जिस पर सेबी की तरफ से जारी पंजीकरण संख्या का उल्लेख होगा। सेबी ने कहा कि किसी एफपीआई के नाम में बदलाव होने की स्थिति में डीडीपी ऐसा अनुरोध मिलने के बाद प्रमाण पत्र में नाम परिवर्तन करेगा।

## केवीआईसी ने वर्ष 2021-22 में किया 1.15 लाख करोड़ रुपए का कारोबार

भाषा। नई दिल्ली

**खादी** एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 1.15 लाख करोड़ रुपए का कारोबार किया जो एक साल पहले की तुलना में 20.54 प्रतिशत अधिक है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि खादी उत्पादों के कारोबार से जुड़े केवीआईसी ने एक ऐसी ऊंचाई हासिल की है जो भारत में रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले उत्पादों से जुड़ी एफएमसीजी कंपनियों के लिए दूर का लक्ष्य बना हुआ है। केवीआईसी का प्रशासकीय नियंत्रण करने वाले एमएसएमई मंत्रालय ने कहा, केवीआईसी ने पहली बार 1.15 लाख करोड़ रुपए का कारोबार किया है, जो देश में किसी भी एफएमसीजी कंपनी के लिए अभूतपूर्व है। यह केवीआईसी को एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली देश की एकमात्र कंपनी बनाता है। पिछले वित्त वर्ष में केवीआईसी का कुल कारोबार 95,741.74 करोड़ रुपए रहा था। इसकी तुलना में 20.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए केवीआईसी ने वर्ष 2021-22 में 1,15,415.22 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। मंत्रालय ने कहा, वर्ष 2014-15 की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्रों में कुल उत्पादन 172 प्रतिशत बढ़ा है जबकि इस दौरान सकल बिक्री में 248 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। बयान के मुताबिक, अप्रैल-जून 2021 में देश में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान लगे आंशिक लॉकडाउन के बावजूद केवीआईसी के कारोबार में विस्तार हुआ है। खादी क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2021-22 में 43.20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जबकि एक साल पहले यह कारोबार 3,528 करोड़ रुपए रहा था। वर्ष 2014-15 के बाद के आठ वर्षों में खादी क्षेत्र में उत्पादन 191 प्रतिशत बढ़ा है जबकि खादी की बिक्री में 332 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### यूनिपार्ट्स इंडिया लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी फाइल की

**नई दिल्ली।** यूनिपार्ट्स इंडिया लिमिटेड इंजीनियर्ड सिस्टम एवं समाधानों का वैश्विक निर्माता है और 25 से अधिक देश में अपनी उपस्थिति के कारण कृषि और निर्माणए वानिकी और खनन एवं आफ्टरमार्केट क्षेत्रों में ऑफ. हाईवे बाजार के लिए सिस्टम्स और कल.पुर्जों के अग्रणी आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। हमारे द्वारा कई ब ?ी से ब ?ी वैश्विक कंपनियों ;स्रोतरू क्रिसिल रिपोर्टद्ध को सेवा प्रदान किए जाने के चलते विश्व स्तर पर 3पीएल और पीएमपी उत्पादों के निर्माण में हमारी प्रमुख रूप से उपस्थिति है। यूनिपार्ट्स इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी में डीआरएचपी फाइल किया है।

**PUBLIC NOTICE**

Public at Large is hereby informed that my client Mr. OM Prakash Sethi S/o Late shri Kashi Ram Sethi R/o B-236 Derawal Nagar Delhi 110009 declared that a G.P.A. dated 10.11.2014 executed under his name in favour of Mr. Manish Kumar Sethi S/o Shri OM Prakash Sethi R/o B-236 Derawal Nagar Delhi 110009 in respect of commercial shop bearing No. 182, area measuring 22.3 sq. yards ward no 13 situated at Azad market Delhi has been Revoked, Cancelled and Made Void with effect from 11/04/2022. That if anyone takes action for the same then my client shall be entitled to take appropriate legal action against them.

Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey
(Enrl. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Building, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-110033

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री योगेश शर्मा पुत्र श्री सोम दत्त जो प्रापर्टी नं. 96-ए, 100.00 वर्ग गज क्षेत्र, 465.00 वर्ग गज, खसरा नंबर 588, ग्राम कड़कड़डूमा क्षेत्र में स्थित, कड़कड़डूमा, इलाका, शाहदरा, दिल्ली-110092, जो बिक्री विलेख दिनांक 02.04.2022 दस्तावेज संख्या 2666 के आधार पर मालिक व काबिज है, जो जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है., उक्त संपत्ति श्री विष्णु दत्त शर्मा के पुत्र श्री राजीव शर्मा द्वारा खरीदी गई है जो दिनांक 03.05.2006 के सामान्य मुख्तारनामा के तहत संपूर्ण संपत्ति मालिक है, जिसका दस्तावेज संख्या 8189 है।
यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 07 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा कि किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client **Mr. Bettadapur Suryanarayana Chandrasekhara, (B.S. Chandrasekhar,** son of Mr. B.S. Suryanarayana and Ms. Mridula Ramaswamy daughter of Mr. Late B.S. Ramaswamy, both resident of Flat No. 140, Mandakini Enclave, Alaknanda, New Delhi-110019 have lost/ misplaced Original copy of Allotment Letter, 5th & Final Installment/ Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for obtaining Water and Electric Meter in respect of Flat No. 140, Mandakini Enclave, Alaknanda, New Delhi-110019 issued by Delhi Development Authority, Delhi. An FIR to this effect has been lodged in PS-Crime Branch, Delhi bearing LR No. 357813/2022 dated 29/04/2022. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact above named person at above address/phone no. 9810221449, within **15 days** from the date of publication of this notice.

**ACHIN SHARMA**
**(Advocate)**
**Regd. No. D/5425/2021**
**Ph. : 9650865007**

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Satya Prakash Garg has acquired the Built-up property no. D-480, land area measuring 100 sq. yds. out of Khasra no. 434 &436, situated at village Ghonda Gujran Khadar, in the abadi of Gali no. 11 & 12, Bhajan Pura, Illaqa-Shahdara, Delhi-110053 on POA basis vide Notarized GPA & ATS & Will dated 17.09.1986, executed by Mrs. Kusam Kumari Sharma, and Now, Mr. Satya Prakash Garg is intending to sell the above said property to Mrs. Anju W/o Shri Pal Singh vide Sale Deed. Further Mrs. Anju and Shri Pal Singh are mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

Public Notice

This is to inform general public that Smt. Meenakshi Anand is the owner of the Ground Floor area 83.33 Sq. yds., i.e., 69.68 Sq. Mtrs., & First Floor area measuring 130 Sq. Yds., i.e., 108.70 Sq. Mtrs., Left Side (Northern Portion) (Without Roof Rights) "Said Floors" Built on Property Bearing No. D-/37/6, Out of Khasra No. 63, Situated in the Abadi of Acharya Niketan, Mayur Vihar, Phase-1, in the area of Village Kotla, Illaqa Shahdara, Delhi- 110092 vide Gift Deed dated 17.12.2009 (Doc. No. 15858). Smt. Meenakshi Anand has misplaced the below mentioned documents.
A. Original GPA, ATS & Will executed by Mr. Ravender Singh and Mr. J.B. Agarwal in favour Ms. Asha Rani in respect of said property First Floor Left Side (Northern Portion) measuring 130 Sq. yds.
B. Original GPA, ATS & Will executed by Mr. Ravender Singh and Mr. J.B. Agarwal in favour of Mr. Rajesh Kumar in respect of said Shop no 1 & 2 on Ground floor measuring 750 Sq. ft.
C. Original GPA, ATS & Will dated 19.06.2001 executed by Ms. Asha Rani in favour of Mr. Pramod Kumar Jain in respect of said property First Floor Left Side (Northern Portion) measuring 130 Sq. yds.
D. Original GPA, ATS & Will executed by Mr. Rajesh Kumar in favour of Mr. Pramod Kumar Jain in respect of said Shop no 1 & 2 on Ground floor measuring 750 Sq. ft.
Any one who find the above said documents shall handover the same to the Manager of Indusind Bank having its office at 2E/1, 3rd Floor, Jhandewalan Extn. New Delhi – 110055. Now, Mr. Ashok Anand and Smt. Meenakshi Anand is availing loan on this property from Indusind Bank by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## दिवाला कानून के असर के अध्ययन के लिए प्रारूप की जरूरत: सचिव

भाषा। नई दिल्ली

**दिवाला** कानून के कारण तनावग्रस्त परिसंपत्तियों का समाधान निकलने के बजाय परिसमापन अधिक होने को लेकर कुछ क्षेत्रों में उठ रही चिंताओं के बीच कंपनी मामलों के सचिव राजेश वर्मा ने शनिवार को कहा कि इस कानून के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए प्रारूप होना चाहिए। वर्मा ने कहा कि ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) में किसी भी तरह की खामी को सुधारने के लिए सरकार और नियामक भारतीय ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला बोर्ड (आईबीबीआई) लागतार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून ने उधार देने वालों और लेने वालों, प्रवर्तकों और लेनदारों के बीच गतिशीलता में एक सांस्कृतिक बदलाव ला दिया है। आईबीसी कानून वर्ष 2016 में लागू हुआ था और उसके बाद से इसमें अब तक छह संशोधन हो चुके हैं। इसके तहत तनावग्रस्त संपत्तियों के समयबद्ध एवं बाजार से जुड़े समाधान दिए जाते हैं। कुछ आलोचाकों का कहना है कि आईबीसी से समाधान मिलने के बजाय परिसमापन की स्थिति ज्यादा बन रही है। दिवाला काननू के निष्कर्ष का पता लगाने के लिए अभी कोई प्रारूप नहीं है। आईबीसी की दिवाला रूपरेखा के प्रभाव का अध्ययन करना आवश्यक है और इसके गुण-दोष का पता लगाने के लिए विश्लेषण भी करना होगा।

### यस बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में कमाया शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** मुश्किलों से घिरे निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1,066 करोड़ रुपए का लाभ कमाने के साथ फिर से मुनाफा हासिल करना शुरू कर दिया है। यस बैंक ने शनिवार को चौथी तिमाही के नतीजे घोषित करते हुए बताया कि वह फिर से लाभ की स्थिति में आ गया है। इसके पहले वित्त वर्ष 2020-21 में उसे 3,462 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। उसके पहले वर्ष 2019-20 में उसे 22,715 करोड़ रुपए का भारी घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2018-19 के बाद पहली बार यस बैंक किसी वित्त वर्ष में लाभ अर्जित करने में सफल रहा है। उसने हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 1,066 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। बैंक ने शेयर बाजारों को अपने वित्तीय नतीजों की जानकारी देते हुए कहा कि जनवरी-मार्च 2022 तिमाही में उसने 367 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में उसे 3,788 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। बैंक का तिमाही आधार पर भी प्रदर्शन बेहतर हुआ है। दिसंबर 2021 में समाप्त तीसरी तिमाही में उसे 266 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था।

## हिंदवेयर टाइल्स सेगमेंट में उतरा

**मुंबई।** आइकोनिक बाथवेयर ब्रांड हिंदवेयर ने हिंदवेयर इटालियन टाइल्स के साथ टाइल्स सेगमेंट में अपने विस्तार की घोषणा की है। इसके साथ हीए कंपनी ने राजपुरा पंजाब में एक डिपो का उद्घाटन किया और घोषणा कीए कि वह सम्पूर्ण भारत में ऐसे 18 डिपो खोलेगी। वर्तमान में कंपनी 259 शहरों में अपनी उपस्थिति के साथए किसी भी बाथवेयर कंपनी के बीच सबसे बड़े नेटवर्क के रूप में फैली हुई है। राजपुरा में डिपो का उद्घाटन करते हुए सुधांशु पोखरियाल चीफएग्जीक्यूटिव ऑफिसर बाथ एंड टाइल्स बिजनेस ब्रिलोका लिमिटेड ने कहा कि हिंदवेयर अपने आप में एक घरेलू नाम है,जो कि उद्योग जगत में अपने ?ास डिजाइन और इनोवेशंस को लेकर हमेशा ही सबसे आगे रहा है। हिंदवेयर इटालियन टाइल्स का अपना एक स्ट्रांग पोर्टफोलियो है जिसमे 300,400 मिमी से 1200,2400 मिमी तक के आकार के प्राकृतिक तत्वों से प्रेरित ताज़ा डिज़ाइन शामिल हैं।

## दूरसंचार विभाग ने मोबाइल, स्मार्टवॉच को अनिवार्य परीक्षण के दायरे से बाहर रखा

भाषा। नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल उपयोगकर्ता उपकरण, मोबाइल हैंडसेट और स्मार्टवॉच समेत कुछ उत्पादों को दूरसंचार उपकरण के अनिवार्य परीक्षण एवं प्रमाणन (एमटीसीटीई) व्यवस्था के दायरे से छूट दे दी है जिससे दोहरे नियमन की आशंका दूर हो गई है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गई। व्यापक रूप से उपयोग होने वाले इन उत्पादों पर छूट अनुपालन बोझ को कम करेगी और उद्योग को अपने उत्पादों को तेजी से बाजार में लाने में सक्षम बनाएगी। यह आयात में होने वाली देरी को भी कम करेगा।

विज्ञप्ति में कहा गया, दूरसंचार विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ इस मुद्दे पर विचार विमर्श किया और मोबाइल उपयोगकर्ता उपकरणामोबाइल हैंडसेट (मोबाइल फोन), सर्वर, स्मार्ट वॉच, स्मार्ट कैमरा, पीओएस मशीनों को एमटीसीटीई के दायरे से बाहर रखने का फैसला लिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2012 के तहत निर्दिष्ट वस्तुओं (जैसे लैपटॉप, वायरलेस कीबोर्ड, पीओएस मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण) का अनिवार्य पंजीकरण करता है। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार के लिए उपयोग किए जाने में सक्षम उपकरणों के लिए भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) नियम, 2017 के तहत दूरसंचार उपकरण के अनिवार्य परीक्षण और प्रमाणन को निर्दिष्ट किया है।

**पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर**
किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944-242552 ई-मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com

पत्रांक 201-04/निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 30.04.2022

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या-19,20 Raw Material/Bhusa/CFP/2022-23, Date - 02/05/2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा के द्वारा Two Bid System के अन्तर्गत पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल, काम्पैक्ट फीड ब्लाक हेतु भूसा आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक **10/05/2022** के सांय **05.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक **11/05/2022** की प्रातः **11.00** बजे यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पड़ाव हल्द्वानी में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | विवरण | कुल मात्रा | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा शुल्क GST सहित ₹ | आपूर्ति शैड्यूल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डी0ओ0एम0सी0 | 1850 मै0टन | 9,25,000.00 | 4720.00 | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| 02 | एम0ओ0सी0 | 500 मै0टन | 2,95,000.00 | 4720.00 | |
| 03 | मक्का | 450 मै0टन | 1,50,000.00 | 4720.00 | |
| 04 | नमक | 200 मै0टन | 75,000.00 | 1180.00 | |
| 05 | कैलासाईट पाउडर | 170 मै0टन | 75,000.00 | 590.00 | |
| 06 | एस.आर.एन.(slow-release-non-Protein nitrogen 23%) | 210 मै0टन | 90,000.00 | 4720.00 | |
| 07 | भूसा (भण्डारण) तथा माह मई व जून में | 8000 कु0 | 92,800.00 | 3540.00 | |
| 08 | भूसा प्रतिमाह उत्पादन हेतु | 10000 कु0 | 1,08,000.00 | 4720.00 | |

नोट- निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एंव प्रस्तुतीकरण का तरीका-
निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी.एस.टी. सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online Internet की वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एवं Upload किये जा सकते हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। ई-निविदा वेबसाइट पर दिनांक **02/05/2022** की प्रातः **10.00** बजे से उपलब्ध रहेगी। सामान्य प्रबन्धक

## स्पूतनिक-वी टीके की पहली खुराक को बूस्टर के तौर पर देने की संस्तुति

टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) की एक समिति ने सिफारिश की है कि रूस के कोविड-रोधी टीके स्पूतनिक-वी की दोनों खुराक ले चुके लोगों को इस टीके की पहली खुराक को बूस्टर के तौर पर दिया जा सकता है। गौरतलब है कि स्पूतनिक-वी टीके की दोनों खुराक की रचनाएं अलग-अलग हैं। वर्तमान में रूसी टीका लगवा चुके लोगों के लिए एहतियाती खुराक उपलब्ध कराने के संबंध में कोई नीतिगत निर्णय नहीं है। को-विन पोर्टल पर स्पूतनिक-वी के लिए एहतियाती खुराक को लेकर कोई विकल्प प्रदर्शित नहीं होता। पिछले साल जुलाई में स्पूतनिक-वी टीके की दूसरी खुराक ले चुके लोग बूस्टर खुराक नहीं लगवा पा रहे हैं। एनटीएजीआई की स्थाई तकनीकी उप-समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। करीब छह लाख से अधिक ने रूसी टीका लगवाया है।

# मलेरिया से निपटने के लिए नवाचार का उपयोग आवश्यक



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने दिल्ली में विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में एकीकृत वेक्टर प्रबंधन 2022 नियमावली जारी की

जैसा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया था, भारत 2030 तक देश से इस बीमारी को खत्म करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करके व बहु–क्षेत्रीय समन्वय तथा सहयोग में सुधार करके वेक्टर जनित बीमारी से लड़ने की आशा करता है। सचमुच, भारत ने मलेरिया को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें वेक्टर–जनित बीमारी के मामलों में 86.45 प्रतिशत की गिरावट तथा 2015 की तुलना में 2021 में मौतों में 79.16 प्रतिशत की कमी आना है जैसा कि दिल्ली में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी कहा है।

मंडाविया ने कहा, ''न केवल निदान और उपचार, ''स्वच्छता'' और मलेरिया नियंत्रण तथा रोकथाम के बारे में हमारे व्यक्तिगत और सामुदायिक परिवेश में सामाजिक जागरूकता इस रोग के खिलाफ हमारी सामूहिक लड़ाई व 2030 तक देश से मलेरिया के उन्मूलन के हमारे लक्ष्य को पूरा करने के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है।'' इस वर्ष की थीम है – वैश्विक मलेरिया रोग के बोझ को कम करने व जीवन बचाने के लिए नवाचार का उपयोग करें। मलेरिया भारत में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या होने के कारण – जिसमें कि देश में कम से कम 80 प्रतिशत मलेरिया की रिपोर्ट आदिवासी, पहाड़ी, कठिन व दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली 20 प्रतिशत आबादी वाले क्षेत्रों तक ही सीमित है – वेक्टर जनित रोगों को खत्म करने के लिए राज्यों ने अपनी ओर से समर्पित योजनाओं को शुरू किया है।

> **''न केवल निदान और उपचार, ''स्वच्छता'' और मलेरिया नियंत्रण तथा रोकथाम के बारे में हमारे व्यक्तिगत और सामुदायिक परिवेश में सामाजिक जागरूकता इस रोग के खिलाफ हमारी सामूहिक लड़ाई व 2030 तक देश से मलेरिया के उन्मूलन के हमारे लक्ष्य को पूरा करने के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है।''**


ओडिशा सरकार द्वारा 2017 में दमन–दुरगमा आंचल रे मलेरिया निराकरण नामक एक कार्यक्रम शुरू किया गया था, जिसमें राज्य के दूरदराज इलाकों में अप्रैल–जून और सितंबर–अक्टूबर में मलेरिया शिविरों में साल में दो बार सामूहिक जांच का आयोजन किया गया। दमन के तहत, इनडोर अवशिष्ट स्प्रे विधि का उपयोग किया जाता है और पूरी आबादी का मलेरिया परीक्षण होता है। ओडिशा में मलेरिया हस्तक्षेप कार्यक्रम ने राज्य में महत्वपूर्ण संख्या में मामलों को कम करने में मदद की है। 2016 व 2021 के बीच की अवधि में मामलों में 94 प्रतिशत की कमी आई है।

एनसीवीबीडीसी के अनुसार, राज्य में मामले 2017 में 347,860 (उस वर्ष के राष्ट्रीय मामलों का 41 फीसदी) से गिरकर 2021 में 25525 (उस वर्ष कुल मामलों का 16 प्रतिशत) हो गए। इसी तरह, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दस्तक अभियान का उद्देश्य राज्य को 2030 तक मलेरिया मुक्त बनाने में मदद करना है। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इस योजना के बारे में लोगों को सूचित करने की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि मलेरिया से लड़ने के लिए तेलंगाना द्वारा की गई पहल ने एक अंतर्क्षेत्रीय सहयोग सुनिश्चित किया है। नगर पालिकाओं, सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं व पंचायत विभागों के कारण तेलंगाना में मलेरिया के मामलों में कमी आई है।

छत्तीसगढ़ ने इस मसले से निपटने के लिए जनवरी 2020 से छत्तीसगढ़ द्वारा मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शुरू किया है। बस्तर में अभियान की सफलता के बाद, राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम को बाकी राज्य में आगे बढ़ाया। 2022 में, छत्तीसगढ़ को मलेरिया से लड़ने में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विश्व मलेरिया दिवस को चिह्नित करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भी चुना गया है।

आंध्र प्रदेश सरकार ने ग्राम एवं वार्ड सचिवालय स्तर पर पंचायत राज, नगर प्रशासन एवं ग्रामीण जल आपूर्ति के सहयोग से शुक्रवार–शुष्क दिवस की पहल की है। उन्होंने राज्य में मलेरिया के मामलों की संख्या को कम करने में भी मदद की। नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल (एनसीवीबीडीसी) के पूर्व निदेशक डॉ. नीरज ढींगरा ने कहा कि, '' कोविड –19 महामारी के कारण व्यवधानों के बावजूद, कुल मिलाकर, देश में मलेरिया के मामलों में 2019 और 2021 के बीच गिरावट जारी रही। हमें महामारी से सीख अवश्य लेनी चाहिए, जैसे कि सबके हित में भारत में मलेरिया को हमेशा के लिए समाप्त करने के अभियान में तेजी लाने के लिए नवाचारों का महत्व, मजबूत डेटा साझाकरण प्रणालियां, एवं लक्षित व्यवहार परिवर्तन अभियान।''

# आपकी दृष्टि नष्ट कर सकता है तनाव




पैंतालीस वर्षीय रमेश वर्मा, पेशे से पत्रकार, एक दिन जब सुबह उठे तो उन्होंने पाया कि उनकी दृष्टि धुंधली है। पानी के छींटे मारने से भी उनकी आंखों को कोई फायदा नहीं हुआ। जब भी वह एक निर्धारित बिंदु पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते, तो उन्हें दाहिनी आंख में धब्बा और लहरदार रेखाएं दिखती थीं।

वर्मा को बाद में सेंट्रल सीरस रेटिनोपैथी (सीएसआर) का पता चला, यानी एक ऐसी स्थिति, जिसमें आंख के रेटिना (आंख के पिछले हिस्से में प्रकाश के प्रति संवेदनशील ऊतक) के एक छोटे से क्षेत्र के नीचे तरल पदार्थ की एक छोटी मात्रा जमा हो जाती है, जिससे यह अस्थायी रूप से अलग हो जाता है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ और एके इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्थल्मोलॉजिस्ट, दिल्ली के प्रमुख, डॉ अतुल कुमार, जिन्होंने वर्मा का निदान किया, का कहना है कि उच्च स्तर के तनाव, अनियमित नींद पैटर्न, टाइप ए व्यक्तित्व ( यह उच्च उपलब्धि, प्रतिस्पर्धात्मकता और अधीरता से जुड़े व्यवहार व व्यक्तित्व शैली को संदर्भित करता है), स्लीप एप्निया, या प्रणालीगत उच्च रक्तचाप वाले लोग सीएसआर के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

आरपी सेंटर, एम्स दिल्ली के पूर्व प्रमुख डॉ कुमार बताते हैं कि तनाव शरीर पर इतना अधिक भार डालता है कि रेटिना ब्लिस्टर बनाने वाले तरल पदार्थ को लीक करना शुरू कर देता है।

वर्मा कुछ नहीं कर सकते, सिवाय अपने डॉक्टर से सहमत होने के। कोविड–19 महामारी के बाद से ये पिछले दो साल उनके लिए बेहद भीषण रहे हैं। उन्होंने कहा, ''बहुत सारे मुद्दे थे–पेशेवर और व्यक्तिगत। बहुत अधिक मानसिक व भावनात्मक तनाव के कारण नींद कम हो रही थी। जैसा कि मैं नींद से वंचित था, ऐसे में स्क्रीन देखना मुझे अपना पसंदीदा शगल सा लगा था।''

आमतौर पर, इस मामले में, लोगों की दृष्टि धुंधली होती है या एक निर्धारित बिंदु पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते समय लहरदार रेखाएं दिखाई देती हैं। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि ज्यादातर मामलों में, सीएसआर खुद को ठीक कर सकता है यानी तनाव–स्तर को कम करके इसे कम किया जा सकता है। डॉ कुमार ने आश्वासन दिया, ''शारीरिक गतिविधि, व्यायाम व उचित नींद जैसे जीवनशैली में बदलाव एक उपाय है। ''

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि नौकरी की असुरक्षा के कारण या अन्य कारणों से, जीवनशैली विकार व खराब निद्रा–अवधि के कारण तनाव कई लोगों के लिए जीवन का एक तरीका बन गया है, जिससे सीएसआर बहुत आम होता जा रहा है।

आरपी सेंटर, एम्स दिल्ली के पूर्व प्रमुख डॉ कुमार बताते हैं कि तनाव शरीर पर इतना अधिक भार डालता है कि रेटिना ब्लिस्टर बनाने वाले तरल पदार्थ को लीक करना शुरू कर देता है।

आमतौर पर, इस मामले में, लोगों की दृष्टि धुंधली होती है या एक निर्धारित बिंदु पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते समय लहरदार रेखाएं दिखाई देती हैं।

हालांकि, अच्छी खबर यह है कि ज्यादातर मामलों में, सीएसआर खुद को ठीक कर सकता है।

कुमार इंगित करते हैं, ''हमें जो मरीज मिल रहे हैं, उनमें से ज्यादातर रात की पाली में काम करने वाले हैं, जैसे रेलवे या कॉल सेंटर में काम करने वाले।''

हालांकि सीएसआर के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, मगर वर्मा के मामले में, रेटिना के नीचे द्रव का निर्माण होता है। यह एक परत में होता है जिसे रेटिनल पिगमेंट एपिथिलियम के रूप में जाना जाता है।

आरपी सेंटर, एम्स, दिल्ली में एसोसिएट प्रोफेसर व रेटिनल स्पेशलिस्ट डॉ रोहन चावला बताते हैं, ''अगर यहां तरल पदार्थ जमा हो जाता है, तो यह दृश्य विकृति, यहां तक कि विच्छेद का कारण बन सकता है। ''

वह बताते हैं कि यह स्थिति 30 से 50 वर्ष की आयु के पुरुषों में होती है। तनाव के अलावा, अतिरिक्त कारक जो इस स्थिति को जन्म देते हैं, उनमें स्टेरॉयड का उपयोग करने वाले, ऑटोइम्यून विकार वाले, हेलिकोबैक्टर पाइलोरी से संक्रमित (कुछ ऐसा जो अल्सर से जुड़ा होता है) लोग शामिल हैं। इसके अलावा

> **तनाव, अनियमित नींद पैटर्न, टाइप ए व्यक्तित्व, स्लीप एप्निया या सिस्टमिक हाइपरटेंशन वाले लोग सीएसआर के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इस स्थिति को ठीक होने में कई सप्ताह या महीने लगते हैं। लेकिन हां, यह जटिल भी हो सकता है। इस संबंध में डॉक्टरों से बात की पायनियर हेल्थ ने**

अनिद्रा, स्लीप एपनिया, या नींद से संबंधित कोई अन्य विकार होना, उच्च रक्तचाप होना, और जो स्वभाव से अत्यधिक प्रतिस्पर्धी या आक्रामक होना जैसे कारक भी होते हैं।

ज्यादातर मामलों में, इसके लिए उपचार अनिवार्य नहीं है, और लोगों की दृष्टि अच्छी बनाए रखते हैं, हालांकि, शायद, उतनी अच्छी न हो जितनी कि पहले हुआ करती थी। सीएसआर अपने आप साफ हो जाता है। हालांकि, अगर ऐसा नहीं होता है और तरल पदार्थ का रिसाव बना रहता है, तो डॉक्टर रिपोर्ट के अनुसार मौखिक दवा लिख सकते हैं।

नियमित रूप से व्यापक आंखों की जांच कराने से आंखों की स्थिति के वे शुरुआती संकेत मिल सकते हैं जो आपकी दृष्टि को जोखिम में डाल सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बहुत से लोगों को पता ही नहीं चलता कि उन्हें मधुमेह या उच्च रक्तचाप है। नियमित चिकित्सा जांच आपको इन स्थितियों को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है ताकि वे कई गंभीर स्थितियों से आपके स्वास्थ्य जोखिम को न बढ़ाएं।

यह अक्सर कुछ महीनों के बाद अपने आप दूर हो जाएगा। कभी–कभी, नेत्र चिकित्सक सीएसआर का इलाज करने का निर्णय ले सकता है यदि यह गंभीर या आवर्ती है। डॉ कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जीवन–शैली में बदलाव नहीं किया गया तो सीएसआर व्यक्ति को जीवन भर के लिए अंधा बना सकता है।

डॉ चावला कहते हैं, आमतौर पर सीएसआर का कोई इलाज नहीं है, सिवाय इसके कि आप अपने तनाव को प्रबंधित करने की कोशिश करें (ध्यान करना, व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन करना, पर्याप्त नींद लेना, तनाव से दूर रहना)।

हालांकि गंभीर सीएसआर के लिए लेजर और लेजर–समर्थित उपचार अधिक सामान्यत: उपयोग किए जाते हैं, मगर नेत्र चिकित्सक कभी–कभी नुस्खा दवाओं का उपयोग करते हैं। यदि आपका सीएसआर दो महीने से अधिक समय के बाद भी ठीक नहीं होता है तो आपके नेत्र चिकित्सक द्वारा उपचार पर विचार करने की अधिक संभावना बन सकती है – तब सर्जरी और विशेषज्ञ द्वारा संचालित प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है।

सीएसआर के सबसे आम उपचार को फोटोडायनामिक थेरेपी कहा जाता है। डॉ चावला कहते हैं, ''जब सेंट्रल सीरस रेटिनोपैथी होती है या दोबारा होती है, तो रेटिना के नीचे तरल पदार्थ के निर्माण का इलाज करने के लिए यह कोल्ड लेजर नामक एक विशेष लेजर का उपयोग करती है। '' डॉक्टर सलाह देते हैं कि नियमित अंतराल पर अपनी आंखों की जांच करवाना सबसे अच्छा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि छोटी–छोटी समस्याओं का भी समय पर पता चलता है और उचित उपचार किया जाता है।

# स्वस्थ माँ, स्वस्थ बच्चा

**स्वस्थ आहार हर समय एक स्वस्थ जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन यह विशेष रूप से आवश्यक है यदि आप गर्भवती हैं या गर्भावस्था की योजना बना रही हैं। इस पर सलाह दे रहा है यूनीसेफ**

**मैं गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार का पालन कैसे करूं?**

पौष्टिक आहार वह है जिसमें प्रत्येक खाद्य समूह–फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन, डेयरी, तेल और वसा– से विभिन्न प्रकार के स्वस्थ खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं।

**गर्भावस्था के दौरान मुझे कौन से विटामिन व खनिजों की आवश्यकता है?**

गर्भावस्था के दौरान आपको जिन प्रमुख विटामिनों व खनिजों को सुनिश्चित करना चाहिए, वे हैं : कैल्शियम, आयरन, आयोडीन, कोलाइन, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन डी, विटामिन बी6, विटामिन बी12, फोलिक एसिड

**मैं कैसे सुनिश्चित कर सकती हूं कि मुझे पर्याप्त फोलिक एसिड मिल रहा है?**

क्योंकि सिर्फ भोजन से 600 एमसीजी फोलिक एसिड प्राप्त करना कठिन है, आपको यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको अपनी जरूरत की हर चीज मिल रही है, कम से कम 400 एमसीजी के साथ दैनिक प्रसवपूर्व विटामिन या फोलिक एसिड सप्लीमेंट लेना चाहिए। यदि आप गर्भावस्था की योजना बना रही हैं, तो जितनी जल्दी हो सके या जैसे ही आपकी गर्भावस्था की पुष्टि हो जाए, इन्हें लेना शुरू कर दें।

आप अपने लिए सही सप्लीमेंट्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें।



**गर्भवती होने पर मुझे किन खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए?**

गर्भवती महिलाएं कुछ खाद्य जनित बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप गर्भावस्था संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान, आपको जिन खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए उनमें शामिल हैं :

- कच्चा, अपाश्चुरीकृत दूध और अपाश्चुरीकृत दूध से बना नरम पनीर। इनमें लिस्टेरिया हो सकता है, यानी वो बैक्टीरिया जो लिस्टरियोसिस नामक बीमारी का कारण बन सकता है।
- वे भोजन, जिनकी सेवन–सीमा तिथि बीत चुकी है, क्योंकि उनमें बैक्टीरिया हो सकते हैं।
- कच्चे और अधपके मांस उत्पाद, जैसे सॉसेज और कोल्ड कट्स। इनमें टोक्सोप्लाज्मा गोंडी जैसे परजीवी या साल्मोनेला या लिस्टेरिया जैसे बैक्टीरिया हो सकते हैं।
- कच्ची मछली और समुद्री भोजन, क्योंकि इनमें उच्च स्तर के बैक्टीरिया व परजीवी हो सकते हैं।
- मछली की जिन किस्मों में पारा अधिक होता है उनसे बचना चाहिए। इसमें अधिकांश शिकारी मछली जैसे शार्क, स्वोर्डफ़िश, मार्लिन और किंग मैकेरल शामिल हैं।
- स्मोक्ड लेकिन बिना पकी मछली जैसे– स्मोक्ड सैल्मन।
- बिना पके अंकुरित बीज, अनाज और बीन्स। कच्चे स्प्राउट्स (जैसे बीन, अल्फाल्फा और मूली स्प्राउट्स, साथ ही रेडी–टू–ईट सलाद) में लिस्टेरिया, साल्मोनेला और ई. कोलाई जैसे हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं।
- कच्चे या अधपके अंडे, जो साल्मोनेला बैक्टीरिया लिए हो सकते हैं।
- जिगर और अन्य मीट के टुकड़े। यद्यपि यकृत अत्यंत आयरन समृद्ध होता है, मगर गर्भवती महिला को विटामिन ए की बहुत अधिक सामग्री और विषाक्तता के संभावित जोखिम के कारण इसका सेवन करने की अनुशंसा नहीं की जाती है।

**गर्भवती के दौरान मैं सुरक्षित रूप से खाद्य पदार्थ कैसे बनाऊं?**

- खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोएं
- खाने के सभी बर्तनों को इस्तेमाल के बाद अच्छी तरह धो लें
- मांस को अच्छी तरह पकाएं
- बिना पकी सब्जियां, सलाद के पत्ते और फल खाने से पहले अच्छी तरह धो लें
- भोजन को उचित तापमान पर स्टोर करें
- खाना पकाने के तुरंत बाद भोजन करें

**गर्भवती होने पर मुझे और कितना खाना चाहिए?**

पहली तिमाही के दौरान, आपको कोई अतिरिक्त अंश खाने की आवश्यकता नहीं है। दूसरी तिमाही में, आपको प्रति दिन अतिरिक्त 340 कैलोरी की आवश्यकता होगी, और तीसरी तिमाही में, एक दिन में लगभग 450 अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता होगी। अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त करने के लिए, हमेशा स्वस्थ नाश्ता करने की कोशिश करें, जैसे कि नट्स, सादा दही और ताजे फल। अपने लिए उपयुक्त योजना तलाशने के लिए, अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें।

**क्या मैं गर्भवती होने पर शाकाहारी या वेजन आहार का पालन कर सकती हूं?**

यदि आप शाकाहारी या वेजन आहार का पालन कर रही हैं, तो यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि आपको पर्याप्त आयरन, जिंक, कैल्शियम और विटामिन बी 12 और डी मिल रहा है। ऐसा समाधान खोजने के लिए जो आपके लिए काम करता है, अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या पंजीकृत आहार विशेषज्ञ / पोषण विशेषज्ञ से बात करें।

# नयी थेरेपी का लक्ष्य 70 साल से अधिक आयुवर्ग में आक्रामक कैंसर का जोखिम घटाना है

**फ्रंटियर्स** इन एजिंग में प्रकाशित एक नए अध्ययन में पाया गया कि विटामिन डी, ओमेगा –3 एस की उच्च खुराक एवं साधारण घरेलू शक्ति व्यायाम कार्यक्रम (एसएचईपी) के संयोजन से 70 या उससे अधिक उम्र के स्वस्थ वयस्कों में कैंसर के जोखिम में 61 प्रतिशत की संचयी कमी देखी गई। आक्रामक कैंसर की रोकथाम के लिए तीन किफायती सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों के साझा लाभ का परीक्षण करने वाला यह पहला अध्ययन है। भावी अध्ययनों के बाद, परिणाम वृद्ध वयस्कों में कैंसर की रोकथाम के भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं। कैंसर को दुनिया भर में उम्र से संबंधित एक प्रमुख बीमारी माना जाता है। यह वृद्ध वयस्कों में मृत्यु दर का दूसरा प्रमुख कारण है और उम्र के साथ अधिकांश कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है।

यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ज्यूरिख के डॉ हेइक बिस्चॉफ-फेरारी के अनुसार, धूम्रपान और धूप से बचाव जैसी निवारक सिफारिशों के अलावा, कैंसर की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास सीमित हैं : ''आज मध्यम आयु वर्ग एवं वृद्ध वयस्कों में निवारक प्रयास काफी हद तक जांच और टीकाकरण के प्रयासों तक सीमित हैं।'' यांत्रिक अध्ययनों से पता चला है कि विटामिन डी कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकता है। इसी तरह, ओमेगा –3 सामान्य कोशिकाओं के कैंसर कोशिकाओं में परिवर्तन को रोक सकता है, एवं व्यायाम को प्रतिरक्षा कार्य में सुधार और सूजन को कम करने के लिए दिखाया गया है, जो कैंसर की रोकथाम में मदद कर सकता है। हालांकि, इन तीन सरल, अकेले या साझे हस्तक्षेपों, की प्रभावशीलता को साबित करने वाले मजबूत नैदानिक अध्ययनों की कमी थी। बिशॉफ-फेरारी और उनके सहयोगी, 70 या उससे अधिक उम्र के वयस्कों में आक्रामक कैंसर के जोखिम पर, दैनिक उच्च खुराक वाले विटामिन डी3 (विटामिन डी की खुराक का एक रूप), दैनिक पूरक ओमेगा –3 एस, और अकेले या साझे, साधारण घरेलू व्यायाम कार्यक्रम के प्रभाव का परीक्षण करके इन ज्ञान अंतराल को भरना चाहते थे। ऐसा करने के लिए, शोधकर्ताओं ने दो–स्वास्थ्य परीक्षण किये: 2,157 प्रतिभागियों के साथ पांच यूरोपीय देशों (स्विट्जरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रिया और पुर्तगाल) में तीन वर्षीय परीक्षण।

बिशॉफ़-फेरारी ने समझाया, ''डू–हेल्थ में, हमारा उद्देश्य विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों से संभावित छोटे योगात्मक लाभों का लाभ उठाते हुए कैंसर की रोकथाम हेतु आशाजनक साझा हस्तक्षेपों का परीक्षण करना था।'' ''वास्तव में, नए कैंसर उपचार का उद्देश्य विभिन्न एजेंटों को मिलाकर कैंसर संभावित कई मार्गों को अवरुद्ध करना है। हमने इस अवधारणा को कैंसर की रोकथाम में रूपांतरित किया है।''

## समर कूलर

**कीवी :** संतरे के मुकाबले कीवी में विटामिन सी की मात्रा बराबर होती है। चूंकि, वे विदेशी फलों की श्रेणी में आते हैं, कीवी स्वाद कलियों के लिए आनंद है। वे गर्मियों के लिए सबसे अच्छे फलों में से एक हैं क्योंकि शरीर पर उनका एक अनूठा शीतलकारी प्रभाव होता है एवं विटामिन ई, पोटेशियम और फाइबर से भी भरपूर होता है। यह फल अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। ये रक्तचाप घटाने, घाव भरने को बढ़ावा देने, आंत्र स्वास्थ्य को बनाए रखने, आदि में मदद कर सकते हैं। यदि बहुत से मुक्त–कण बनते हैं, तो वे ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कोशिका क्षति हो सकती है। इस क्षति से हृदय रोग या कैंसर जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



# तेवतिया-मिलर की साझेदारी से गुजरात गरजा

## रायल चैलेंजर्स बेंगलोर को चार विकेट से हराया

भाषा। मुंबई



**मैन ऑफ द मैच** राहुल तेवतिया (25 गेंद में नाबाद 43) और डेविड मिलर (24 गेंद में नाबाद 39) के बीच पांचवें विकेट के लिए 6.4 ओवर में 79 रन की अटूट साझेदारी से गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को यहां रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को चार विकेट से शिकस्त देकर प्ले ऑफ अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। गुजरात के नौ मैचों में आठ जीत से 16 अंक हो गए है जबकि बेंगलोर के 10 मैचों में पांच जीत से 10 अंक है। बेंगलोर की टीम ने पूर्व कप्तान विराट कोहली (58) के 14 पारियों के बाद लगाए गए अर्धशतक और दूसरे विकेट के लिए रजत पाटीदार (52) के साथ 99 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 170 रन बनाए थे। गुजरात ने तीन गेंद शेष रहते चार विकेट पर 174 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऋद्धिमान साहा (29) और शुभमन गिल (31) ने 51 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन टीम ने 95 रन तक चार विकेट गंवा दिए। इसके बाद तेवतिया ने अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के जबकि मिलर ने चार चौके और एक छक्का जड़ा। बेंगलुरु के लिए चार विकेट स्पिनरों ने लिए वानिंदु हसरंगा ने चार ओवर में 28 रन देकर दो तो वही शाहबाज अहमद ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले कोहली ने 53 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया जबकि पाटीदार ने 32 गेंद की आक्रामक पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। ग्लेन मैक्सवेल ने आखिरी ओवरों में 18 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 33 रन और महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए। गुजरात के लिए सत्र का पहला मैच खेल रहे प्रदीप सांगवान ने चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में साहा और गिल ने पारी के पहले ओवर में मैक्सवेल के खिलाफ चौका जड़कर लक्ष्य का शानदार तरीके से पीछा करना शुरू किया। साहा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में मोहम्मद सिराज के खिलाफ दो चौके जड़े, जिससे छह ओवर के बाद टीम का स्कोर 46 रन हो गया। आठवें ओवर में हसरंगा की गेंद पर पाटीदार ने शानदार कैच लपक कर साहा की 22 गेंद में 29 रन की पारी को खत्म किया। शाहबाज अहमद के अगले ओवर में चौका और छक्का लगाने के बाद गिल पगबाधा हो गए। गिल ने 28 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। इस गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में शानदार लय में चल रहे हार्दिक पंड्या की पांच गेंद में तीन रन की पारी को खत्म कर गुजरात की मुश्किलें बढ़ा दी। अगले ओवर में साई सुदर्शन और मिलर ने हर्षल पटेल के खिलाफ चौके जड़कर रन गति को पटरी पर लाने की कोशिश की लेकिन 13वें ओवर में हसरंगा ने विकेटकीपर अनुज के हाथों कैच कराकर सुदर्शन की पारी को खत्म किया। टीम के मुख्य विकेटकीपर कार्तिक की तबीयत बिगड़ने के कारण रावत विकेट के पीछे मोर्चा संभाल रहे थे। गुजरात ने 14वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया और फिर मिलर ने 15वें ओवर में हसरंगा के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा। गुजरात को आखिरी 30 गेंदों में 58 रन की जरूरत थी।

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पारी** : कोहलीबो शमी 58, डुप्लेसी का साहा बो सांगवान 00,पाटीदार का गिल बो सांगवान 52, मैक्सवेल का राशिद बो फर्ग्युसन 33, अहमद नाबाद 02,लोमरोर का मिलर बो जोसेफ 16,**अतिरिक्त**: (लेग बाईः 05 , वाइडः 02) 07,**कुल योग**: (20 ओवर में छह विकेट पर) 170 रन ,**विकेट पतन**: I-11, 2-110, 3-129, 4-138, 5-150, 6-170,**गेंदबाजी**: शमी 4-0-39-I, सांगवान 4-0-19-2,जोसेफ 4-0-42-I,राशिद 4-0-29-I,फर्ग्युसन 4-0-36-I

**गुजरात टाइटन्स पारी** :साहा का पाटीदार बो हसरंगा 29, गिल पगबाधा शाहबाज 31,सुदर्शन का स्थानापन्न (रावत) बो हसरंगा 20, पंड्या का लोमरोर बो शाहबाज 03, मिलर नाबाद 39, तेवतियानाबाद 43,**अतिरिक्त**: 09,**कुल योग**: (19.3 ओवर में चार विकेट पर) 174 रन,**विकेट पतन**: I-51, 2-68, 3-78, 4-95,**गेंदबाजी**: मैक्सवेल I-0-10-0,सिराज4-0-35-0 हेजलवुड 3.3-0-36-0,शाहबाज 3-0-26-2,हर्षल 4-0-35-0, हसरंगा4-0-28-2

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी चेन्नई सुपरकिंग्स

● मुकाबला आज

भाषा। पुणे

**खराब** फॉर्म से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स की कमान एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी के हाथ में होगी जब उमरान मलिक की तेज गेंदबाज के दम पर आत्मविश्वास से ओतप्रोत सनराइजर्स हैदराबाद से रविवार को उसका सामना होगा। आठ में से छह मैच हारने के बाद रविंद्र जडेजा ने चेन्नई की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया जिससे चार बार के आईपीएल चैम्पियन कप्तान धोनी को फिर बागडोर सौंपी गई है। अब देखना यह यह है कि क्या वह अपने मिडास टच से टीम का मुस्तकबिल बदल पाते हैं। सनराइजर्स के खिलाफ हालांकि यह कर पाना मुश्कल होगा। मलिक इस आईपीएल सत्र की खोज हैं जिन्होंने अपनी रफ्तार से दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों को पस्त किया। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हालांकि हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा लेकिन मलिक ने 25 रन देकर पांच विकेट झटके जो आईपीएल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन से एक था। लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने से यह दाएं हाथ का तेज गेंदबाज मौजूदा आईपीएल में चर्चा का विषय बना हुआ है। जम्मू के इस गेंदबाज ने अभी तक आठ मैचों में 12 के स्ट्राइक रेट से 15 विकेट झटके हैं। लेकिन उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम को पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स से पांच रन का हार का सामना करना पड़ा। रविवार को मलिक चाहेंगे कि उन्हें साथी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, मार्को यानसेन और टी नटराजन से अधिक सहयोग मिले। यानसेन गुजरात के खिलाफ अंतिम ओवर में 22 रन का बचाव करने में विफल रहे जिसमें राशिद खान ने कमाल कर दिया। सनराइजर्स हैदराबाद का टीम प्रबंधन अपने अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर पर काफी निर्भर था लेकिन वह टीम की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके।

## जड़ेजा ने धोनी को फिर चेन्नई सुपर किंग्स की कमान सौंपी



**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी को एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स की कमान सौंप दी गई जब इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र मे खराब प्रदर्शन के बाद अपने खेल पर फोकस करने के लिए रविंद्र जडेजा ने शनिवार को टीम की कप्तानी छोड़ दी। चेन्नई आठ मे से छह मैच हार चुकी है और जडेजा अपने खेल पर फोकस करना चाहते है। चेन्नई को अब रविवार को पुणे मे सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। लीग की शुरूआत मे भारत के सबसे भरोसेमंद हरफनमौला जडेजा को चेन्नई की कमान सौंपी गई थी लेकिन वह धोनी के साए से निकल ही नही सके। सीएसके ने एक बयान मे कहा , रविंद्र जडेजा ने कप्तानी छोड़कर अपने खेल पर ध्यान देने का फैसला किया है। उन्होंने एम एस धोनी से टीम की कप्तानी का आग्रह किया है। धोनी ने वृहद हितो को देखते हुए इस अनुरोध का मान लिया है ताकि जडेजा अपने खेल पर फोकस कर सकें। कप्तानी के दबाव से जडेजा का खेल भी प्रभावित हुआ है और वह आठ मैचो मे 112 रन ही बना सके जबकि उनकी झोली मे पांच ही विकेट गिरे। चेन्नई ने पिछले साल धोनी की कप्तानी मे चौथा आईपीएल खिताब जीता था। अब धोनी भविष्य के लिए किसी और को तैयार करना चाहते थे तो दूसरे सबसे सीनियर खिलाड़ी जडेजा को चुना गया। जडेजा शुरू ही से इस भूमिका मे सहज नही दिखे। इसके अलावा धोनी की शख्सियत का करिश्मा कुछ ऐसा है कि सौराष्ट्र के इस क्रिकेटर की राह और मुश्किल हो गई।

## ईस्ट बंगाल ने रहमान के साथ तीन साल का करार किया

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने शनिवार को 24 साल के प्रतिभाशाली मिडफील्डर मोबाशीर रहमान से करार करने की घोषणा की, जो इंडियन सुपर लीग शील्ड विजेता टीम जमशेदपुर एफसी की टीम के साथ थे। टाटा फुटबॉल अकादमी से प्रशिक्षण लेने वाले रहमान ने आईएसएल में जमशेदपुर फ्रैंचाइजी के लिए 53 मैच खेले है। वह पिछले सत्र मे टीम के लिए 13 मैचो मे मैदान पर उतरे थे। क्लब से यहां जारी बयान मे कहा, ईस्ट बंगाल ने रहमान को तीन साल का करार किया है।

## एशियाड की गोल्फ स्पर्धा में भाग लेंगे मदप्पा-राशिद, अवनी

**बेंगलुरु ।** भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा और राशिद खान ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों की गोल्फ स्पर्धा के लिए अपने स्थान पक्के किए। महिलाओ के वर्ग मे एमेच्योर अवनी प्रशांत ने एशियाड के लिए टिकट कटाया। उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अंतिम दौर मे एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह जाह्नवी बक्शी से आगे रही। मदप्पा का पांच दौर मे स्कोर 66-68-71-69-67 रहा जिनमे से सर्वश्रेष्ठ चार कार्ड को गिना गया। इससे उनका कुल स्कोर 18 अंडर 270 रहा। राशिद ने 68-73-67-66-71 के कार्ड खेले जिससे उनका सर्वश्रेष्ठ चार दौर का स्कोर 16 अंडर 272 रहा। पुरुष वर्ग मे अनिर्बान लाहिड़ी और शुभंकर शर्मा पहले ही अपनी विश्व रैंकिंग के चलते जबकि अदिति अशोक और त्वेसा मलिक पहले ही विश्व रैंकिंग के आधार पर सीधे क्वालीफाई कर चुके है।

## के एल ब्रांड एंबेसडर बने

**नई दिल्ली।** पुरुषों के प्रीमियम इनर वियर और कम्फर्ट वियर लेबल, एक्स वाई एक्स एक्स, ने भारतीय क्रिकेट के एक्स्ट्राऑर्डिनरी प्लेयर केएल राहुल को इनर वियर और लाउंज वियर कैटेगरी के लिए अपना पहला एंबेसडर बनाया ।इस नवीनतम माइलस्टोन पर एक्स वाई एक्स एक्स संस्थापक. योगेश काबरा कहते है केएल राहुल एक संवेदनशील भारतीय क्रिकेटर हैं, जिन्होंने हमेशा अपनी कड़ी मेहनत से अनेक उपलब्धियों को हासिल किया है । वह ब्रांड पर स्वयं के विश्वास का उदाहरण देता है । विश्व स्तरीय खिलाड़ी होने के अलावाए केएल राहुल समझदार भारतीय युवा व्यक्ति का भी आदर्श अवतार हैंए जो पिच पर और पिच के बाहर दोनों जगहों पर वास्तविक रूप में दिखाई देता है । हमें अपने पहले ब्रांड एंबेसडर के रूप में इससे अधिक आदर्श व्यक्ति नहीं मिल सकता था। एक्स वाई एक्स एक्स का ओमनी चैनल अप्रोच टियर 1, 2 और 3 बाजारों में उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

## हमारी टीम में कोई बड़ा या छोटा नहीः हार्दिक

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे अपने पहले सत्र मे शानदार प्रदर्शन कर रही गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनकी टीम मे कोई बड़ा -छोटा नही है और सभी खिलाड़ी बराबर है।पीठ मे चोट के कारण हार्दिक यूएई मे टी20 विश्व कप के बाद से भारतीय टीम से बाहर है। उनकी अगुवाई मे हालांकि गुजरात की टीम ने नौ मैचो मे आठ मे जीत दर्ज की। टीम ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराकर प्ले ऑफ मे अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है।

# बटलर के 67 रन से रॉयल्स के छह विकेट पर 158 रन



भाषा। मुंबई

## मुंबई के खिलाफ मुकाबला

**शानदार फॉर्म** में चल रहे जोस बटलर के 52 गेंद में 67 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को आईपीएल के मैच में छह विकेट पर 158 रन बनाए। बटलर हालांकि शुरूआत में चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखे लेकिन आफ स्पिनर रितिक शौकीन को लगातार चार छक्के जड़कर उन्होंने रनगति को बढाया। वह 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर डीप में कैच देकर लौटे। पिछले मैचों में किफायती गेंदबाजी करने वाले शौकीन ने तीन ओवर में 47 रन दे डाले जिसमें छह छक्के शामिल थे। अब तक नौ मैचों में 566 रन बना चुके बटलर का स्ट्राइक रेट 155 प्लस और औसत 70 से ऊपर का है। मुंबई के गेंदबाजों ने आज बेहतर प्रदर्शन किया और अपना पहला मैच खेल रहे कुमार कार्तिकेय ने काफी प्रभावी स्पैल डाला। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज रिले मेरेडिथ ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने 20वें ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। कार्तिकेय ने चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को पवेलियन भेजा जो शौकीन को दो छक्के जड़ चुके थे। कार्तिकेय ने 24 गेंदों में सिर्फ एक चौका दिया जो उनकी काफी प्रभावित करने वाला प्रदर्शन है। रॉयल्स के लिए बटलर के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। रविचंद्रन अश्विन ने आखिर में नौ गेंदों में 21 रन बनाए जो आखिर में काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स पारी** : बटलर का यादव बो शौकीन 67,पडिक्कल का पोलार्ड बो शौकीन 15, सैमसन का डेविड बो कार्तिकेय 16,मिशेल का शर्मा बो सैम्स 17, हेटमाएर नाबाद 6,पराग का सैम्स बो मेरेडिथ 3,अश्विन का किशन बो मेरेडिथ 21,बोल्ट नाबादI, **अतिरिक्त** : 12 रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे छह विकेट पर 158 रन, **विकेट पतन** :1-26, 2-54, 3-91, 4-126, 5-130, 6-155, **गेंदबाजी** :बुमराह 4-0-27 -0, सैम्स 4 -0- 32-I, शौकीन 3- 0 -47-2, मेरेडिथ 4- 0-24-2, कार्तिकेय 4- 0 -19-I, पोलार्ड I-0- 8- 0

# राहुल पर अत्यधिक निर्भरता कम करना चाहेगी लखनऊ

भाषा मुंबई

● दिल्ली की निगाहें बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन पर

**दिल्ली कैपिटल्स** उम्मीद करेगी कि रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में उसके बल्लेबाज पिछले मुकाबले की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करें जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स अपने कप्तान केएल राहुल पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने के लिए बेताब होगी। दिल्ली की टीम के लिए कोविड-19 के मामले आने और नो-बॉल विवाद से कुछ हफ्ते काफी मुश्किल रहे। लेकिन कप्तान ऋषभ पंत और उनकी टीम ने इससे बाहर निकलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स पर चार विकेट से जीत दर्ज की। इससे टीम का मनोबल बढ़ा और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है। हालांकि उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना और छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्यक्रम का चरमराना चिंता का विषय होंगे। डेविड वॉर्नर ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है लेकिन साथी सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव अच्छी शुरूआत को लंबी पारी में नहीं बदल सके हैं। टीम ने तीसरे नंबर पर कई बल्लेबाजों को आजमाया जिसमें कप्तान पंत भी शामिल हैं लेकिन अभी तक उसे इस स्थान के लिए उचित खिलाड़ी नहीं मिल सका है। मिशेल मार्श कोविड-19 के बाद पृथकवास पूरा करने के बाद लौट चुके हैं और इस आस्ट्रेलियाई आल राउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पंत खुद भी विस्फोटक पारी नहीं खेल पाए हैं, जिसके लिए वह मशहूर हैं। उन्हें आल राउंडर ललित यादव, शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल के साथ अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी। पंत की कप्तानी को लेकर भी कुछ आलोचना हुई जिन्होंने कुलदीप यादव को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चौथा ओवर गेंदबाजी करने को नहीं दिया जबकि उन्होंने तीन ओवर में 14 रन देकर चार विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया था।

## इझिलारसी, नरवाल, पलक एयर पिस्टल चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहे

भाषा। नई दिल्ली

**तमिलनाडु** की एस इझिलारसी शनिवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में विजेता बनी जबकि हरियाणा की शिखा नरवाल ने जूनियर वर्ग में जीत हासिल की। युवा वर्ग में हरियाणा की पलक ने स्वर्ण पदक के मैच में राज्य की अपनी साथी रिदम सांगवान को 17-9 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इझिलारसी ने यहा डॉ कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में स्वर्ण पदक के मुकाबले में 16 का स्कोर कर पलक (12) को मात दी। उत्तर प्रदेश की युविका तोमर 248.9 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं जबकि हरियाणा की रिदम 248.4 के कुल स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। शिखा सीनियर वर्ग में 196.4 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। इससे पहले क्वालीफिकेशन में पलक (253.5 अंक) शीर्ष स्थान पर थी जबकि इझिलारसी (252.2 अंक) दूसरे स्थान पर थी।

# बीसीसीआई ने रणजी नॉकआउट के कार्यक्रम में बदलाव किया, सभी मैच दो दिन बाद शुरू होंगे



भाषा। नई दिल्ली

**बीसीसीआई** (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने रणजी ट्राफी के सभी नॉकआउट मैच दो दिन की देरी से शुरू कराने का फैसला किया है जिससे अब क्वार्टरफाइनल छह जून से आरंभ होंगे और प्रीमियर घरेलू प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला 22 जून से शुरू होगा। बीसीसीआई के अपनी राज्य इकाईयों को भेजी गई सूचना के अनुसार दो सेमीफाइनल अब 12 जून के बजाय 14 जून से शुरू होंगे। फाइनल बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। बंगाल, झारखंड, मुंबई, उत्तराखंड, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश ने प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया है। रणजी ट्राफी का लीग चरण मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के शुरू होने से पहले खेला गया था। बीसीसीआई ने अभी कार्यक्रम में बदलाव के कारण की घोषणा नहीं की है।

# खेल मंत्रालय ने जूडो खिलाड़ियों की तैयारी के लिए अनुदान जारी किया

भाषा। नई दिल्ली

**खेल मंत्रालय** ने हाल ही में राष्ट्रीय महासंघ की मान्यता समाप्त करने के बाद इस साल के एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए भारत के जूडो खिलाड़ियों के लिए पांच करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है।

मंत्रालय ने फरवरी 2022 में नए सिरे से चुनाव कराने के विफल रहने के बाद 22 अप्रैल को भारतीय जूडो महासंघ की मान्यता रद्द कर दी थी। महासंघ के मान्यता के रद्द होने के बाद 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे जूडो खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई। मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने हालांकि देश के पूर्व दिग्गज जूडो खिलाड़ियों की एक समिति का गठन किया। यह समिति एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय तैयारी शिविर का आयोजन करेगी जो एक मई से शुरू होगा। साइ के एक बयान के अनुसार 112 एथलीट इस शिविर का हिस्सा होंगे। ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता कावास बिलिमोरिया, ओलंपियन संदीप बयाला, ओलंपियन सुनीत ठाकुर, जूडो मास्टर्स अरुण द्विवेदी और योगेश के धडवे इस समिति के सदस्यों में शामिल हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए राष्ट्रीय शिविर क्रमशः एनआईएस पटियाला और नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। साइ से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रत्एक भार वर्ग से शीर्ष चार एथलीटों को चुनने के लिए राष्ट्रीय शिविर के दौरान महिला टीम के लिए 23 और 24 मई तथा पुरुष टीम के लिए 25 और 26 मई को दूसरा चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

## कोलिंस व ओसाका मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में




**मैड्रिड।** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने शुक्रवार को यहां मैड्रिड ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर अनास्तासिया पोटापोवा पर 6-3 6-। की आसान जीत दर्ज की। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने अवसाद का हवाला देते हुए पिछले साल फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया था। आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंची डेनियल कोलिंस ने 2016 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मोनिका पुईग पर 7-5 6-0 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। जेसिका पेगुला और मारिया सकारी ने भी अपने मुकाबले जीते।

## जैड्सचुल्प ने बीएमडब्लू ओपन के अंतिम आठ मैच में रूड को हराकर उलटफेर किया

**म्यूनिख।** बॉटिक वैन डे जैड्सचुल्प ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड को यहां 7-5, 6-। से हराकर बीएमडब्ल्यू ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने पिछले साल अमेरिकी ओपन में भी रुड को भी हराया था। जैड्सचुल्प का सेमीफाइनल में मुकाबला सर्बियाई खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविक से होगा, जिन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त निकोलोज बेसिलशविली को 7-6, 6-2 से हराया। बुधवार को अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर उलटफेर करने वाले होल्गर रूने ने एमिल रुसुवुओरी पर 6-0, 6-2 की आसान जीत से सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

## खुश हूं लेकिन संतुष्ट नहीं : अर्शदीप



**पुणे।** अर्शदीप सिंह ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नौ मैचों में महज तीन विकेट चटकाए हैं लेकिन पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज का अंतिम ओवरों में प्रदर्शन शानदार रहा है जिससे कई क्रिकेट विशेषज्ञ उन्हें भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने की बात भी कर रहे हैं। बांए हाथ का यह तेज गेंदबाज हालांकि अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स के शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स से 20 रन से हारने के बाद कहा, मैं खुश हूं लेकिन एक खिलाड़ी कभी भी संतुष्ट नहीं होता।

## पुजारा ने लगातार दूसरे मैच में दोहरा शतक जड़ा

**होव (ब्रिटेन)।** भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के लिए लय हासिल करने की कोशिश में इंग्लैंड गए चेतेश्वर पुजारा ने लगातार दूसरे मैच में ससेक्स के लिए दोहरा शतक लगाया। डरहम के खिलाफ काउंटी चैम्पियनशिप के दूसरे डिवीजन के इस चार दिवसीय मैच में पुजारा शनिवार को 334 गेंद में 203 रन बनाकर आउट हुए। दिन की शुरूआत 107 रन से करने वाले इस दिग्गज बल्लेबाज ने अपनी पारी में 24 चौके जड़े। उनके दोहरे शतक की मदद से ससेक्स ने 538 रन बनाकर पहली पारी में 315 रन की बढ़त हासिल कर ली। डरहम की पहली पारी 223 रन पर सिमटी थी। टीम में वापसी की राह देख रहे पुजारा का पांच पारियों में यह तीसरा शतक है। उन्होंने इस दौरान ससेक्स के साथ अपने पदार्पण मैच में छह और नाबाद 201 रन बनाए थे जिससे टीम ने डर्बीशर के खिलाफ फॉलोऑन मिलने के बाद मैच ड्रॉ कराया।

# सिंधू ने बैडमिंटन एशिया में कांस्य पदक जीता

भाषा। मनीला (फिलीपींस)

● जापान की अकाने यामागुची से 21-13 19-21 16-21 से मुकाबले में हार मिली



**ओलंपिक** में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू को शनिवार को यहां जापान की अकाने यामागुची से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार मिली जिससे इस भारतीय खिलाड़ी ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप (बीएसी) में अपना अभियान कांस्य पदक से समाप्त किया। सिंधू ने अच्छी शुरूआत की लेकिन वह इस लय को जारी नहीं रख सकी और एक घंटे छह मिनट तक चले सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-13 19-21 16-21 से हार गईं। यह इस टूर्नामेंट में सिंधू का दूसरा पदक है, उन्होंने 2014 गिमचियोन चरण में भी कांस्य पदक जीता था। हैदराबाद की खिलाड़ी ने पहला गेम 16 मिनट में आसानी से जीत लिया था। दूसरे गेम में चौथी वरीय सिंधू पर अंक के बीच में ज्यादा समय लेने के लिए एक अंक की पेनल्टी लगाई गई जिससे रैफरी के साथ उनकी बहस हो गई। इस बहस से लय टूट गई और यामागुची ने मुकाबला बराबरी पर ला दिया। जापान की खिलाड़ी ने लय हासिल कर ली और सिंधू को वापसी का मौका नहीं दिया।

निर्णायक गेम में सिंधू शुरू से ही पिछड़ रही थीं। अंत में यामागुची ने पांच मैच प्वाइंट हासिल कर अंक जुटाए। अब सिंधू और यामागुची के बीच जीत का रिकॉर्ड 13-9 हो गया है। सिंधू की हार से भारत की व्यक्तिगत महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में चुनौती भी समाप्त हो गई।

## विश्व चैम्पियनशिप के लिए चुनी गई आठ सदस्ईय भारतीय टीम

भाषा। नई दिल्ली

**यूनान के** हेराकलायन में रविवार से शुरू होने वाली आईडब्ल्यूएफ जूनियर पुरूष और महिला विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में भारत की आठ सदस्ईय टीम हिस्सा लेगी। भारतीय टीम में छह महिलाएं और दो पुरूष भारोत्तोलक शामिल हैं। उनके साथ चार कोच, एक मैनेजर अब्राहम काया टेची (भारतीय भारोत्तोलक महासंघ के उपाध्यक्ष) और एक रैफरी हंसा शर्मा (द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त) भी जाएंगे। अंजलि पटेल और हर्शदा शरद गौड़ महिलाओं की 45 किग्रा में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के पिछले चरण में अचिंता शेयूली ने सात राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर 73 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था।